राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 28
लखनऊ, शुक्रवार 26 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





लोकतंत्र में कभी खराब नहीं हो सकती विधायिका : सतीश महाना 03

कलुआ गिरोह के सरगना को आजीवन कारावास 10


## पंचमं स्कन्दमाता



**सिंहसनगता नित्यं पद्मश्रितकरद्वया। शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥**

नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता की पूजा का दिन होता है। माना जाता है कि इनकी कृपा से मूर्ख भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। इनका वाहन सिंह है। इनकी उपासना से भक्त की सारी इच्छाएं पूर्ण होती है।

## -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
| --- | --- |
| 24 कैरेट | = 1,14,590/ |
| 22 कैरेट | = 1,05,050/ |
| 18 कैरेट | = 85,980/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,40,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### लेह लद्दाख में लगा कर्फ्यू व हिरासत में लिए गए 50 लोग

**लेह।** हिंसा प्रभावित लेह में बृहस्पतिवार को पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराए जाने के दौरान कम से कम 50 लोगों को हिरासत में लिया गया। लेह में एक दिन पहले व्यापक झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी और 80 से अधिक लोग घायल हो गए थे। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर बुधवार को यहां जारी आंदोलन हिंसक हो गया था और इस दौरान सड़कों पर आगजनी और झड़पें हुई। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर जारी आंदोलन के हिंसक रूप लेने के बाद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 15 दिन से जारी अपनी भूख हड़ताल बुधवार को समाप्त कर दी थी। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) की युवा शाखा ने विरोध प्रदर्शन और बंद का आह्वान किया था क्योंकि 10 सितंबर से 35 दिन की भूख हड़ताल पर बैठे 15 लोगों में से दो की हालत मंगलवार शाम बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### एलेविटा मिसेज इंडिया वर्ल्ड के फाइनल में पहुंची लकड़ा

**रांची।** झारखंड की बेटी तृप्ति कुमारी लकड़ा ने एक बार फिर अपने जज़्बे और मेहनत से राज्य का नाम रोशन किया है। उनका चयन एलेविटा मिसिज़ इंडिया वर्ल्ड 2025 के अंतिम चरण के लिए हुआ है, जिसे मिसेज वर्ल्ड जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता का आधिकारिक भारतीय चयन द्वार माना जाता है। उपलब्धि पर रांची के पिस्का स्थित अपने आवास पर गुरुवार को मीडिया से बात करते तृप्ति ने कहा कि यह मंच केवल सौंदर्य का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और उद्देश्य का है। वे कहती हैं हर महिला यह महसूस करे कि वह असीमित है। पशु-पक्षियों, विशेषकर कुत्तों के प्रति उनके गहरे लगाव ने उन्हें डर्टी पॉज़ नामक ब्रांड की स्थापना करने के लिए प्रेरित किया।

### मनरेगा की 65 फीसदी राशि जल संरक्षण पर होगी खर्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने गुरुवार को कृषि भवन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत 'जल सुरक्षा पर राष्ट्रीय पहल' का शुभारंभ किया। ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव शैलेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे, वहीं केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी तथा जिला कलेक्टर्स सहित ग्रामीण ब्लॉकों के प्रतिनिधि एवं जल संरक्षण से जुड़े गणमान्यजन बड़ी संख्या में वर्चुअल जुड़े थे। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मनरेगा के अंतर्गत जल सुरक्षा को एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया है, देश के जल-संकटग्रस्त ग्रामीण ब्लॉकों में जल-संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम की अनुसूची में संशोधन किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रेटर नोएडा में स्थित एक्सपो मार्ट में पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन करते हुए कहा

# डिफेंस कॉरिडोर से रक्षा क्षेत्र में भारत बन रहा आत्मनिर्भर

**▸ भारत और उत्तर प्रदेश में इन्वेस्ट करें देश व विदेश के उद्योगपति**

समृद्धि न्यूज



**गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से ग्रेटर नोएडा में स्थित एक्सपो मार्ट में पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने देश-विदेश के उद्योगपतियों से भारत और उत्तर प्रदेश में इन्वेस्ट करने का आह्वान किया। उन्होंने देसी ट्रेडर्स को स्वदेशी उत्पाद के मंत्र को अपनाने की अपील की है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्सपो मार्ट परिसर में एक सभा को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने भारत, खासकर उत्तर प्रदेश में जिस तरह से देश-विदेश के उद्योगपति निवेश कर रहे हैं, इससे भारत की आर्थिक क्षमता काफी मजबूत होगी। उन्होंने देश-विदेश के उद्योगपतियों से आह्वान किया कि वे भारत और उत्तर प्रदेश में इन्वेस्ट करें। भारत में उद्योग लगाने का माहौल बना है। प्रधानमंत्री ने जीएसटी रिफॉर्म का जिक्र करते हुए कहा की नई जीएसटी रिफॉर्म से उद्योग धंधे, किसान, गरीब, मजदूर, बच्चों सबको फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कई गुना टैक्स आम नागरिकों को देना पड़ता था, जो अब काफी कम हो गया है। उन्होंने जिन वस्तुओं पर टैक्स कम हुआ है उसका उदाहरण देकर उपस्थित लोगों को समझाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सेनाएं स्वदेशी हथियार की लगातार मांग कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है, जहां पर ब्रह्मोस मिसाइल से लेकर रक्षा से संबंधित कई उपकरण बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूस के सहयोग से उत्तर प्रदेश में स्वचालित राइफल का निर्माण जल्द ही शुरू हो रहा है। उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि व्यापारिक/कारोबार में होने वाली जिन छोटी-छोटी गलतियों पर आपके खिलाफ केस होता था, ऐसे सैकड़ो कानून को उनकी सरकार ने खत्म कर दिया है। उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि आपसे मेरी कुछ अपेक्षाएं भी है। उन्होंने कहा कि भारत में बनने वाला उत्पाद बेस्ट क्वालिटी का होना चाहिए। मोदी ने कहा कि आज देशवासियों के मन में यह बात आई है की स्वदेशी उत्पादों की क्वालिटी में लगातार सुधार हो रहा है। क्वालिटी से कोई भी कंप्रोमाइज नहीं होना चाहिए। देश का हर नागरिक स्वदेशी से जुड़ रहा है। वह स्वदेशी उत्पाद खरीदना चाहता है। हमारे ट्रेडर्स को भी इस मंत्र को अपनाना है। जो भारत में उपलब्ध है उसे प्राथमिकता देनी है। आपकी हर मदद के साथ यूपी सरकार और भारत सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर विकसित भारत और विकसित यूपी बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने उद्योगपतियों से कहा कि हमें रिसर्च इन्वेस्टमेंट कई गुना बढ़ाना है। इसके लिए सरकार ने जरूरी कदम उठाए है। रिसर्च में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट के लिए सबको आगे आना होगा। यह समय की मांग है। हमें स्वदेशी रिसर्च का स्वदेशी डिजाइन और डेवलपमेंट का पूरा ईको सिस्टम बनाना है। इन्वेस्टमेंट के लिए हमारा उत्तर प्रदेश भी अद्भुत संभावनाओं से भरा हुआ है। बीते कुछ वर्षों में यूपी में कनेक्टिविटी की जो क्रांति हुई उसने लॉजिस्टिक्स कास्ट को बहुत कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला प्रदेश बन चुका है। यह सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला प्रदेश भी है। दो बड़े डेडीकेटेड कारिडोर भी यहा से जुड़ेहैं। यूपी के अनेक जिलों के प्रोडक्ट इंटरनेशनल मार्केट में पहुंच रहे है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कई नए नई रिकॉर्ड बना रहा है। यूपी इलेक्ट्रॉनिक और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग सेक्ट का हब बन गया है। एक बड़ी सेमीकंडक्टर फैक्ट्री मे काम शुरू होने वाला है।

इस अवसर पर यूपी के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र सिंह, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, महिला और बाल विकास विभाग की मंत्री बेबी रानी मौर्या, उत्तर प्रदेश के ऊर्जा और नगर विकास के मंत्री एकके शर्मा, मंत्री डॉ संजय निषाद, परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह, व्यावसायिक और कौशल विकास के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, समाज कल्याण, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह, सांसद महेश शर्मा, सांसद सुरेंद्र नागर और कई देशों के एंबेसेडर मौजूद रहे।

### जीएसटी में कमी के लिए पीएम का आभार : योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म के उत्तर प्रदेश में आगमन पर दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मैं उत्तर प्रदेश के नागरिकों की ओर से हृदय से स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि जीएसटी में कमी कर नागरिकों को दीपावली का बेहतरीन उपहार देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार। प्रधानमंत्री ने जीएसटी रिफॉर्म के माध्यम से बहुत ही महत्वपूर्ण क्रांतिकारी कदम उठाया है। उन्होने कहा कि लघु उद्योग, हस्तशिल्प, और कारपेट उद्योग में उत्तर प्रदेश भारत में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से सभी तबके के लोगों को नया जीवनदान मिला है। इससे उद्योग और व्यापार जगत को काफी फायदा होगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में उत्तर प्रदेश के परंपरागत उद्योग व उत्पाद को जिनकी संख्या 96 हजार है, उनको आगे बढ़ाने का कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से दो करोड़ से अधिक नागरिक और युवा रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि के बाद लघु उद्योग रोजगार का उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक रोजगार परक क्षेत्र है। उत्तर प्रदेश में बड़े उद्योगों के लिए लैंड बैंक तैयार कर इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश ने देश विदेश से निवेशको अपने यहां आमंत्रित किया है। यहां पर निर्माण,उत्पाद और रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि हर जनपद में 100 एकड़ क्षेत्रफल में इंडस्ट्रियल क्षेत्र विकसित करने की सरकार ने योजना बनाई है। जिसमें लघु उद्योग, स्किल डेवलपमेंट, खादी ग्रामोद्योग और बैंकों के कार्यालय को स्थापित करने के लिए जगह दी।

### उत्तर प्रदेश में सड़क, रेल, हवाई मार्ग से कनेक्टिविटी आई

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़क, रेल, हवाई मार्ग से कनेक्टिविटी आई है। यह अग्रणी पंक्ति में खड़ा है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था चुस्त है। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों का निर्भरता को कम करना और स्वदेशी साधनों का बेहतर उपयोग आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए बहुत जरूरी है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व हम सबको प्राप्त हो रहा है। उसके कारण आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से उभर कर भारत के अग्रणी प्रदेश और विकसित भारत के ग्रोथ इंजन मे अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निर्वहन कर रहा है।

## भारतीय सेना की जासूसी कर रहा आईएसआई का जासूस गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान की सीआईडी इंटेलिजेंस ने एक बड़ी कार्रवाई में जैसलमेर से एक जासूस हनीफ खान को गिरफ्तार किया है। वह पैसों के लालच में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए भारतीय सेना से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं भेज रहा था। पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी (सुरक्षा) डॉ. विष्णुकांत ने बताया कि सीआईडी इंटेलिजेंस राजस्थान की टीम राज्य में जासूसी गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही थी। इसी दौरान उन्हें हनीफ खान (47) निवासी बासनपीर जुनी थाना सदर हाल बाहला थाना पीटीएम मोहनगढ़ जैसलमेर की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। जांच में सामने आया कि वह सोशल मीडिया के जरिए लगातार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में था।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में किया दर्शन-पूजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** महाराजा एक्सप्रेस से गुरुवार सुबह मथुरा के वृंदावन पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह निधिवन पहुंचीं। यहां वृक्षों की पूजा की। इस बीच उनके दौरे को लेकर स्थानीय पुलिस पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद और सतर्क है।

राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार सुबह 8 बजे दिल्ली से रवाना हुईं थीं। करीब डेढ़ घंटे बाद यानी 10 बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पहुंचीं। ट्रेन के 18 में से 12 कोच राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए रिजर्व रखे गए थे। इनमें प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट,



रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार शामिल हैं। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने शहरभर में प्रतिबंधित मार्गों पर दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक दुकानों को बंद रखने की अपील की है। 12वीं तक के स्कूल-कॉलेज भी बंद रखा गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति मुर्मू 7 घंटे मथुरा-वृंदावन में रुकेंगी। इस दौरान वह कई धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए जाएंगी। मुर्मू श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं।

## रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल प्रक्षेपण

**नयी दिल्ली।** भारत ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया है। अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिज़ाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया अपनी तरह का यह पहला प्रक्षेपण बिना किसी अतिरिक्त प्रणाली के रेल नेटवर्क पर कार्य करने की क्षमता रखता है। इससे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपण की सुविधा मिलती है।

## भारत में अवैध रूप से रहने में गिरफ्तारी पर रोक

**▸ अध्यापिका शुमायला खान की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारत में अवैध रूप से रहने व पाकिस्तान की नागरिक होने के मामले में आरोपी अध्यापिका शुमायला खान की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा एवं न्यायमूर्ति अब्दुल शाहिद की खंडपीठ ने शुमायला खान की याचिका पर सुनवाई के बाद दिया।

बरेली में एक प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2015 से बतौर अध्यापिका पढ़ा रहीं शुमायला खान ने याचिका में गत जनवरी माह में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। इस मामले में शुमायला खान पर आरोप लगाया गया है कि वह पाकिस्तान की नागरिक हैं और भारत में अवैध रूप से निवास कर रही हैं। साथ ही बरेली के फतेहगंज ब्लॉक के मदहोपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत है और वह फर्जी निवास प्रमाण पत्र के आधार पर कार्यरत है। याची की ओर से तर्क दिया गया कि निवास प्रमाण पत्र के निरस्तीकरण के खिलाफ याची ने पहले ही एक याचिका कर रखी है, जिसमें सुनवाई भी हो चुकी है। इस पर खंडपीठ ने इस मामले को सम्बंधित याचिका के साथ सुनवाई के लिए पेश करने का निर्देश दिया। साथ ही अगली सुनवाई तक याची की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी।

### निर्धारित सेवा पूरी न करने के कारण ग्रेच्युटी पाने का अधिकार नहीं

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नौ माह 11 दिन की सेवा के बाद 60 साल की आयु में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाली सीनियर बेसिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका को ग्रेच्युटी पाने का हकदार नहीं माना और कहा कि 3 फरवरी 23 के शासनादेश से दस साल की सेवा जरूरी है। कोर्ट ने अपनी मां की ग्रेच्युटी की मांग में दाखिल बेटे की याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने मिर्जा इमरान बेग की याचिका पर दिया है। याचिका में बेसिक शिक्षा अधिकारी एटा द्वारा मां की बकाया ग्रेच्युटी भुगतान करने से इंकार करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। याची का कहना था कि उसकी मां ने 60 साल की आयु में स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति की मांग की। जिसे स्वीकार करते हुए उसे 31 मार्च 19 को सेवानिवृत्त कर दिया गया। याची की मां की 23 अप्रैल 19 को मौत हो गई। याची के पिता को ग्रेच्युटी व फेमिली पेंशन के अलावा सभी देयों का भुगतान कर दिया गया।

## ड्रग्स व हथियारों की तस्करी में छह गिरफ्तार, चार किलो हेरोइन बरामद

**▸ पाक तस्कर खेमकरण व फिरोजपुर सेक्टरों में ड्रोन से भेज रहे थे हेरोइन**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सरहद पार से चल रहे बड़े नशा और हथियार तस्करी नेटवर्क के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर गिरोह को निष्क्रिय कर दिया है। इनके पास से 4.03 किलो हेरोइन और 2 अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की गई हैं।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि फिरोज़पुर के गांव मुल्ला रहीमा उतार निवासी जगीर सिंह उर्फ सुच्चा (35), फिरोज़पुर के गांव चाह बोहरिया निवासी अंग्रेज़ सिंह (20), तरनतारन के मस्तगढ़ निवासी गुरप्रीत सिंह (30), तरनतारन के मस्तगढ़ निवासी पलविंदर सिंह (35), फिरोज़पुर की घिननीवाला कैनाल कॉलोनी निवासी लखविंदर सिंह उर्फ लक्की (24) और फिरोज़पुर की नौरंग के स्याल कैनाल कॉलोनी निवासी बलजिंदर सिंह (42) को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद पिस्तौलों में एक 9 एमएम ग्लॉक और एक .30 बोर पिस्तौल शामिल है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्मों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित हैंडलर शाह के संपर्क में थे।

## लुधियाना में लावारिस बैग से विस्फोटक मिला दो लोग हिरासत में

**लुधियाना।** पंजाब में लुधियाना के बस्ती जोधेवाल इलाके में एक बैग की दुकान से संदिग्ध थैले में इम्प्रूवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद हुआ है। पुलिस इस थैले की बुधवार रात से जांच कर रही थी। इसके बाद गुरुवार दोपहर को इसके विस्फोटक होने की पुष्टि की। जिस दुकान से यह थैला मिला, उसके मालिक ने बताया है कि करीब 4 दिन पहले एक संदिग्ध व्यक्ति अटैची खरीदने दुकान पर आया था। उस व्यक्ति ने दुकानदार को 500 रुपए एडवांस दिए और कहा कि वह थोड़ी देर में आकर अटैची ले जाएगा। वह अपने साथ लाया थैला दुकान में ही रख गया। बीती रात जब उस थैले से पेट्रोल की बदबू आई तो दुकानदार ने बिल्डिंग के मालिक को सूचित किया।

## पोस्टल बैलट की गिनती में अगर देरी होती है तो रोक दी जाएगी ईवीएम काउंटिंग : आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को एक नोटिफिकेशन जारी करके नियमों में बदलाव की जानकारी दी। चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती के नियमों में बदलाव किया है। अब पोस्टल बैलट की गिनती में अगर देरी होती है तो ईवीएम काउंटिंग रोक दी जाएगी। साथ ही बैलट ज्यादा होने पर काउंटिंग टेबल भी बढ़ाई जाएंगी।

काउंटिंग के दिन बैलट की गिनती सुबह 8.00 बजे शुरू होती है, जबकि ईवीएम काउंटिंग 8.30 बजे की जाती है। अभी तक यह होता था कि कई सेंटर पर मशीन से काउंटिंग जल्दी पूरी हो




जाती थी, जबकि बैलट में समय लगता था। अब चुनाव आयोग के नए नियम के अनुसार, बैलट की गिनती बाकी होने पर ईवीएम के सेकेंड लास्ट राउंड की काउंटिंग को रोक दिया जाएगा। तब तक बैलट की काउंटिंग को पूरा करना होगा। इलेक्शन कमीशन ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी। नए नियम की शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से होगी।

### भाजपा ने प्रधान को बनाया बिहार का चुनाव प्रभारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को बिहार, पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए। बिहार के लिए मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी जबकि यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को सह-प्रभारी बनाया है। मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को सह प्रभारी बनाया गया है। तमिलनाडु में भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को प्रभारी व मुरलीधर मोहोल को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## आत्मनिर्भर भारत व हर घर स्वदेशी अभियान शुरु

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार से आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी अभियान की शुरुआत की है। यह 25 दिसंबर तक चलेगा। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज से भाजपा आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी अभियान देशभर में व्यापक रूप से शुरू करने जा रही है। यह 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी चीजों के महत्व पर जोर दिया है और उनके आह्वान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से इसे देशभर में बढ़ावा देने का आग्रह किया है।

**डील** — रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये के अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

# 97 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमानों का एचएएल को आर्डर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने गुरुवार को भारतीय वायु सेना के लिए 97 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमानों का ऑर्डर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को दे दिया। यह अनुबंध 62,370 करोड़ रुपये का हुआ है, जिससे 68 लड़ाकू और 29 ट्विन सीटर विमान खरीदे जाएंगे।

यह स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर के लिए सबसे बड़ा ऑर्डर है, क्योंकि 83 एलसीए मार्क-1ए के लिए पिछला ऑर्डर 48 हजार करोड़ रुपये का था।रक्षा मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में



भारतीय वायु सेना के लिए 97 एलसीए एमके-1ए विमानों और संबंधित उपकरणों के लिए एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस सौदे के तहत 68 लड़ाकू और 29 दो सीटों वाले विमान खरीदे जाएंगे। अपग्रेड किये गए एलसीए एमके-1ए में उत्तम एईएसए रडार, स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्ट्यूएटर्स, 64 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री और 67 नए स्वदेशी उपकरण शामिल होंगे। यह परियोजना छह वर्षों में प्रति वर्ष 11,750 रोजगार सृजित करेगी। 2027-28 में इन विमानों की आपूर्ति शुरू हो जाएगी, जिससे भारतीय वायु सेना की क्षमता, आत्मनिर्भर भारत और भारत की रक्षा तैयारियों को बल मिलेगा।

वायु सेना की जरूरतों को देखते हुए तैयार किये जा रहे एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये गए हैं। एचएएल के मुताबिक अब तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 रडार से बेहतर होगा। पहले बैच में इजरायली ईएल/एम-2052 राडार होगा, जबकि बाकी में स्वदेशी उत्तम रडार होगा। तेजस एमके-1ए में इजरायली ईएलएल-8222 जैमर पॉड होगा, जो बीवीआर या एसएएम मिसाइलों के रडार सिग्नल को बाधित करेगा।

### तीन फरवरी 2021 को समझौते पर हुए थे हस्ताक्षर

भारतीय वायु सेना के लिए 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट के सौदे पर 03 फरवरी 2021 को बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हस्ताक्षर हुए थे। इनमें 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर विमान होंगे। वायु सेना को इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायु सेना को सौंप दिया था। वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दी थी। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है।

## विविधता, मांग और नवाचार से देश में बढ़े अवसर : प्रधानमंत्री मोदी

**▸ प्रधानमंत्री मोदी ने 'वर्ल्ड फूड इंडिया-2025' में लिया भाग**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 'वर्ल्ड फूड इंडिया-2025' में भाग लिया। आज से शुरु हुए इस तीन दिवसीय आयोजन में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र, खाद्य स्थिरता और पौष्टिक एवं जैविक खाद्य उत्पादन में भारत की ताकत का प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने दुनियाभर से निवेशकों को देश के खाद्य उद्योग में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत सहयोग और साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। निवेशकों के लिए देश के खाद्य क्षेत्र में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने का यही सही समय है। उन्होंने कहा कि भारत में विविधता, मांग और पैमाने से जुड़ी तीन गुना शक्ति है। आज भारत में हर प्रकार का अनाज, फल और सब्जी की पैदावार हो रही है।

यह विविधता भारत को दुनिया में खास बनाती है। आज भारत जिस स्तर पर काम कर रहा है वह अपने आप में अभूतपूर्व और अप्रत्याशित है। विविधता, बढ़ती मांग और निरंतर नवाचार के गतिशील मिश्रण से भारत वैश्विक अवसरों और निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड लोगों के गरीबी से ऊपर उठने से एक नया मध्यम वर्ग तैयार हुआ है।

# स्वदेशी सप्ताह के रूप में मनायी पं. दीनदयाल जयंती

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।




सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने बोलते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर सन् 1916 को हुआ। जिन्हे पण्डित जी के नाम से जाना जाता है। ये एक भारतीय राजनीतिज्ञ एकात्ममानववाद विचार धारा के प्रस्तावक और राजनीतिज्ञ दल भारतीय जनसंघ के नेता थे। जो भारतीय जनता पार्टी के अग्रदूत थे। इनका जन्म राजस्थान के धनकिया में हुआ था। इनके पिता का नाम भगवती प्रसाद व माता का नाम रामप्यारी था। पं. दीनदयाल की मृत्यु 11 फरवरी 1968 को मुगलसरांय स्टेशन के आसपास हत्या कर दी गयी थी, इस अवसर पर उन्होने सभी छात्र छात्राओ को बताया जब भी हम बाजार जायेगे माल स्वदेशी लायेगे। उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिये जिसमे सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य अरुण कुमार मिश्र एवं रमेश शुक्ल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

## पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती जगह-जगह पर मनाई गई



**मौदहा हमीरपुर।** जन संघ के संस्थापक एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती नगर सहित क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों में मनाते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा ली। जानकारी के अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाते हुए उनके दार्शनिक विचारों को अमल करने की प्रेरणा लिया कि उनका जीवन राष्ट्र सेवा संगठन और समर्पण एवं आदर्शों के मूल्य से भरा रहा अंत्योदय दर्शन आज भी समाज में वंचितों के उत्थान हेतु प्रखर एकात्म वाद भारत की सांस्कृतिक आत्मा को आधुनिक युग की आवश्यकताओं से जोड़ने वाला मार्ग उनके आदर्श से प्रेरित होकर हम सभी को पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की विकास योजनाएं एवं न्याय की रोशनी पहुंचाने के लिए आगे आना चाहिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह हर्षोल्लास के साथ उनकी जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## पारा गांव में मनरेगा योजना से निर्माण कराये जा रहे चकरोड में की जा रही है धांधली



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के पारा गांव में मनरेगा योजना से निर्माण कराए जा रहे चक रोड में धांधली की जा रही है। विकास खंड स्तरीय अधिकारियों की मिली भगत से इस योजना के तहत सैकड़ों मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही हैं। तथा धन का बंदरबांट किया जा रहा है। अभी तक किसी अधिकारी ने कार्य स्थल का भी निरीक्षण नहीं किया हैं। क्षेत्र के पारा गांव में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा योजना से गांव निवासी शंकर सिंह के खेत से प्रहलाद सिंह के खेत तक कच्चा मिट्टी का भराई कार्य चक रोड में कराया जा रहा है। इस कार्य में सैकड़ों मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी लगाई जा रही है। लेकिन मौके पर कार्य होता नहीं दिख रहा है।बुधवार को इस कार्य में 83 मजदूरों की डिमांड लगाई गई थी जिसमें 22 खंती मिट्टी पड़ी है। एक मजदूर एक खंती मिट्टी नहीं खोद पता है।मनरेगा योजना ग्राम पंचायतों के लिए धन उगाही का जरिया बन गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस चक रोड में कुछ मजदूर कभी कभार काम पर आते है। जितने मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही है उतने मजदूरों ने एक भी दिन कार्य नहीं किया है। तथा इसकी जांच के लिए मौके पर कोई ब्लाक स्तरीय अधिकारी मोके पर आज तक नहीं गया हैं। इससे मनरेगा योजना में बड़ा खेल हो रहा हैं। इस निर्माण कार्य के संबंध में डी सी मनरेगा राघवेंद्र सिंह से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी खंड विकास अधिकारी से की जा रही। कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर जांच की जाएगी तथा मजदूरों की हाजिरी अधिक पाई जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### नवरात्र के चतुर्थ दिन मां कुष्मांडा के रूप में बड़ी माता मंदिर में दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़



**पनवाड़ी, महोबा।** पनवाड़ी कस्वा स्थिति मुहाल मातनपुरा में बड़ी माता मंदिर में आज नवरात्र के चतुर्थ दिन भक्ति भाव से उमड़े श्रद्धालु गौरतलब हो कि माता रानी के दरवार में भक्तो के जयकार से गूंज उठा आंगन हर जगह जय जय कार सुनाई दे रहे सुबह शाम माई की आरती में सभी भक्त गणों का भोग लगाया जाता है प्रातः काल महिलाएं मैया को जल चढ़ाने आती है। मैया कुष्मांडा के रूप में जो भक्त माता रानी के लिए जगरात्र एवम पूजा अर्चना करता है उसकी उम्र में इजाफा होता है एवम आरोग्य जीवन वरदान प्राप्त होता है। बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा के द्वारा पहले से ही साफ सफाई एवम उत्तम व्यवस्था करा दी जाती है जिससे भक्तो को कोई दिक्कत न हो। ग्राम प्रधान के द्वारा हर मुहाल में पहले से ही सफाई अभियान चलाकर पूरा गांव स्वच्छ करा दिया जाता है जिससे भक्त को आवजनी में परेशानी न हो आचार्य पंडित सुरेश तिवारी कहते जो नवरात्र में माता रानी की पूजा अर्चना करता है उन्हें माता नौ रूपो में सिद्धिया प्रदान करती है। शाम को मातारानी के दरवार में रमेश चंद्र अग्रवाल, उज्ज्वल अग्रवाल, गौरव वर्मा, आनंद द्विवेदी, अभी मिश्रा, अभी अग्रवाल, अभय उपाध्याय आदि भक्तो के द्वारा आरती उतारी जाती है एवम जयकारे लगाए जाते है पुलिस व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजामात रहते हैं ।

### प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री व आशा के द्वारा श्रमदान किया गया



**कुरारा,हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के टोडरपुर गांव प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा के तहत ग्राम प्रधान के साथ श्रमदान किया गया। जिसमें साफ सफाई की गई क्षेत्र के टोडरपुर गांव में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम प्रधान शकुंतला, केयरटेकर, आंगनवाड़ी कार्यकत्री , आशा आदि व ग्रामीणों द्वारा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण व विद्यालय के बाहर सफाई अभियान चलाकर सफाई के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया स्वच्छता श्रमदान में गांव के लोगों ने भाग लिया।इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री देवकुमारी, पंचायत सहायक रेशु, सफाई कर्मी कमलेश, शिक्षा मित्र अवध बिहारी, कृष्णकुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### डीएल एड के प्राशिक्षुओं ने जिलाधिकारी से परीक्षा केंद्र हमीरपुर में बनाए जाने की मांग की



**हमीरपुर।** डीएल एड प्रशिक्षुओं के परीक्षा केन्द्र हमीरपुर बनाये जाने के सम्बन्ध में हमीरपुर जिले के 6 महाविद्यालयों में डीएल एड की कक्षायें संचालित है, जिसमें लगभग 800 प्रशिक्षु अध्ययनरत है। हम सभी प्रशिक्षु आपको लिखित रूप से अवगत करा रहें है कि हमारा परीक्षा केन्द्र विगत वर्षो से महोबा जनपद में बनाया जा रहा है जबकि पूर्व में परीक्षा केन्द्र हमीरपुर बनाया जाता रहा है। परीक्षा केन्द्र महोबा बनने से परीक्षा देने जाने हेतु आर्थिक एवं शारीरिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विगत वर्षो में प्रशिक्षुओं के साथ दुर्घटनायें घटित हुयी है और अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। भविष्य में प्रशिक्षुओं के साथ ऐसी कोई घटना घटित न हो, इस प्रार्थना पत्र के द्वारा लिखित रूप से परीक्षा केन्द्र हमीरपुर बनाया जाए। भूपेन्द्र सिंह, शिल्पी, सूर्य प्रताप सिंह, नीत प्रयुक्त यादव, प्रतिभा, अंकिता, अंजली जीत शिवहरे, प्रियांश सिंह आदि छात्र उपस्थित रहे।

### सड़क दुघर्टना में कृषक मजदूर की मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** खूनी हाईवे में सड़क दुर्घटना में एक कृषक मजदूर की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मारने लगे वही कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात मदारपुर गांव निवासी रामराज 45 वर्ष पुत्र बन्ना बिटिया की प्रसव पीड़ा होने पर साइकिल में सवार होकर परिजनों को खाना लेकर नरायच गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गया था खाना देकर वापस आते समय साइकिल में सवार कृषक मजदूर को अज्ञात वाहन में जोरदार टक्कर मार कर कुचल दिया। घायल को गंभीर अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे चार लड़कों व एक लड़की को रोता बिलगता छोड़ गया। ग्राम प्रधान अब्दुल्ला ने बताया कि मृतक के एक बीघा जमीन है वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था । गुरुवार की देर रात बिटिया की प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों को भोजन देकर वापस साइकिल से आते समय अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जयंती पर याद किए गए दीनदयाल उपाध्याय

**नरैनी/बांदा।** जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय याद किये गए।विधायक ने कृष्ण नगर वार्ड में बूथ संख्या 64 में अपने समर्थकों के साथ देश के लिए उनके योगदान को याद कर जयंती मनाई। विधायक ओम मणी वर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्री उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष आदित्य चतुर्वेदी, नागेन्द्र, कुलदीप त्रिपाठी, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष राघवेंद्र त्रिपाठी, शक्ति केंद्र संयोजक श्रीकृष्ण सोनी, बूथ अध्यक्ष सुनील पांडे, धीरेन्द्र मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि राकेश दीक्षित, इंद्रपाल कबीर आदि मौजूद रहे।

### प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने किया दुर्गा पण्डालों का निरीक्षण

**अतर्रा/बांदा।** नगर के दुर्गा महोत्सव को लेकर प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की कमल संभालते हुए विभिन्न दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया इस दौरान उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी क्षेत्र अधिकारी प्रवीण कुमार यादव प्रभारी तहसीलदार राजीव प्रताप यादव प्रशिक्षु क्षेत्राधिकार पीयूष कुमार पांडे कोतवाली प्रभारी ऋषि देव सिंह कस्बा इंचार्ज एस आई प्रीत कुमार पांडे प्रेमपाल यादव रमेश कुमार बालमुकुंद शुक्ला दयाशंकर श्रीवास्तव भारी पुलिस बल के साथ पंडालों पर पहुंचकर अधिकारियों ने आयोजकों से सुरक्षा सफाई व्यवस्था बिजली व्यवस्था और अग्निशमन जैसे बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री द्विवेदी ने कहा पंडालों में भीड़ भाड़ के समय शांति और सुरक्षा बनाए रखना प्राथमिक जिम्मेदारी होगी उन्होंने आयोजकों को सीसीटीवी कैमरे के उपयोग व पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने और मुख्य द्वार पर वालंटियर तैनात रखने के निर्देश दिए वही को प्रवीण कुमार यादव ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दे इसके साथ ही क्षेत्राधिकार ने कहा कि किसी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत पुलिस के संपर्क करें और उन्हें हेल्पलाइन नंबर में सूचना दें कोतवाल ऋषि देव सिंह ने कहा कि दुर्गा महोत्सव के दौरान नगर में चौकसी बढ़ा दी गई है पंडालों मैं आने वाले श्रद्धालुओं पर गाड़ी निगरानी रखी जाएगी साथ ही पुलिस बल की टीम दिन-रात ग्रस्त करेगी ताकि किसी तरह की अपनी स्थिति में उत्पन्न हो इसके साथ ही उन्होंने नियम के विरुद्ध लाउडस्पीकर का प्रयोग ट्रैफिक जाम हुआ व्यवस्था बर्दाश्त न करने की बात कही पुलिस की चौकसी को देखकर नगर के लोगों ने हुआ दुर्गा सेवा समिति के लोगों ने सराहना की है।

### शराब पीने के विवाद में बुजुर्ग की पिटाई, इलाज के दौरान मौत

**जसपुरा (बांदा)।** थाना जसपुरा क्षेत्र के गड़रिया (हरिया का डेरा) गांव में शराब पीने के विवाद को लेकर एक बुजुर्ग की पिटाई कर दी गई। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम गड़रिया (हरिया का डेरा) निवासी राम कुमार (उम्र लगभग 50 वर्ष) का दिनांक 20 सितंबर 2025 को रात करीब 8 बजे गांव के ही नकटी पोखरी निवासी बृजमोहन पुत्र छेदुवा से शराब पीने को लेकर कहासुनी हो गई थी। कहासुनी ने जल्द ही झगड़े का रूप ले लिया और बृजमोहन ने राम कुमार के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजन राम कुमार को उपचार के लिए पहले जसपुरा के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से हालत नाजुक देख उन्हें हमीरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान 25 सितंबर 2025 को रास्ते में ही राम कुमार की मौत हो गई। मृतक के पुत्र राहुल कुमार ने थाना जसपुरा में तहरीर देते हुए बताया कि पिता की मौत मारपीट के कारण आई गंभीर चोटों की वजह से हुई है। उन्होंने आरोपी बृजमोहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर संख्या 132/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 105 (हत्या) में मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक प्रवेश कुमार को मामले की जांच सौंपी गई है। थाना प्रभारी अनिल कुमार जसपुरा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बाँदा भेजा दिया गया है । साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। परिजनों ने कहा कि राम कुमार मेहनतकश और शांत प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, और इस घटना से पूरे परिवार को गहरा आघात पहुंचा है।

## बीडीओ ने चलाया स्वच्छता अभियान



- स्वच्छता परववाड़ा के तहत ब्लॉक कार्यालय को किया चकाचक

**भरूआ सुमेरपुर।** जिलाधिकारी के आदेश पर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत विकासखंड कार्यालय के कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी के साथ मिलकर ब्लाक परिसर में साफ सफाई की।खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जिलाधिकारी के आदेश पर आगामी दो अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार को ब्लॉक कर्मियों के साथ मिलकर खंड विकास अधिकारी ने ब्लाक कार्यालय प्रांगण में सघन सफाई अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान ब्लॉक की सभी पंचायतों में भी चल रहा है। सफाई अभियान के दौरान एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर कामिनी पाल, रामसजीवन, नितिन सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीएमओ ने कुरारा सीएचसी का किया निरीक्षण



**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना के समय ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था तथा इस प्लांट से पाइप लाइन द्वारा बेड तक ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था की गई थी। इस प्लांट का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। तथा प्लांट का मॉकड्रिल कराया गया। तथा प्लांट को चलाकर देखा। इस अवसर पर सी एस सी प्रभारी डॉ सुनील कुमार जायसवाल, फार्मासिस्ट योगेन्द्र कुमार, सहित सभी स्टाफ मौजूद रहा।

## चौड़ीकरण के लिए खोदी गई मिट्टी लोगों के लिए बनी परेशानी का सबब

- मोहल्लेवासियों ने ईओ से मिट्टी हटवाने की मांग की

भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



बांदा मार्ग के चौड़ीकरण के लिए लोनिवि ने धर्मेश्वर बाबा मोहाल में सड़क किनारे की खोदी गई मिट्टी के ढेर घरों के सामने लगा दी। इससे लोगों का निकलना चलना मुश्किल हो गया है। मोहल्ले वासियों ने नगर पंचायत से मिट्टी हटवाने की मांग की है। धर्मेश्वर बाबा मोहल्ला निवासी आशीष गुप्ता, कुलदीप, अनिल, सतीश गुप्ता, अमित, पप्पू गुप्ता, राजकुमार, मुकेश आदि ने बताया कि मौजूदा समय में बांदा मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग सड़क के दोनों ओर खुदाई करके मिट्टी को उनके घरों पर के सामने डाल दिया है। इससे घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। साथ ही उनके घरों में बाइक वगैरह साधन नहीं जा पा रहे है। मजबूरी में वाहनों को घरों के बाहर खड़ा करना पड़ता है। इससे चोरी का डर बना रहता है। मोहल्ले वासियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर मिट्टी को तत्काल हटवाने की मांग की है।

## डेंगू पीड़ित के गांव में घर-घर हुआ सर्वे

**नरैनी/बांदा।** डेंगू पीड़ित के गांव पहुची स्वास्थ विभाग की टीम ने 20 घरों में सर्वे किया।कई जगह मच्छरों का लार्वा पाया गया है।क्षेत्र के नौगवां गांव में बुधवार को मिला था पहला रोगी। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र की टीम वृहस्पतिवार को नौगवां गांव पहुची। एचएस रामकिशोर वर्मा ने बताया कि पीड़ित सहित मुहल्ला के 20 घरों में सर्वे किया गया है।यहा 80 पात्र देखे गए हैं जिसमे 5 पात्रों में लार्वा मिला है। बताया कि एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया है। ग्रामीणों को स्वच्छता बनाये रखने की सलाह दी गई है साथ ही बुखार होने पर तत्काल इलाज कराने की बात बताई गई है। गौरतलब है कि क्षेत्र के नौगवां गांव निवासी रामजी श्रीवास्तव 55 वर्ष पुत्र राम औतार को कई दिनों से बुखार आ रहा था। जिलाअस्पताल में इलाज कराने गया था यहा डेंगू की जांच की गई तो बुधवार को जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पायी गयी थी।

## जिला पंचायत सदस्य ने आरती उतार किया कार्यक्रम का शुभारंभ




**भरुआ सुमेरपुर।** रामलीला मैदान में इंगोहटा के जिला पंचायत सदस्य ने रासलीला मंच में राधा कृष्ण की आरती उतारकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बुधवार को रामलीला मैदान के देवी पंडाल में इंगोहटा जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार ने वृंदावन के रासलीला के कलाकारों के राधा कृष्ण के स्वरूप की आरती उतारी। रासलीला कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की जीवन से जुड़ी लीलाओं का मंचन किया। रासलीला देखने के लिए पंडाल खचाखच भरा रहा। नवदुर्गा महोत्सव मंडल कमेटी के पदाधिकारियों ने जिला पंचायत सदस्य एवं मीडिया कर्मियों को पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही अन्य देवी पंडालों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है।

## स्वच्छता अभियान का आगाज, पालिका अध्यक्ष एवं अधि.अधिकारी ने स्वच्छता अभियान को प्रदान की गति

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



156 घंटे महा सफाई अभियान का आगाज गुरुवार को सुबह पांच बजे जोरदार ढंग से किया गया जिसमें पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी सहित स्वच्छता से जुड़े स्वच्छता ग्राहियों ने झाड़ू लगाकर अभियान को गति प्रदान किया जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह से ही स्वच्छता अभियान का आगाज करते हुए पूर्व स्टीट, स्वच्छ बाजार, प्रतिबंधित प्लास्टिक , कूड़ो की ढेर की सफाई , गीला सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के लिए , कूड़ा कलेक्शन सहित अन्य कार्यक्रमों का अभियान चलाकर कार्रवाई के लिए नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्रीनाथ व अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर, आशीष सिंह अल्लू ,बाबू राणा सभासद व स्वच्छता चैंपियन ब्रांड एंबेसडर सहित अन्य लोगों ने कस्बे के वार्ड नंबर चार मीरा तालाब के घाट में झाड़ू लगाकर सफाई को व स्वच्छता को अपने जीवन में उतारने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जिसमें उमा दीक्षित, नदीमुद्दीन जबीर चौधरी, पंकज, सिंह, दिलावर कुमार, जयशंकर, विजय कुमार शहीद, संतोष कुमार, प्रकाश कुमार, राजेंद्र सभासद,रामविलास तथा कामता राव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अट्ठाईस सितंबर को इस कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

## भाजपा ने जिले के सभी बूथों पर मनाई दीनदयाल जयंती

- आत्मनिर्भर भारत निर्माण में अंत्योदय की धारणा महत्वपूर्ण
- आर्थिक समीक्षक ही नहीं वल्कि आर्थिक चिंतक भी थे दीनदयाल

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



भाजपा ने एकात्म मानवतावाद के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष, अद्वितीय संगठनकर्ता, पथ प्रदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती जिले के सभी 1350 बूथों में मनाते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। बाँदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने खुरन्हड स्टेशन स्थित अपने आवास के बूथ संख्या 242 तथा महुआ मण्डल के बूथ नंबर 310 गिरवा में कार्यकर्ताओं के साथ दीनदयाल की जयंती मनाई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि अंत्योदय की उनकी अवधारणा विकसित एवं आत्म भारत निर्माण के संकल्प की सिद्धि में अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रहित में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले पंडित दीन दयाल के अचार - विचार एवं उनके उत्कृष्ट सिद्धांत हम सभी के लिए सदैव वंदनीय रहेंगे। उन्होंने कहा कि दीन दयाल केवल आर्थिक समीक्षक ही नहीं वल्कि आर्थिक चिंतक भी थे। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने पार्टी कार्यालय पीली कोठी में दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि वे लगातार 17 साल तक भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे भारतीय जनसंघ द्वारा चलाये गए कश्मीर आंदोलन के तीन प्रसिद्ध नारे थे एक देश में दो विधान, दो प्रधान तथा एक देश में दो निशान नहीं चलेंगे। वे 1967 में जनसंघ के अध्यक्ष बने तथा 10 फरवरी को मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई। इसी प्रकार निव जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मण्डल के बूथ नंबर 192 में कार्यकर्ताओं के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। बाँदा के दक्षिणी व उत्तरी मण्डल में भी दीनदयाल जी की जयंती मनाई गई।

## महिला को इलाज के बाद घर ले गया पति

**नरैनी/बांदा।** आधी रात को सड़क में मिली अज्ञात महिला को इलाज के बाद पति घर ले गया।बेहोशी की अवस्था में पड़मई गांव के निकट सड़क किनारे पड़ी थी। बुधवार की रात साढ़े 11 बजे के बाद 108 एम्बुलेंस का चालक 30 वर्षीय अज्ञात महिला को बेहोशी की हालत में सीएचसी लाया था।चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिलाअस्पताल रेफर कर दिया था। अस्पताल की सूचना पर कोतवाली पुलिस महिला को इलाज के लिए एम्बुलेंस से जिलाअस्पताल ले गयी थी।कोतवाली प्रभारी संदीप तिवारी ने बताया कि कथित महिला का पति सुबह अस्पताल पहुचा और उसने बताया कि उसकी पत्नी शराब का नशा करती है।अतर्रा में मायका हैं।बाँदा शहर में रहते हैं। रात में नरैनी क्षेत्र में कैसे पहुची यह उसे नही पता। पति ने बताया कि उनके तीन बच्चे भी है लेकिन शराब का नशा नही छोड़ पा रही।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



गुरुवार को कस्बे के शिवांश जे के मैरिज हॉल में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत पं दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर जिला संगोष्ठी का आयोजन मुख्य अतिथि नि. जिलाध्यक्ष चित्रकूट चंद्र प्रकाश खरे एवं इंद्रपाल पटेल अयोध्या सिंह पटेल संजय सिंह अखिलेश श्रीवास्तव अशोक त्रिपाठी जीतू भइया विवेकानंद गुप्ता बालमुकुंद शुक्ला डा. रामराज गुप्ता आनंद निखिल सक्सेना ममता मिश्रा भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र त्रिपाठी, रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रप्रकाश खरे ने पंडित जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला बालमुकुंद शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने का मंत्र दिया। अखिलेश श्रीवास्तव ने प्रण अंत्योदय पथ अंत्योदय को साकार करने की बात कही इंद्रपाल पटेल ने हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी का नारा बुलन्द करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण द्विवेदी, योगेश द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष आशीष अनुरागी, ज्ञान प्रताप सिंह, प्रदीप मिश्रा, विनय कुशवाहा, राज नारायन द्विवेदी, देवमुरत द्विवेदी, सीताराम वर्मा, रामबाबू त्रिपाठी, राम बिहारी शुक्ला रामबाबू दीक्षित राजेंद्र मिश्रा राधेश्याम साहू, राजाभाईया रैकवार, मिथलेश मिश्रा, नीरज, कबीर आर्ट, राजा बाबू सहित समस्त जिला पदाधिकारी एवं समस्त मण्डल पदाधिकारी, पूर्व मण्डल पदाधिकारी, सभी शक्ति केंद्र संयोजक एवं समस्त बूथ अध्यक्ष शामिल रहे।

## जनपद न्यायाधीश, डीएम और एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

- बंदियों को बेहतर चिकित्सीय सेवायें और स्वच्छ पेयजल देने के निर्देश

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



गुरुवार को जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा देवेन्द्र सिंह ने जिला कारागार-बांदा का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस संयुक्त निरीक्षण में श्रीमती जे. रीभा जिलाधिकारी बांदा, पलाश बसंल पुलिस अधीक्षक बांदा, श्रीपाल सिंह अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-बांदा, श्रीमान प्रफुल्ल कुमार चौधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-बांदा, मैविस टाक, सहयक पुलिस अधीक्षक, विजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी-बांदा तथा मनोज कुमार पाण्डेय लोनिवि बांदा आदि सम्मिलित रहें।

सर्वप्रथम जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा संयुक्त रूप से बैरक सं.- 4ए, 4बी, 6, 9ए, बी, कारागार अस्पताल व पाकशाला निरीक्षण किया गया। सभी बैरकों में निरुद्ध बन्दियों से अधिवक्ता न होने की स्थिति में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराये जाने की जानकारी प्रदान की गयी जिसमें 2 बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध कराये गये तथा 1 बन्दी की माननीय उच्च न्यायालय में जेल अपील हेतु निर्देशित किया गया। पाकशाला का निरीक्षण किया गया, जहां पर मीनू के अनुसार दोपहर के भोजन में अरहर की दाल, रोटी, चावल व सब्जी तैयार हो चुकी थी। जिला जज द्वारा वाटर ड्रैनेज सिस्टम का निरीक्षण किया गया। जिला जज द्वारा मच्छरों से बचाव हेतु बैरकों के दरवाजों व खुले स्थानो पर मच्छर जाली लगाये जाने के निर्देश जेल अधीक्षक अनिल कुमार गौतम को दिये गये जिससे कि बैरकों में मच्छरों व गन्दगी से बचा जा सके। जिलाधिकारी द्वारा पीने की पानी की व्यवस्था जांची गयी जो कि सन्तोषजनक पायी गयी। जिला जज द्वारा कारागार अस्पताल का निरीक्षण किया गया जहां असाध्य गम्भीर बीमारी से पीड़ित बन्दियों से उनके इलाज व खान-पान के सम्बंध में जानकारी ली। जनपद न्यायाधीश, डीएम एवं एसपी द्वारा महिला बन्दियों के साथ रह रहें बच्चों को उपहार भेंट किये गये। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक अनिल कुमार गौतम, जेलर विकम सिंह, उपजेलर निर्भय सिंह, रामरती, डा. संजीव वर्मा, राशिद अहमद डीईओ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा व चन्द्रभान आंशुलिपिक जनपद न्यायालय बांदा उपस्थित रहें।

**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
e-tenderportal : https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0: 155/मु0अ0/2025-26 दिनांक : 25.09.2025

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अल्पकालिक निविदा सूचना (द्वितीय-आमंत्रण)**

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा **दिनांक 09.10.2025** को 01 कार्य हेतु टू बिड सिस्टम पर ई-निविदाएं, ई-निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर आमंत्रित की जाती है पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि/आर0टी0जी0एस0/ एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल **https://induscollect.indusind.com/pay/index.php** पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा **दिनांक 09.10.2025** को अपराह्न **15:00** बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी, जिन्हें **दिनांक 09.10.2025** को **16:00** बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जाएगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन की धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियन्ता

# यूपीआईटीएस में एशिया की सबसे बड़ी नारायणपुर पंप नहर बनी मॉडल

## यूपीआईटीएस के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के स्टॉल पर महाकुम्भ में इंजीरियरिंग कार्यों को बारीकी से समझ सकेंगे विजिटर्स

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के औद्योगिक, कृषि, सांस्कृतिक और नवाचार सम्बंधी शक्तियों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए गए। इनमें सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के स्टॉल पर जल प्रबंधन और सिंचाई के क्षेत्र में नवाचार को प्रदर्शित किया गया, जहां बड़ी संख्या में विजिटर्स हाल ही के महाकुंभ प्रयागराज में किए गए परिवर्तनकारी कार्यों और कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए स्थायी सिंचाई के बारे में जानकारी हासिल कर सकेंगे।

एक्सपो में बाढ़ से संबंधित कार्यों, परियोजना कार्यों और प्रमुख परियोजनाओं के वर्किंग मॉडल ने प्रदेश में जल संसाधन प्रबंधन में क्रांति ला दी, जिसकी विजिटर्स बारीकी से जानकारी ले सकेंगे। विभाग ने हाल के प्रयागराज में सम्पन्न हुए महाकुम्भ मेले के दौरान अपने सराहनीय प्रयासों का प्रदर्शन किया है, जिसमें गंगा नदी की तीन अलग-अलग धाराओं को एक एकल सुसंगत प्रवाह में विलय करके काम को दिखाया गया। यह इंजीनियरिंग का एक ऐसा कमाल था जिसने संगम क्षेत्र में नदी के मूल प्रवाह को बहाल किया।

### सिंचाई के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने रची क्रांति

बैराज से निकली नहर के सतही प्रवाह से और 36,000 से अधिक राजकीय ट्यूबवेल से कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए सिंचाई विभाग की प्रतिबद्धता भी पूरी तरह से प्रदर्शित की गई है। इसमें सिंचाई के लिए उसके बहु-आयामी दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एक्सपो में सिंचाई विभाग के स्टॉल पर विभिन्न कार्यों को प्रदर्शित किया गया। इनमें ड्रेजिंग जैसी विधा के नवाचार से पानी के प्रवाह और भंडारण क्षमता में सुधार के लिए नदियों की गाद निकालना और डी-सिल्टिंग करना, समीपवर्ती गांव जहां नदियां कटान कर रही है उसको पुनः ड्रेजिंग द्वारा नदी की मुख्य धारा को अपने पुराने स्वरूप में लाया जाता आदि शामिल है। सबसे दूरस्थ और ऊंचे इलाकों में स्थित खेतों तक भी पानी पहुंचाने के लिए बैराज, लिफ्ट नहरों और ट्यूबवेल का व्यापक कार्यान्वयन, जिससे किसानों के लिए एक विश्वसनीय जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

### मॉडल भी आकर्षण का केंद्र

एक्सपो का एक प्रमुख आकर्षण नारायणपुर पंप नहर का एक मॉडल भी है, जो एशिया की सबसे बड़ी पम्प नहरों में से एक है। यह मॉडल दिखाएगा कि कैसे यह परियोजना मीरजापुर और चंदौली में 250,000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि की सिंचाई के लिए गंगा नदी से पानी उठाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करती है, जिससे कृषि उत्पादकता और स्थानीय किसानों की आजीविका में काफी वृद्धि होती है। यह मॉडल रियल-टाइम निगरानी और पूर्वानुमानित रख-रखाव के लिए उन्नत आईओटी आधारित समाधानों को अपनाने की विभाग की पहल पर भी प्रकाश डाल रहा है।

# कैफे संचालक से चेन लूटने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल, साथी फरार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** कैफे संचालक अतुल कुमार जैन से चेन लूटने वाला बदमाश अरविंद कुमार बृहस्पतिवार सुबह करीब चार बजे पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। जबकि उसका भाई अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी गुडंबा में भर्ती कराया।

पकड़े गए बदमाश के पास से लूटी गई चेन का टुकड़ा, रुपये, तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि 20 सितंबर को सुबह जानकीपुरम गार्डेन निवासी व कैफे संचालक अतुल कुमार जैन से अपाचे सवार बदमाशों ने चेन लूट की थी। पीछा करने के दौरान गिरने से अतुल की मौत हो गई थी। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस कमिश्नर, डीसीपी पूर्वी, डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम व गुडंबा और जानकीपुरम पुलिस लगी हुई थी। बृहस्पतिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि संदिग्ध बाइक सवार गुडंबा से जानकीपुरम की ओर जा रहे हैं। बेहटा क्षेत्र के रजौली मार्ग पर चेकिंग के दौरान अपाचे सवार दो बदमाश आते हुए नजर आए। रोकने पर पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया।

## खबरें एक नजर में

### फैबइंडिया ने लॉन्च किया ट्रेडिशन व स्टाइल से सजा नवरात्रि कलेक्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** फेस्टिव सीज़न के आगमन पर फैबइंडिया ने अपना नया नवरात्रि कलेक्शन लॉन्च किया है। यह कलेक्शन पारंपरिक कला-कौशल और आधुनिक डिज़ाइन का अनूठा मेल है, जिसमें अपैरल, एक्सेसरीज़ और होम डेकॉर का खास चयन शामिल है। इसमें रस्ट, पीले और नारंगी जैसे वाइब्रेंट शेड्स शामिल हैं। जो नवरात्रि की ऊर्जा और उमंग के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। फेस्टिव अपैरलस : हर मौके के लिए परफेक्ट इस कलेक्शन में महिलाओं के लिए खूबसूरत साड़ियों और कुर्तों से लेकर पुरुषों के लिए स्टाइलिश बंदगला और ट्राउज़र, और बच्चों के लिए आरामदायक एथनिक वियर शामिल हैं। यह ऑउटफिट्स आपकी हर छोटे-बड़े उत्सव और पारिवारिक मौके पर कम्फर्ट और स्टाइल दोनों का संतुलन पेश करते हैं। हैंडक्राफ्टेड ज्वैलरी : लुक को पूरा करने के लिए कलेक्शन में स्टेटमेंट इयररिंग्स, आकर्षक हैंडबैग और स्टाइलिश फुटवियर जैसे हैंडक्राफ्टेड एक्सेसरीज़ भी शामिल हैं, जो किसी भी फेस्टिव लुक को निखार देते हैं। होम डेकॉर : घर के उत्सव को और खास बनाने के लिए फैबइंडिया का फैब होम कलेक्शन में पीतल के कटवर्क लैंप, कुशन, पूजा की थालियां और दीये जैसे ट्रेडिशनल डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स लाया हैं। यह प्रोडक्ट्स आपके घर को और घर में हो रहे उत्सवों को एक आकर्षक और आनंदमय माहौल देता हैं।

### राजधानी में भी विशेष गहन पुर्नरीक्षण एसआईआर अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बिहार की तर्ज पर चुनाव आयोग के विशेष गहन पुर्नरीक्षण अभियान की शुरूआत राजधानी लखनऊ में हो चुकी है। जिसमें पुरानी मतदाता सूची के निरीक्षण का कार्य प्रक्येक बूथ पर जोरों से चल रहा है। जिसमें सभी निर्वाचन क्षेत्रों के बीएलओ अपने-अपने बूथ की पुरानी मतदाता सूची से आयोग से प्राप्त हुयी नयी मतदाता सूची का मिलान कर रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसी सन् 2003 की मतदाता सूची का मिलान सन् 2025 की मतदाता सूची से किया जा रहा है। जिसमें ऐसे सभी मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है जो पिछले 22 वर्षों के अंतराल में दिवंगत हो चुके है, दूसरे स्थानों पर स्थानान्तरित हो चुके है अथवा उनके नाम दो स्थानों के निर्वाचन क्षेत्र में दर्ज है। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने पर सभी बूथों के बीएलओं घर-घर जाकर सत्यापन करेगें। बताते चले कि गहन पुर्नरीक्षण के बाद चुनावों की प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता आयेगी। चुनाव आयोग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार बिहार में 25 अगस्त 2025 को प्रकाशित ड्राफ्ट के अनुसार अकेले बिहार में 18 लाख वोटर दिव्रगत हो चुके है। 26 लाख मतदाता दूसरे निर्वाचन क्षेत्रों में स्थानान्तरित हो चुके है तथा 07 लाख मतदाताओं का दो-दो स्थानों पर नाम दर्ज है। बिहार की स्थिति को देखते हए उ0प्र0 में यह आंकड़ा बढ़ने की ही उम्मीद है।

### पर्वतीय महानगर रामलीला आज से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के मशहूर पर्वतीय महानगर रामलीला अपने नूतन साज सज्जा के साथ 26 सितंबर से 3 अक्टूबर तक अपने स्थाई रंगमंच महानगर में करने जा रही है। रामलीला को लेकर गुरुवार को देर शाम तक तैयारी चलती रही है रामलीला समिति के महासचिव गिरीश जोशी ने बताया कि इस रामलीला की कई खासियत है जिससे यह रामलीला प्रसिद्ध है। इसमें सबसे मुख्य बात यह है कि यहां पर आठ साल के बच्चे से लेकर 77 वर्ष तक के कलाकार अभिनय करते हैं। इसके अलावा लीला मंच पर अधिकतर महिला पात्र अभिनय करती हैं। राम लक्ष्मण सीता जैसे प्रमुख किरदार भी पढ़ाई करने के साथ साथ लीला करती है। करीब एक महीने से लीला मंच पर लीला की रिहर्सल महेंद्र पंत के निर्देशन में चलने के बाद अब मंचन की तैयारी में संरक्षक संजयश्रीवास्तव, बी पी पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद पन्त बीनू, संयुक्त सचिव व वस्त्र सजा हिमांशु मिश्रा, कोषाध्यक्ष नीरद लोहनी आदि लोग लगे हैं। इसके अलावा खास बात यह है की रामलीला के दौरान ज्यादातर लोग अपने ऑफिस से स्कूलों से अवकाश लेकर प्रभु राम की लीला में समर्पित हो जाते हैं।

### पैगम्बर हजरत मोहम्मद पर अभद्र टिप्पणी पर एफआईआर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** काकोरी के मोहल्ला मिर्जागंज कस्बा मलिहाबाद निवासी आमिर वली खान ने बताया बुधवार रात करीब 9.15 बजे इंस्टाग्राम आईडी चला रहे थे। एक यूजर स्क्रीनशॉट इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। प्रिंस गौतम ने मुस्लिम समुदाय के पैगम्बर हजरत मोहम्मद के बारे में बहुत अभद्र गाली लिखी हैं। उन्होंने बताया इस पोस्ट से मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। मुस्लिम समुदाय आक्रोश में है। इस पोस्ट से विपक्षी ने शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की है। मुस्लिम समाज अपने पैगम्बर के बारे में किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं कर सकता है। प्रिंस नाम के व्यक्ति ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की नियत से आईडी पर पोस्ट किया है। कमेंट करने वाला युवक एक निजी स्कूल का छात्र बताया जा रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद स्कूल मैनेजमेंट ने छात्र को निष्कासित कर दिया।

### एक दिन की प्रधानाचार्या बनीं वंशिका अग्रवाल



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नारी मिशन शक्ति के तहत बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में अभिनव गर्ल्स इण्टर कॉलेज, गायत्रीपुरम् कुर्सी रोड, लखनऊ की कक्षा 11 की छात्रा वंशिका अग्रवाल एक दिन की प्रधानाचार्या बनीं और विद्यालय में कम्प्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन करके एक नई विज्ञान प्रयोगशाला बनाने का निर्देश दिया।

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ छात्र छात्राओं ने किया विधानसभा का भ्रमण

# लोकतंत्र में कभी खराब नहीं हो सकती विधायिका

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/कानपुर ।** कानपुर के महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं का एक दल आज विधानसभा भ्रमण हेतु लखनऊ पहुंचा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनसे आत्मीय संवाद किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था की गहन जानकारी साझा की।

श्री महाना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक विधायक अपनी जनता से सबसे निकट जुड़ा होता है। उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान की दिशा में काम करना होती है। पहली बार चुनाव जीतना अपेक्षाकृत सरल हो सकता है, किंतु लगातार जनता का विश्वास अर्जित करना कहीं अधिक कठिन कार्य है। यहीजनप्रतिनिधि की असली पहचान है।



विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को विधायिका की भूमिका और महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधायिका ही वह सर्वोच्च मंच है जहां जनता की आवाज उठती है, समस्याओं पर चर्चा होती है और उनके समाधान के लिए कानून बनाए जाते हैं।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका कभी खराब नहीं हो सकती, केवल उससे जुड़े व्यक्ति यदि अपने कर्तव्यों से विमुख हों तो उसकी छवि प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में जनता से जुड़े प्रतिनिधि ही प्रदेश की दिशा और गति तय करते हैं।

### छात्र-छात्राएं अपने अनुभव को दूसरों से करें साझा

विधायक क्षेत्र की नब्ज पहचानता है और उसी अनुभव के आधार पर प्रदेश व देश के लिए नीतियां तैयार होती हैं। छात्रों से संवाद करते हुए श्री महाना ने उनसे आग्रह किया कि वे इस अनुभव को केवल अपने तक सीमित न रखें, बल्कि अपने घर-परिवार और मित्रों के साथ भी साझा करें। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आस्था और प्रतिबद्धता को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होते हैं।भ्रमण के दौरान छात्रों ने विधानसभा की कार्यप्रणाली का निकट से अवलोकन किया और कई जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। श्री महाना ने उनके उत्साह और जागरूकता की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि यही युवा भविष्य में लोकतंत्र को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे।

# 110 वार्डों में चलाई गई स्वच्छता की मुहिम, महापौर ने लगाई झाड़ू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम में स्वच्छता ही सेवा एक दिन एक घंटा एक साथ अभियान चलाया गया। 156 घंटे के सफाई अभियान का मेयर सुषमा खर्कवाल ने शुभारंभ किया। विशेष अभियान की शुरुआत जोन-8 के पावर हाउस चौराहा, विद्यावती तृतीय वार्ड से हुई। मेयर ने कहा कि यह अभियान केवल सफाई कार्य तक सीमित नहीं है बल्कि नागरिकों की जीवनशैली में स्वच्छता को शामिल करने का प्रयास है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अंबेडकर नगर वार्ड, जोन-2 स्थित न्यू ऑल माइटी स्कूल में बच्चों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के बारे में बताया गया। बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया और शपथ ली कि वे सदैव अपने आस-पास सफाई रखेंगे। इसी क्रम में राजाजीपुरम, लेबर कॉलोनी और मोतीलाल नेहरू वार्ड में एक दिन एक घंटा दृ एक साथ अभियान के तहत श्रमदान हुआ। अटल विहारी वार्ड में नागरिकों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यावती वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यहां महापौर स्वयं श्रमदान में शामिल हुई और निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# एक दिन, एक घंटा, एक साथ की थीम पर चला स्वच्छता ही सेवा अभियान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छोत्सव 2025 के तहत लखनऊ रेलवे स्टेशन में सफाई में श्रमदान का अभियान चलाया गया। इस अभियान की थीम एक दिन एक घंटा एक साथ थी, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें श्रमदान के महत्व के बारे में बताना था।

मंजूषा जैन एवं मण्डल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल सुनील कुमार वर्मा द्वारा मण्डल के अन्य अधिकार्यों के साथ मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज लखनऊ मे श्रमदान का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे के अधिकारी, कर्मचारियों और सफाई मित्रों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। इसके अतिरिक्त मण्डल के सभी मुख्य स्टेशनों लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या धाम, प्रयाग जं., उन्नाव, रायबरेली हेल्थ यूनिट, शाहगंज, बाराबंकी, अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, जौनपुर, रेलवे स्टेशन पर श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रेलवे के अधिकारी, कर्मचारियों और सफाई मित्रों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। इस अभियान में सभी ने मिलकर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा और श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता को बढ़ावा दिया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर डिप्टी सीएम ने अर्पित की पुष्पांजलि

**लखनऊ ।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती पर भाजपा लखनऊ महानगर ने चारबाग स्थित दीनदयाल वाटिका में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संजय राय, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित विधायकों और कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने पंडित जी के जीवन दर्शन और विचारों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने वंचित, गरीब और समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया।

# एनसीसी कैडेट्स ने फैलाई स्वच्छता जागरुकता

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एनसीसी लखनऊ मुख्यालय के अंतर्गत 19वीं यूपी गर्ल्स बटालियन नवयुग कन्या महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने तोपखाना बाजार, सदर, लखनऊ में एक नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों में स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई।

यह कार्यक्रम एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में, ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव (एनसीसी ग्रुप मुख्यालय लखनऊ) के निर्देशन में और कमांडिंग ऑफिसर, 19वीं यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, कर्नल (डॉ.) दिनेश कुमार पाठक के मार्गदर्शन में प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय के प्रेरक सहयोग से आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक के दौरान कैडेट अंडर ऑफिसर अंजलि बाजपेयी, सिद्धि यादव, बुशरा हामिद, आस्था त्रिपाठी, भूमिका पुनेठा, छवि पांडे, गरिमा तिवारी, ज़ोया, अरुंधति यादव, रिया लालवानी, खुशी निषाद, निकिता सिंह, अलीशा, जाह्नवी दुबे, रिया विश्वकर्मा, श्वेता कुशवाहा, विनीता जैन, मुस्कान साहू, सुरुचि झा, प्रीति कुमारी, प्रिया रावत, मानसी वर्मा, जूही मिश्रा और आशी गुप्ता ने इस बात पर ज़ोर दिया कि स्वच्छता अभियान एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि स्वच्छता बीमारियों को रोकने और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने में मदद करती है, और यह सिर्फ़ एक नारा नहीं बल्कि एक ज़िम्मेदारी है–क्योंकि एक स्वच्छ भारत ही एक सशक्त भारत बन सकता है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान, सेंट्रल कमांड में बढ़ी रफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय सेना के सूर्य कमांड के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा 2025 एवं स्वच्छोत्सव अभियान के तहत अनेक महत्त्वपूर्ण पहलें की गईं। इन प्रयासों ने सेना की अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की उस परंपरा को पुनः स्थापित किया, जो रणभूमि से परे समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण में भी समान रूप से प्रतिबिंबित होती है।

लखनऊ छावनी में सैनिकों और सफाई मित्रों द्वारा एक बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी दौरान सैनिकों व उनके परिवारजनों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिससे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और सुदृढ़ किया गया। छावनी परिषद द्वारा सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए गए, जिसमें उनकी भलाई और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई। इन सामूहिक प्रयासों से छावनी में दृश्य परिवर्तन देखने को मिला, नागरिक गर्व की भावना जागृत हुई और स्वच्छता में व्यापक जनभागीदारी को बढ़ावा मिला। इसके अतिरिक्त ÷एक दिन, एक घंटा, एक साथ÷ अभियान को मुख्यालय मध्य उत्तर प्रदेश उप क्षेत्र के सभी रैंकों ने स्टेशन कमांडर के नेतृत्व में सक्रिय रूप से अपनाया। इस पहल ने यह संदेश दिया कि सेना स्वच्छता जैसे राष्ट्रीय अभियानों में भी समाज को जोड़कर सामूहिक जिम्मेदारी का निर्वहन करती है।



## अखिलेश यादव आठ अक्टूबर को आजम खान से मिलने जाएंगे रामपुर

**लखनऊ ।** लखनऊ में 9 अक्टूबर को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती की रैली से एक दिन पूर्व 8 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव आजम खान से मिलने जाएंगे। आजम के सीतापुर जेल से 23 महीने बाद रिहा होने के बाद अभी तक समाजवादी पार्टी के किसी बड़े नेता ने उनसे मुलाकात नहीं की है। 9 अक्टूबर को बसपा अध्यक्ष कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर रैली के जरिये मिशन 2027 का आगाज करने जा रही हैं। इसको लेकर मायावती ने कार्यकर्ताओं को जुटने का निर्देश दिया है। इस बीच आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं को पूर्ण रुप से विराम देने के लिए माना जा रहा है कि सपा ने रामपुर जाने का कार्यक्रम बनाया है।

# उ.रे. लखनऊ मंडल में राजभाषा पखवाड़ा आयोजित, प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल में 14 सितम्बर से 28 सितम्बर तक राजभाषा पखवाड़ा-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आज दिनांक 25.09.2025 को मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में प्रतियोगिता मे विजेता रहे प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया।

इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को बधाई दी एवं हिंदी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया तथा राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी प्रदान किए। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक सह अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी शूरवीर सिंह चौहान एवं मंडल विद्युत इंजीनियर सह राजभाषा अधिकारी निखिल कुमार तिवारी ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया और राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रेरित किया। इस पखवाड़े में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा निबंध तथा लघु निबंध प्रतियोगिता, वाक् एवं सुलेख प्रतियोगिता, समाचार वाचन प्रतियोगिता, राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं टिप्पण तथा प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



# स्वस्थ नारी व सशक्त परिवार अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** 25 सितम्बर को तृतीय बटालियन, रेलवे सुरक्षा विशेष बल , तालकटोरा रोड आलमबाग, लखनऊ में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार 2025 अभियान के अंतर्गत एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक महिला स्वास्थ्य पर विशेष जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य महिलाओं में गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान एवं रोकथाम करना है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं की उच्च रक्तचाप, मधुमेह इत्यादि रोगों की निःशुल्क जाँच की जाएगी। यह शिविर डॉ.वी.एस. ह्यांकी एवं डॉ. पंकज गोयल के निर्देशन में तथा के.जी.एम.यू. मेडिकल कॉलेज, लखनऊ के रक्त आधान विभाग के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलदीप तिवारी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ ने स्वयं स्वैच्छिक रक्तदान कर रेलवे कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। इस शिविर में तृतीय बटालियन, आरपीएसएफ के कुल 40 कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा इस आयोजन के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया बल्कि समाज में रक्तदान जैसे जीवनदायी कार्य को बढ़ावा देने का भी संकल्प लिया गया।



**अभियान**

## 90 दिनों का विशेष अभियान समाज में स्थायी बदलाव लाने के लिए कर रहा है ठोस प्रयास

# सीएम योगी का मिशन शक्ति 5.0 प्रदेश में बना जन आंदोलन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 22 सितम्बर 2025 से शुरू किया गया मिशन शक्ति 5.0 अब सिर्फ एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में जन आंदोलन का रूप ले चुका है। यह 90 दिनों का विशेष अभियान महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के साथ ही समाज में स्थायी बदलाव लाने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है।

अभियान की खासियत यह है कि यह केवल योजनाओं की श्रृंखला नहीं बल्कि समाज की सोच और व्यवहार में बदलाव का संदेश भी है। इसके तहत साइक्लोथॉन, घर-घर जागरूकता अभियान और सोशल मीडिया कैम्पेन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें लोगों की सहभागिता अभूतपूर्व रही है। जिलाधिकारी स्तर से लेकर ग्राम प्रधान तक के नेतृत्व में आयोजित ये गतिविधियाँ यह स्पष्ट कर रही हैं कि महिला और बच्चों की सुरक्षा केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की साझा जिम्मेदारी है।




> विभाग ने मिशन शक्ति 5.0 की गतिविधियों को इस तरह संयोजित किया है कि यह केंद्र और ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक सभी गतिविधियों को योजना बद्ध रूप से जनसामान्य तक पहुँचाने वाला अभियान बने। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जागरूकता की यह धारा हर घर तक पहुँचे और लाभार्थियों की सरकारी योजनाओं तक पहुँच सुनिश्चित हो।
>
> **संदीप कौर, महिला कल्याण निदेशक**

बीते 22 सितम्बर से अब तक अभियान के तहत चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 3 लाख से अधिक लोगों तक पहुँच सुनिश्चित की जा चुकी है। इसमें बड़ी संख्या में बच्चियां, महिलाएं और बुजुर्ग महिलाएं शामिल हुई हैं।

समाज की सक्रिय भागीदारी ने मिशन शक्ति 5.0 को केवल सरकारी आयोजन से आगे बढ़ाकर सामाजिक जनआंदोलन बना दिया है। अभियान का सबसे महत्वपूर्ण संदेश है- नारी और नौनिहाल सुरक्षित, तो प्रदेश की प्रगति निश्चित। सीएम योगी के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 ने अब तक यह साबित करने में सफल रहा है कि जब समाज स्वयं सक्रिय होता है और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भाग लेता है, तभी बदलाव वास्तविक और स्थायी बन सकता है।

### बाजारों में भी चलाए जा रहे जागरूकता अभियान

नवरात्रि के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों और बाजारों में मोबाइल वैन, कैनोपी और स्टॉल लगाकर जागरूकता फैलायी जा रही है। इन स्थलों पर लोगों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, पति की मृत्युपरांत निराश्रित पेंशन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसका उद्देश्य केवल योजनाओं के प्रचार-प्रसार तक सीमित नहीं, बल्कि आमजन को यह समझाना था कि सरकारी योजनाओं की सफलता समाज की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर है।

# लूट की झूठी घटना का छह घंटों में खुलासा

## आरोपी वादी से ही बरामद हुए सभी जेवरात व नकदी

समृद्धि न्यूज





**गोंडा।** 24 सितंबर को वादी बुधरत्न पुत्र रामकरन गौतम नि0 म0नं0 265 आवास विकास कालोनी थाना को0 नगर जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि लगभग सायं 7:30 बजे मेरी पत्नी अपने घर के प्रथम तल स्थित किचन में कार्य कर रही थी। इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति अचानक घर में घुस आए, मेरी पत्नी के चेहरे पर स्प्रे मारकर लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में अभियुक्तगण घर में रखे सोने-चाँदी के जेवरात ( 02 अदद सोने के हार, 5 अदद चैन, 8 अदद चूड़ी, 7 अदद अंगूठी, कान के झुमके व 07 अदद टप्स, 08 जोड़ी चाँदी की पायल, 05 जोड़ी बिछिया) व नकदी 70-80 हजार रूपये लूटकर फरार हो गए। वादी की लिखित तहरीर पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। इस सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस एवं उच्चाधिकारीगण मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया गया तथा फील्ड यूनिट टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करवायी गयी। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा घटना घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के नेतृत्व में एस0ओ0जी0/सर्विलांस सहित 05 पुलिस टीमों का गठन कर प्र0नि0 को0 नगर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।

गठित टीमों द्वारा घटनास्थल का गहन मौका-मुआयना, साक्ष्य संकलन, डिजिटल व मैनुअल साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। पुलिस जांच के दौरान वादी द्वारा बताए गए घटना विवरण में कई तथ्यों पर विरोधाभास पाया गया। आस-पास के सभी सीसीटीवी फुटेज देखे गए, आस-पास के लोगों से पूछताछ की गयी साथ ही तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्य संकलन किया गया तो जांच में लूट की घटना संदिग्ध पाई गई। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने वादी बुधरत्न पुत्र रामकरन गौतम से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने स्वयं ही घटना को गढ़ने और झूठा मुकदमा दर्ज कराने की बात स्वीकार की। इस घटना का 06 घण्टे में पुलिस टीमों द्वारा सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त की निशानदेही व कब्जे से घर में ही छुपाए गए सभी सोने-चाँदी के जेवरात एवं नकदी बरामद की गयी। अभियुक्त बुधरत्न को गिरफ्तार कर थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

### दो पत्रकारों के साथ अभद्रता

बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा बुलाए गए पत्रकार वार्ता के दौरान बहुत ही अशोभनीय कार्य किया गया जिसमें एक राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र के पत्रकार एवं एक यूट्यूबर के साथ की गई अभद्रता यहां तक की यूट्यूबर के पत्रकार को वहां से भाग जाने को कहा क्यों आए हो पत्रकार वार्ता में यहां पुलिस अधीक्षक के द्वारा किए गए इस कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है तथा यहां यह भी कहना उचित होगा कि यदि पुलिस अधीक्षक को किन्हीं पत्रकारों पर रोष था तो प्रेस वार्ता आमंत्रण के दौरान उनके ना आने की बात लिख देना चाहिए क्योंकि जिस प्रकार पुलिस अधीक्षक के द्वारा चौथे स्तंभ पर कुठाराघात किया गया वह बहुत ही निंदनीय है।

# आठ साल के बच्चे को खींच ले गया भेड़िया, खून से लथपथ बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** भेड़िए ने एक और बच्चे पर हमला कर दिया। गुरुवार दोपहर 8 साल का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। तभी दबे पांव भेड़िया आया और जबड़े से गर्दन जकड़ कर उसे लेकर भागने लगा। बच्चे की चीख सुनकर परिजन और गांव के लोग शोर मचाते हुए उसके पीछे दौड़े। इससे भेड़िया बच्चे को छोड़कर खेतों की ओर भाग गया। भेड़िए के हमले से बच्चे के सिर पर गंभीर चोट आई है। सिर का मांस खेत में पड़ा मिला है। खून से लथपथ बच्चे को लेकर परिजन अस्पताल गए।

फखरपुर स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। घटना कैसरगंज तहसील के मंझारा तौकली क्षेत्र के देवनाथ पुरवा गांव की है। भेड़िए के लगातार हमले से क्षेत्र में दहशत है। बुधवार को भेड़िया ने एक 3 साल के बच्चे को मार दिया था। उसका बायां हाथ खा गया था। भेड़िए के हमले से 10 दिन में 3 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि एक बच्चे का अब तक कुछ पता नहीं चला है। देवनाथ पुरवा गांव में गुरुवार की दोपहर विजय का बेटा अनिकेश (8) घर के बाहर कंचे खेल रहा था। बाकी लोग घर के अंदर थे। इसी बीच भेड़िए ने हमला करके उसे जबड़े में जकड़ लिया और उसे लेकर भागने लगा। बच्चे की चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर उसके पीछे भागे। घर से करीब 200 मीटर दूर वो उसे छोड़कर भाग गया। हमले में मासूम का सिर बुरी तरह से जख्मी हो गया। सिर का कुछ हिस्सा खेत में अलग पड़ा मिला। गंभीर हालत देखते हुए उसे फखरपुर स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जिले में बीते 2 सप्ताह में भेड़िया 3 बच्चों की जान ले चुका है, जबकि एक बच्चा लापता है। सात से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। ग्रामीण लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर भेड़िए की तलाश कर रहे हैं। लगातार हो रहे हमलों से गांव के लोगों में नाराजगी है।

## खबरें एक नजर में

### विशेश्वरगंज में मिशन शक्ति का धमाकेदार आगाज



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय के नेतृत्व में विशेश्वरगंज पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान का जबरदस्त आगाज किया। अभियान की शुरुआत श्रीनंद इंटर कालेज पहुँचकट्टा से हुई, जहाँ पुलिस टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी नंबरों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। इसके बाद पुलिस टीम ने पुरैना तिराहा, बस स्टॉप बिशेश्वरगंज व अन्य चौराहों पर आमजन से संवाद किया। इस दौरान अपराध निरीक्षक अनिल उपाध्याय, उप निरीक्षक उदय प्रताप, महिला आरक्षी सीमा व स्नेहा सहित पूरी पुलिस टीम ने महिलाओं और बच्चियों को महिला हेल्पलाइन, 112, एंबुलेंस सेवा व 1076 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी। थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने कहा कि 卐पुलिस हमेशा महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मविश्वासी बनाना और उन्हें हर हाल में सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है। पुलिस के इस जागरूकता अभियान से न केवल क्षेत्र में सुरक्षा का संदेश गया बल्कि महिलाओं में पुलिस के प्रति भरोसा और बढ़ा।

### पुत्री से मिलने आए पिता को चोर समझकर ग्रामीणों ने पीटा

**झझरी गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मुगल जोत ग्राम के मजरे ललहा में जगदम्बा चौहान को ग्रामीणों ने चोर समझ कर बुधवार की देर रात्रि में पीट डाला। बाद में जब लोगों ने उस को पहचाना। जगदम्बा चौहान काफी दिनों से राजस्थान में रहकर मजदूरी करता था। चार साल पूर्व उस की पत्नी का निधन हो गया था। तब से उस की पुत्री वैष्णवी अपने नाना के घर रहती थी। काफी दिनों के बाद उस का पिता जगदम्बा अपने सुसराल मुगल जोत के मजरा ललहा में अपनी पुत्री से मिलने गया था। देर शाम को अंधेरा होने की वजह से गांव के लोग समझे की चोर आ गया है। उस की बातों को बिना सुने ही उस को पीटने लगे।बाद में जब उस के घर के ससुराल के लोगों ने देखा तब उस की पहचान किया। जगदम्बा चौहान का घर भी उस के बगल के गांव अर्जुन पुरवा में है। घटना की सूचना कोतवाली देहात के पुलिस को दी गई।

### रक्तदान को लेकर अध्यक्ष सम्मानित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** लाइफ लाइन ब्लड सेवा समिति के अध्यक्ष मोनू चौरसिया को रक्तदान के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए आईटीसी के चेयरमैन वीरेंद्र चौहान और निफा चेयरमैन प्रतिपाल सिंह पन्नू ने सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि हरियाणा राज्य के करनाल जिले के निजी होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का है। जिन्होंने समय-समय पर रक्तदान करके जीवन बचाने में योगदान दिया।

### 11वीं की छात्रा एक दिन के लिए बनीं नानपारा सीओ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एक अनूठी पहल की गई। सॉफ्ट पेटल स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा पहल श्रीवास्तव को 01 दिन के लिए सर्किल नानपारा का पुलिस क्षेत्राधिकारी बनाया गया। पहल ने सीओ के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। मैना नेवरिया की एक पीड़ित महिला ने ससुराल वालों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत की। पहल ने महिला थाना अध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य पीड़ितों की समस्याएं भी सुनीं। सभी कर्मचारियों को महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया।सीओ प्रधुम्न सिंह ने बताया कि यह पहल महिलाओं को पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के लिए की गई है। इससे उन्हें जनसुनवाई का अनुभव मिलेगा। पहल ने कहा कि सीओ की भूमिका निभाकर वह गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की अन्य छात्राएं, मिशन शक्ति 5.0 की उप निरीक्षक काजल वर्मा, ममता सिंह और सीओ कार्यालय के पेशकार दिग्विजय सिंह उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने की दिशा में किया गया एक प्रयास है। इससे युवा पीढ़ी को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली समझने का अवसर मिल रहा है।

# दस दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का समापन



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** 48 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गोंडा के दिशा निर्देशन में नंदिनी नगर महाविद्यालय नवाबगंज गोंडा में दिनांक 16 से 25 सितंबर तक संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 162 तथा प्री आईजीसी शिविर के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो इस 10 दिवसीय शिविर में कैडेट्स द्वारा ड्रिल, फायरिंग और कल्चरल प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त किया गया।

कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर द्वारा कैडेट्स को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान करके उन्हें सम्मानित किया गया इसको लेकर छात्रों में उत्साह का माहौल रहा। कमान अधिकारी ने छात्रों को बताया कि एनसीसी प्रशिक्षण का लाभ आपको आजीवन मिलता है,यह प्रशिक्षण आपके जीवन काल में किसी न किसी रूप में हमेशा आपके लिए सार्थक होगी। उन्होंने कैडेट से बताया कि कैंप के दौरान सीखी गई अच्छी बातों को अपने जीवन में आत्मसात करें यह आपको आजीवन लाभ प्रदान करेगीद्य एनसीसी का उद्देश्य कैडेट्स को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान कर के कैडेट्स को मिलिट्री जीवन के दिनचर्या को दिखाना है जिससे कैडेट दैनिक दिनचर्या को नियमित करके जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैंद्य जो भी कैडेट अनुशासन और समूह में रहना सीख गया वह जीवन में सफलता को प्राप्त करेगाद्य प्रशिक्षित और अनुशासित कैडेट्स ही समाज में पथ प्रदर्शक का कार्य करते हैंद्यसमापन समारोह को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी ने पुलिस प्रशासन, मेडिकल टीम तथा नवाबगंज की नगर पालिका टीम के सदस्यों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह, विभिन्न कॉलेजों से आए हुए एनसीसी अधिकारी, बटालियन पी आई स्टाफ, और एनसीसी के 600 कैडेट उपस्थित रहे।

# कंपोजिट स्कूल नरायनपुर ईधा में विज्ञान मेले का हुआ भव्य आयोजन

समृद्धि न्यूज



**झंझरी, गोंडा।** गुरुवार को कंपोजिट स्कूल नरायनपुर ईधा में अगस्त्या इंटरनेशनल फाउंडेशन की सहयोगी शाखा विद्या वाहिनी (ह्युंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन) के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी झंझरी डॉ समय प्रकाश पाठक एवं विद्यालय के इचार्ज प्रधानाचार्या डॉ अर्चना त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में विज्ञान के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रचनात्मक एवं उपयोगी मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिनमें पिंजरे में तोता, पाचनतंत्र श्वशन तंत्र, सौरऊर्जा, जड़त्व, कंकाल तंत्र, और रेडियोमीटर पेंडुलम आदि कई मॉडल शामिल थे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विज्ञान शिक्षक पंकज चौधरी एवं अगस्त्या इंटरनेशनल फाउंडेशन के प्रोग्राम इंचार्ज एवं विद्या वाहिनी के प्रशिक्षिक अखण्ड प्रताप सिंह ने विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित अनेक मॉडलों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान के दैनिक जीवन में महत्व को समझाने के लिए शिक्षण संस्थानों में विज्ञान मेले, प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी एवं विचार गोष्ठियों का आयोजन आवश्यक है। इस अवसर पर न्याय पंचायत के उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं अर्जुन पांडेय संजीव मिश्रा दुर्गेश सिंह एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ ज्योति शर्मा प्रिया शुक्ला रामधन गीता देवी शिशु, शांति एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं गांव के लोग उपस्थित रहे।

### मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती

**गोण्डा।** स्थानीय दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गांधी पार्क में एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता अजातशत्रु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्कृष्ट प्रचारक पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के 109वीं जयन्ती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण के साथ संस्थान के प्राचार्य हनुमंत लाल पांडेय एवं जन शिक्षण संस्थान के निदेशक जयदीप ने किया।प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य हनुमंत लाल पांडेय ने कहां कि पंडित जी का जीवन सदैव अंतिम पायदान पर निवास करने वाले बन्धुओं के लिए समर्पित रहा, दीनदयाल जी ने कहा था कि जब तक इस देश में एक भी व्यक्ति भूखा नंगा तथा निराश्रित है, हमारे देश की स्वतंत्रता अधूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जन शिक्षण संस्थान के निदेशक जयदीप जी ने कहा कि हमें दीनदयाल जी के दिए गए आदर्श एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

# रावण बाणासुर संवाद सुन रोमांचित हुए दर्शक माता सीता ने प्रभु श्रीराम को पहनाई वरमाला

समृद्धि न्यूज़



**बहराइच।** श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी के तत्वावधान में शहर के बशीरगंज स्थित राम लीला मैदान में मथुरा-वृंदावन के कलाकारों ने रावण-बाणासुर संग्राम का शानदार मंचन किया। मिथिला के राजा जनक के आमंत्रण पर राम- लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक के यहां सीता स्वयंवर में पहुंचते हैं। राम, लक्ष्मण के सौंदर्य को देख वहां सभी मोहित हो जाते हैं। इसी बीच लंकापति रावण बिना आमंत्रण सीता स्वयंवर में पहुंचता है। यह देखकर सभापति बाणासुर रावण का परिचय पूछते हैं।बाणासुर के रावण से परिचय पूछते ही वह क्रोध से तमतमा उठता है और फिर यहीं से रावण और बाणासुर का संवाद शुरू होता है। लंकापति रावण सीता स्वयंवर के लिए आमंत्रण न मिलने पर राजा जनक पर क्रोधित होता है।

निमंत्रण न दिए जाने का कारण पूछता है। जनक कहते हैं कि समुंदर पार लंका जाना संभव नहीं था। इसीलिए निमंत्रण नहीं भेज सके। तो रावण और क्रोधित हो जाता है और कहता है कि अगर आप ने समुद्र में एक पत्र भी डाल दिया होता तो समुंद्र में इतना साहस नहीं होता कि हम तक वह न पहुंचा देता। उसके पश्चात सीता स्वयंवर में आये रावण सहित तमाम राजाओं ने धनुष तोड़ने की पूरी कोशिश की, पर वह हिला तक ना सके। राजा जनक की चिंता बढ़ जाती है।अंत में प्रभु श्री राम की बारी आती है और वह शिव के धनुष को उठाकर खंडित कर देते हैं। धनुष टूटते ही समूचा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता है। तत्पश्चात माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले मे वरमाला डाली। पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, जय जय अग्रवाल, कमल शेखर गुप्ता,सन्तोष अग्रवाल, राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, सुदामा मिश्रा,अशोक सैनी, राहुल रॉय, अंशुमान यज्ञसैनी, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, वासु साहू, हर्षित राज श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता,नन्हे लाल लोधी, पंकज केवट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस की चोरों से मुठभेड़, एक को लगी गोली

## तीन अन्य आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज



**मिहींपुरवा, बहराइच।** मिहींपुरवा क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की चोरों के साथ हुई मुठभेड़ में एक चोर को गोली लगने से घायल हो गया, जबकि तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना खैरी घाट प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में चोरी का आतंक फैलाने वाले तीन चोर बाइक से लखीमपुर की ओर जा रहे हैं। तुरंत ही थाना कोतवाली मूर्तिहा को सूचित किया गया।

थाना प्रभारी राम नरेश यादव अपने दल के साथ उर्रा मोड पर पहुंचकर खैरीघाट पुलिस के साथ मिलकर चोरों का पीछा किया।आरोपित चोरों का आमना-सामना उर्रा नौबना मोड़ पर हुआ, जहां उन्होंने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में एक चोर, छैल बिहारी उर्फ छैलू के पैर में गोली लगी, और दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल छैलू का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में इलाज कराया गया। पकड़े गए आरोपियों के पास से भारी मात्रा में चोरी किए गए जेवर, समान, नगद रुपए, एक बाइक, एक तमंचा और चोरी के उपकरण बरामद किए गए हैं। आरोपी

छैल बिहारी (छैलू), पुत्र राधेश्याम चौहान, निवासी बंसीबेली माजरा, केराती पुरवा, थाना ईसानगर, लखीमपुर खीरी। अरुण, पुत्र बेचन, निवासी टीकूरी दाखिला, अरनवा, थाना खैरीघाट।तुलसी राम, पुत्र अशर्फी लाल प्रजापति, निवासी भंडारी पूर्व, अरनव, थाना खैरीघाट को गिरफ्तार किया।अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि मुठभेड़ में आरोपी छैल बिहारी को गोली लगी है। पुलिस की इस कार्रवाई से चोरों के हौसले पस्त होंगे। पूछताछ में आरोपियों ने मोतीपुर थाना क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं को भी कबूल किया है। आगे की जांच जारी है और अन्य जानकारी मिलते ही अवगत कराई जाएगी। इस कार्रवाई में थाना रुपईडीहा, मोतीपुर, मूर्तिहा, खैरीघाट की पुलिस के साथ ही पुलिस क्षेत्र अधिकारी हर्षिता तिवारी और पुलिस बल मौजूद रहा।

# एसडीएम की छापेमारी में हुआ खुलासा, अवैध मदरसे में मिली 40 नाबालिग लड़कियां

समृद्धि न्यूज



**बच्चियां सुरक्षित, जांच शुरू :** एसडीएम अश्विनी कुमार पांडे ने बताया कि सभी बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। फिलहाल उन्हें संचालक की सुपुर्दगी में रखा गया है ताकि उसकी जवाबदेही बनी रहे। मामले की सूचना जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद को दी गई है और पूरी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक तथ्यों का पता चल सकेगा।

**बहराइच।** अवैध मदरसे के बाथरूम से 40 लड़कियों को बरामद किया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर बुधवार को एसडीएम ने पुलिस फोर्स के साथ मदरसे में छापा मारा। पूछताछ के दौरान 40 नाबालिग लड़कियों को बाथरूम में छिपाकर रखने की बात पता चली। एसडीएम ने पुलिसकर्मियों से बाथरूम का दरवाजा खुलवाया तो रोते हुए एक-एक कर लड़कियां बाहर निकलीं। लड़कियों को संचालक की सुपुर्दगी में रखा गया है। जिससे उसकी जिम्मेदारी बनी रहे।

मामला पयागपुर थाना क्षेत्र का है। एसडीएम ने अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को मामले की जांच सौंपी है।पटिहाट गांव में अवैध मदरसा चल रहा था। ग्रामीणों को शक था, यहां कुछ गलत हो रहा है। बुधवार शाम को ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पुलिस से की। एसडीएम अश्विनी कुमार पांडे पुलिस फोर्स के साथ मदरसा पहुंचे। जब वे मदरसे में प्रवेश करने लगे तो मदरसा संचालक खलील अहमद ने उन्हें अंदर जाने से रोकने की कोशिश की। पुलिस की सख्ती के बाद एसडीएम महिला पुलिसकर्मियों के साथ अंदर पहुंचे। शुरुआती तलाशी में कोई बच्ची दिखाई नहीं दी, लेकिन जब बाथरूम की जांच की गई तो तीन बाथरूम से 40 लड़कियां रोते हुए बाहर निकलीं। सभी बच्चियों के चेहरों पर डर साफ झलक रहा था। वह घबराई हुई थीं।

एसडीएम ने बच्चियों से पूछताछ की तो वह डर के कारण कुछ बता नहीं सकीं। कार्रवाई के दौरान संचालक मौके से भाग निकला, लेकिन बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में वह मदरसे के संचालन संबंधी कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

मुलाकात

## वन्य जीव के हमले में मृतक पीड़ित परिवार से भेंट कर बंधाया ढांढस

# वन्य जीव सक्रियता क्षेत्र का डीएम ने किया भ्रमण

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ बुधवार की रात विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत हिंसक वन्य जीव प्रभावित ग्राम मंझारा तौकली के मजरा बाबा बंगला का भ्रमण कर 24 सितम्बर 2025 को अपरान्ह लगभग 03:45 बजे वन्य जीव के हमले में मृतक 03 वर्षीय सोनी पुत्री बाबू लाल के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से भेंट कर सांत्वना दी। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ है।

उन्होंने बताया कि हिंसक वन्य जीवों से उत्पन्न समस्या के समाधान हेतु वन विभाग, पुलिस, राजस्व, ग्राम्य विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर रहे हैं। हिंसक वन्य जीव की खोज हेतु विशेषज्ञों की टीम के साथ-साथ सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है।

संवेदनशसील स्थानों पर कैमरा ट्रैप तथा ट्रैपिंग केज भी लगाये गये हैं। डीएम ने बताया कि जनपद के आस पास के जनपदो से वन्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ वन दरोगा की 32 टीमो की ड्यूटी लगाई गई है। वन्य जीवों के हमलो से बचाव हेतु जनजागरूकता हेतु 18 पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम की स्थापना कराई गई है। प्रभावित क्षेत्रां में लगभग 1390 से अधिक स्ट्रीट लाइट, 61 सोलर लाइटें एवं दरवाजे विहीन घरों में लगभग 24 दरवाजे भी लगावाये गये है। रात्रि में निर्बाध विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में 34 नोडल अधिकारियो द्वारा रात्रि में भ्रमण करते हुए गांव के लोगो को अन्दर या छत पर सोने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसके अलावा जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों द्वारा भी निरन्तर भ्रमण करके लोगो को वन्य जीव हमले से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव, उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर प्रतीक व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्र में हिंसक वन्यजीव के रेस्क्यू हेतु संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि सघन गश्त करते रहें।

डीएम ने कहा कि दरवाजा विहीन व छोटे बच्चों वाले घरों की विशेष रूप से निगरानी रखी जाय। साथ ही ग्रामवासियों को जागरूक किया जाय कि वे छोटे बच्चों के साथ खुले में न सोए तथा अपने स्तर पर भी सतर्कता बनाये रखें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामामनन्द कुशवाहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह, पूर्व प्रमुख मुन्ना सिंह व सत्यदेव सिंह सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### कृषि केंद्र पर पराली जागरूकता कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ



**रायबरेली।** शहर के दरियापुर कृषि केंद्र पर पराली जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वहीं जिलाधिकारी ने जन जागरूक वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया और कार्यक्रम में कृषि विभाग से लगे स्टाल का निरीक्षण किया एवं कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं कों भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार शर्मा, जिला कृषिधिकारी अखिलेश पाण्डेय, भूमि सरक्षण अधिकारी जे पी यादव, जिला उद्यान अधिकारी जय राम वर्मा, कृषि वैज्ञानिक केंद्र के वैज्ञानिक डॉ केके सिंह, अध्यक्ष डॉ आर के कनोजिया, डॉ दीपक मिश्रा, डॉ एसबी सिंह सहित केबीके सेकंड के वैज्ञानिक मौजूद रहें।

### मिशन शक्ति जिंदगी जीने का हक

**रायबरेली।** मिशन शक्ति अभियान फाइव को धार देने के लिए आईजी जोन तरुण गाबा ने आज रायबरेली में पुलिस अधिकारियों संग बैठक की। पुलिस आफिस के किरण हाल में आयोजित बैठक के दौरान आईजी तरुण गाबा ने महिला सम्बन्धी अपराधो में विशेष सतर्कता बरतने और महिला पुलिस बल को अधिक सशक्त कैसे बनाया जाये इस पर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान उनसे यह पूछे जाने पर कि गाज़ियाबाद में महिला पुलिस आफिसरों की बदमाशों से हुई मुठभेड़ की. मिसाल उनके भी जोन में दिखेगी। इसका सीधा जवाब न देते हुए कहा कि महिला पुलिस बल को सशक्त करना भी इस अभियान का हिस्सा है। पूर्व में शोहदों पर नकेल के लिए स्कूलों के बाहर लगाए गए पिंक बॉक्स के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसे भी ऐक्टिवेट किया जायेगा।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद कर मनाई गई जयंती

**लालपुर, रायबरेली।** भारतीय जन संघ के नेता कुशल राजनीतिज्ञ एवं राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान देने वाले मानवतावादी नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नगर पंचायत कार्यालय डलमऊ में गुरुवार को अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ पं. बृजेष दत्त गौड़ की अध्यक्षता मे एक सभा का आयोजन किया गया जहां पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती मनाई गई इस अवसर पर सर्वप्रथम अध्यक्ष श्री गौड़ एवं उपस्थित जनों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया अध्यक्ष श्री गौड़ ने उन्हें याद करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय एवं एकात्म मानववाद के प्रेणता तथा राष्ट्रवादी उत्कर्ष संगठनकर्ता थे राष्ट्र निर्माण मे उनके किये योगदान को हम सभी नमन करते है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़, दिनेष त्रिपाठी, मन्ना त्रिपाठी, रवी पाल, राकेष सोनकर, बब्लू पाण्डेय, हरिचन्द्र तिवारी, जितेन्द्र सोनकर, विनोद निषाद, कामरान हुसैन, रामकुमार, शनी निषाद, आदि लोग उपस्थित रहे।

### आईजी तरुण गाबा ने थाने का निरीक्षण कर की कस्बे में पैदल गस्त



**बछरावां, रायबरेली।** अपने एक दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र लखनऊ तरुण गाबा ने बछरावां थाने का निरीक्षण कर थाना प्रभारी राजीव सिंह को मिशन शक्ति अभियान को और अधिक धार देने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम थाने में मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर थाने में मौजूद महिलाओं, छात्राओं एवं युवतियों को मिशन शक्ति की जागरूकता के विषय में बताया और उनके साथ वार्तालाप भी किया। साथ ही साथ उन्होंने कस्बे में पैदल गस्त कर कस्बे वासियों से वार्तालाप कर उन्हें कानून के संबंध में जागरूक भी किया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र लखनऊ तरुण गाबा गस्त के दौरान कस्बे के दुकानदारों से सामान्य एवं मानवीय दृष्टिकोण से बातचीत भी करते नजर आए। इस मौके पर उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा, थाना प्रभारी बछरावां राजीव सिंह सहित थाने का समस्त स्टाफ, पुलिसकर्मी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### डांस कंपटीशन में अग्रवाल पब्लिक की छात्राओं का उम्दा प्रदर्शन



**सीतापुर।** छत्रपति महाराज अग्रसेन जयन्ती के उपलक्ष्य में इण्टर कॉलेज डांस कम्पटीशन का आयोजन स्थानीय उत्सव गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया जिसमें अग्रवाल पब्लिक इण्टर की छात्राओं द्वारा बुराई पर अच्छाई की जीत का मंचन किया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं को पुष्कर किया गया। साथ ही किडजी सीतापुर के नन्हे –मुन्ने बच्चों द्वारा प्रमुख त्योहारों पर आधारित झांकी का रंगारंग प्रस्तुतीकरण किया जिसमें बच्चों ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### जिला खेल कार्यालय से 26 तक संपर्क कर सकते हैं जनपद के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

**सीतापुर।** जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र दिनांक 24 सितम्बर, 2025 के अनुपालन में अधीन विभिन्न जनपदों के अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की सूचना चाही गयी है। यदि कोई जनपद में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी हो तो व दिनांक 26.09. 2025 तक जिला खेल कार्यालय में अपने खेल प्रमाण–पत्र व शैक्षिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति उपलब्ध करा दें ताकि उक्त सूचना को खेल निदेशालय को उपलब्ध कराया जा सके। अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी की पात्रता के अनुसार खेल योग्यता अन्तर्राष्ट्रीय खेलों तथा ओलम्पिक गेम्स, कामनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स एवं वर्ल्ड कप/वर्ल्ड चैम्पियनशिप (प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित होने वाली) में प्रतिभाग किया हो।

### त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य विभाग की छापेमारी जारी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** नवरात्र एवं दशहरा पर्व को देखते हुए सहायक आयुक्त खाद्य सतीश शुक्ला के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर सिद्दीकी ने मंगलवार को विशेष अभियान के अंतर्गत फुरसतगंज थाना क्षेत्र के अकेलवा चौराहे पर छापामारी की कार्रवाई की। इस दौरान फौजी ढाबा परिसर स्थित राजबहादुर के पनीर कारखाने से मिलावट की आशंका को देखते हुए पनीर का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। मौके पर विक्रेता के पास खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम अंतर्गत पंजीकरण सही पाया गया। इसी क्रम में मोहम्मद इसराइल की किराना दुकान से सेंधा नमक का नमूना भी जांच हेतु लिया गया। दुकान का खाद्य पंजीकरण भी सही पाया गया। दोनों नमूनों को प्रयोगशाला भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि त्योहारों के समय खाद्य पदार्थ खरीदते समय गुणवत्ता और पंजीकरण की जांच अवश्य करें।

### पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय में हुआ मीना मंच का आयोजन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामों के अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय दखिनवारा में बुधवार को मीना मंच के अंतर्गत काल्पनिक पात्र मीना के जन्म दिवस के अवसर पर मीना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीना मंच के छात्राओं व छात्र पदाधिकारियो रिंकी, शिवानी, दिव्या, संजना, आर्यन, कोमल, अर्चना, पूजा द्वारा हर्षोल्लास के साथ केक काट कर मीना का जन्मदिन मनाया गया। नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार मौर्य द्वारा बच्चों को मीना मंच की संकल्पना एवं उद्देश्यों व मिशन शक्ति को विस्तृत रूप से बताया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में राज कुमार चौधरी, बजरंग बली, राकेश कुमार, बिपिन चौधरी, राजेश कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### चोरी की भैंस व घटना में प्रयुक्त पिकअप के साथ एक गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर केडी ईट भट्ठा की तरफ से आ रही पिकअप सं यूपी36एटी3369 को रोकने का प्रयास किया गया। पिकअप चालक ने पिकअप को तेजी से भगाने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा हिकमतअमली से उक्त पिकअप वाहन को रोक लिया गया। चालक से नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम जमशेर अली उर्फ छोटू पुत्र वारिस अली निवासी ग्राम डेढ़पसार थाना अमेठी बताया। पिकअप में पीछे बैठा एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। चालक से पिकअप वाहन का कागज मांगने पर दिखा न सका। पिकअप की तलाशी से एक भैंस पिकअप पर लदी मिली। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उनदोनों ने माह मई में थानाक्षेत्र अमेठी के ग्राम नौगिरवां में एक व्यक्ति के सरिया से एक भैंस को भी चोरी किया था जिसे रामनगर अमेठी के पशु बाजार में बेच दिया था एवं प्राप्त रुपये को खर्च कर लिया था। ग्राम नौगिरवां में हुई भैंस चोरी के संबन्ध में थाना अमेठी पर अभियोग पंजीकृत है।

# सुगम और सुरक्षित यातायात ही हमारा उद्देश्यः रायबरेली ट्रॉफिक पुलिस

- सीमित संसाधन और अव्यवस्थित शहर का ले आउट बन रहा जाम का कारण
- जागरूक नागरिक, जागरूक व्यापारी निजात दिला सकते है जाम के झाम से




दीपेंद्र कुमार

**रायबरेली।** व्यवस्थित और सुचारू यातायात की परिकल्पना तभी की जा सकती है जब आम नागरिक से लेकर खास नागरिक तक अपने दायित्व को समझें, शहर में लगने वाली जाम से तभी निजात मिल सकती है जब प्रत्येक नागरिक यातायात के नियमों को समझे और उन नियमों का अनुसरण करें। ट्रैफिक जाम से कभी भी किसी को भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। रायबरेली शहर में लगने वाली जाम का सबसे बड़ा कारण बजारों के अंदर पार्किंग की व्यवस्था का ना होना यह एक कारण है। इसके अतिरिक्त अगर लोग जो बाजार में खरीदारी के लिए जाते हैं या अपने किसी निजी कार्य के लिए जाते हैं अगर वह अपने दायित्व को समझें तो भी जम के जाम से बचा जा सकता है।

### पार्किंग की है आवश्यकता तभी साफ हो सकता है रास्ता

रोडवेज बस अड्डा से जिला अस्पताल चौराहे तक तथा न्यायालय के आसपास कोई भी पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण यातायात व्यवस्था बाधित होती है। ट्रैफिक यातायात प्रभारी का कहना है कि बार एसोसिएशन अध्यक्ष व महामंत्री रायबरेली से व्यक्तिगत सम्पर्क करके समस्या के समाधान के बारे में वार्ता की गयी तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ न्यायालय के अंडरग्राउंड पार्किंग को जाकर देखा गया तो पार्किंग के अन्दर गाडी खडी करने की जगह नहीं है, पार्किंग पूर्णरूप से भरी है। बार एसोसिएशन द्वारा सुझाव दिया गया कि जिलाधिकारी रायबरेली कलैक्टर की अनुमति से जीआईसी विद्यालय के सामने जीआईसी के खाली पडे ग्राउंड में अधिवक्ताओ के वाहनो को पार्क करने की अनुमति मिल जाए तो समस्या का समाधान हो सकता है इसके अलावा पार्किंग की न्यायालय के आसपास कोई भी जगह नही है।

### अधिवक्ता बंधु करें सहयोग तो जाम मुक्त हो सकता है दीवानी परिसर का क्षेत्र



रोडवेज बस अड्डा, दिवानी गेट से जिला अस्पताल तथा दिवानी गेट से कोतवाली रोड तक अधिवक्ताओ के द्वारा सड़क के दोनो तरफ चार पहिया दोपहिया वाहनो को खड़ा करके न्यायालय के अन्दर चले जाते है, प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक सड़क के दोनो तरफ अवैध पार्किंग में खड़े वाहनो के कारण दिवानी गेट से रोडवेज बस अड्डा तक व रोडवेज बस अड्डा से जिला अस्पताल चौराहे तक पर्याप्त यातायात पुलिस बल लगाने के बावजूद भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### क्या कहा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने

यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु उपरोक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए इसका वैकल्पिक समाधान जीआईसी के खाली पडे ग्राउड में अधिवक्ताओ के वाहनों को अस्थाई रूप से पार्क कराने हेतु कलेक्टर को पत्र लिखा जाया जाएगा और होने वाली समस्या से अवगत कराया जाया जाएगा। राजकीय इण्टर कालेज रायबरेली के द्वितीय मैदान के आंशिक हिस्से को अधिवक्ताओं की वाहन पार्किंग बनाये जाने के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए अनुरोध किया जाएगा जिससे पार्किंग की समस्या का निदान हो सके तथा जनमानस के लिए यातायात सुगम हो सके।

## साधन सहकारी समिति के जीर्णोद्धार किए गए भवनों का सदर विधायक अदिति सिंह ने किया लोकार्पण

- साधन सहकारी समिति की सदस्यता अभियान में किसान बढ़-चढ़ कर ले हिस्साः जिला अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

दुसौती ग्राम पंचायत मे पंचम राज्य वित्त योजना अंतर्गत क्षेत्र पंचायत अमावा जनपद रायबरेली वर्ष 2023 24 साधन सहकारी समिति दुसौती एवं अन्य ग्राम पंचायतों में साधन सहकारी समिति के जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार किया गया था। जिसका लोकार्पण सदर विधायक अदिति सिंह के द्वारा दुसौती ग्राम पंचायत में मुख्य अतिथि के तौर पर किया गया। तो वही साधन सहकारी समिति के जिला अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने समिति के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत किसानों से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि साधन सहकारी समिति से जुड़ने से किसानों को बहुत सारे फायदे हैं और वह बिचौलिए के चक्करों से बच सकते हैं। इस मौके पर सुशील शर्मा उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रायबरेली, कुंवर बहादुर सिंह डायरेक्टर, राजन सिंह एडीओ कांपरेटिव शाखा प्रबंधक, निशा मौर्य शाखा अमावा, रंणजय सिंह नजीर डीसीबी रायबरेली, अजय तिवारी डीसीबी रायबरेली अध्यक्ष दुसौती, मनमोहन सिंह सचिव, धर्मेंद्र सिंह अध्यक्ष रसहेता, आलोक सिंह सचिव, सौरव यादव अध्यक्ष लोधवामऊ, भारत सिंह सचिव लालूपुर, विवेक कुमार तिवारी, आशीष सिंह पहरेमऊ, मनीष यादव रसहेता, समीर अहमद लोधवामऊ, आकर्ष दीक्षित लालूपुर पूर्व सचिव डिघिया, शेर बहादुर विधायक प्रधान दुसौती, राजेन्द्र सिंह प्रतिनिधि, कमल बजाज प्रधान बैखरा, अमर कुमार द्विवेदी प्रधान अमावा, गया यादव प्रधान घूराडीह, दिनेश सिंह प्रधान अशर्फाबाद, ऋषि सिंह प्रधान पिंडारी खुर्द, केतन सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### सर्प दंश से महिला की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रघुनाथ खेड़ा मजरे रैन गांव में गुरुवार की दोपहर चारपाई पर सोते समय एक महिला को सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। इलाज के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल महिला शीला पत्नी धर्मवीर उम्र 25 वर्ष निवासी रघुनाथ खेड़ा मजरे रैन गुरुवार दोपहर अपने घर में चारपाई पर सो रही थी। तभी उसे किसी जहरीले सर्प ने डस लिया। महिला की चीख पुकार सुनकर परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी बछरावां लेकर पहुंचे। जहां मौजूद डॉक्टर भावेश यादव के द्वारा महिला का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर में चला वृहद स्वच्छता अभियान



**बछरावां, रायबरेली।** दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा 2025 के निमित्त नगर पंचायत बछरावा द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कस्बे में स्थित बस स्टॉप परिसर, नगर की गलियों सहित सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद लोगों के द्वारा झाड़ू लगाकर साफ सफाई की गई और कूड़ा उठाने का काम किया गया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता की सेवा के संकल्प के अंतर्गत गुरुवार को नगर पंचायत बछरावां में साफ सफाई अभियान चलाया गया है तथा इस अभियान के अंतर्गत नगर वासियो से अपील भी की गई है कि वह इस अभियान में सहयोग प्रदान करें और अपने गली, मोहल्ले व अपने घर को साफ सुथरा रखें। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, कस्बे में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर हनुमंत शरण त्रिपाठी, सभासद कुंवर वीरभान सिंह, सभासद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी, सभासद प्रतिनिधि आशीष कुमार, सभासद प्रतिनिधि नदीम रायनी, सभासद शंभू दयाल सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी एवं अन्य सभासद व नगर वासी मौजूद रहे।

## भाजपायों ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**महराजगंज, रायबरेली।** भाजपाइयों ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर को जन्मे पंडित दीनदयाल को भारतीय जनता पार्टी के अंत्योदय व गरीबों के मसीहा रूप में जाना जाता है। नगर पंचायत महराजगंज में अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा नगर पंचायत सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर तथा उनके जीवन पर प्रकाश डालकर मनाई गई। तथा विकासखंड क्षेत्र के सलेथू गांव में भाजपा के नेताओं द्वारा जन्म जयंती मनाई गई भारतीय जनता पार्टी के नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहां की पंडित दीनदयाल के जीवन पर आज प्रकाश डाला गया है और जन्म जयंती मनाई गई है तो वहीं डॉ एमडी पासी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल हम सभी के बीच गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं अंत्योदय तथा अन्न के महत्व एवं हर व्यक्ति को अन्न मिले इसके लिए वह हमेशा संघर्ष के लिए जाने जाएंगे। नगर पंचायत में सभासद धर्मेंद्र वर्मा, अमित श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष महाराजगंज मंडल महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजदेव सिंह सलेथू मे उमेश मिश्रा, आरपी साहू, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह, राम प्रकाश गौतम, साधु लोधी मौजूद रहे।

## पं. दीनदयाल का संपूर्ण जीवन सभी के लिए एक प्रेरणा हैः अनूप गुप्ता

- दीनदयाल जयंती पर प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने प्रदर्शनी का किया उद्घाटन, लोगों से खादी व स्वदेशी वस्तुओं से जुड़ने का किया आह्वान



सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहे इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान सहित भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन किया तत्पश्चात उपस्थित सभी नेताओं ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान किया गया। सर्वप्रथम अपने स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संपूर्ण जीवन पर संक्षिप्त चित्रण प्रस्तुत किया गया एवं आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान द्वारा उनके लखीमपुर में किए गए कार्यों का वर्णन विस्तार से किया गया। अपने उद्बोधन में बोलते हुए मुख्य अतिथि एमएलसी व प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता द्वारा उनके जन्म से लेकर संपूर्ण जीवन काल में किए गए कार्यों पार्टी सेवा शिक्षा एवं पत्रकारिता के विषय में विस्तार से अपनी बात रखी। साथी उन्होंने कहा कि उनका जीवन सभी के लिए एक प्रेरणा है उन्होंने उनके विचार व्रत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित भी किया। और एक महत्वपूर्ण बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी कार्य करने में कठिनाई हो तब व्यक्ति को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं साहित्य को पढ़ना चाहिए उसको निश्चित तौर से कठिनाई से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री उदित बाजपेई द्वारा किया गया जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभियान संयोजक रोहित सिंह, नगर पालिका सीतापुर प्रतिनिधि नमिद्र अवस्थी, नगर पालिका खैराबाद प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता, सुधाकर शुक्ला नैमिष रत्न तिवारी, संजय मिश्रा विश्राम सागर राठौर, इंदू सिंह चौहान, रामप्रताप सिंह, अमन विक्रम सिंह, हरगांव अध्यक्ष नगर पालिका गफ्फार खान, रामजीवन जायसवाल आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समर्थक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत, हंगामा

- परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप



अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

जनपद के मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल एक बार फिर विवादों में आ गया है, बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान 18 वर्षीय युवक की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के दौरान ही युवक की मौत हो गई थी, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने यह जानकारी छुपाई और इलाज का बहाना बनाकर करीब तीन लाख रुपये फर्जी वसूले। मृतक कपिल सरोज 18 वर्ष निवासी बलभद्रपुर मजरे कौहार गौरीगंज को हृदय रोग की बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने आरोप लगाया कि जब उन्हें शक हुआ और वे ऑपरेशन थिएटर के नज़दीक पहुंचे तो अंदर जाकर देखा कि उनका बेटा मृत पड़ा है। घटना के विरोध में परिजनों और सुरक्षा गार्डो के बीच झड़प हो गई। संजय गांधी अस्पताल का यह पहला विवाद नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में मरीजों से मनमाने ढंग से पैसे वसूले जाते हैं, फोर व्हीलर वाहन से मरीजों को अंदर पहुंचाने पर 20 रुपए वसूला जाता है, चाहे वाहन मरीज को अंदर छोड़कर तत्काल वापस आ जाए फिर भी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा ने स्थिति को संभालते हुए अस्पताल में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह ने बताया कि युवक का हृदय वॉल्व खराब होने के चलते कार्डियो थोरैसिक सर्जरी की गई थी। मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित की गई है जिसमें एसीएमओ डॉ पीके उपाध्याय, एसीएमओ डॉ रामप्रसाद, एनेस्थेसिस्ट अभय गोयल तथा सर्जन डॉ रमेश कुमार शामिल हैं। मामले की जांच कराई जा रही है यदि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पाई गई तो दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## जीएसटी की नेस्ट जेनरेशन से आम आदमी के चेहरे पर आएगी मुस्कानः मयंकेश्वर



सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

जीएसटी के नए स्लैब में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा दी गई विशेष छूट से जहां देश की जनता को बड़ी राहत मिली है वहीं यह छूट आम आदमी के चेहरे पर मुस्कान भी लाई है उक्त उद्बोधन जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा के एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार गरीब कल्याण के लिए प्रतिज्ञाबद्ध है ऐसे में जीएसटी का यह नया स्लैब निश्चित तौर से देश की आम जनता के लिए एक वरदान साबित होगा। जीएसटी के संबंध में उन्होंने कुछ उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया की दूध पनीर पेंसिल नोटबुक के साथ 33 जीवन रक्षक दवाइयां ऐसी है जिन्हें इस कर में शून्य कर दिया गया है साथ ही साथ दवाइयां मक्खन और घी चीनी पैकेज नमकीन पर 12% के स्थान पर 5त्न जीएसटी दे होगा जो की एक बड़ी छूट है शैंपू टूथपेस्ट और चॉकलेट पर 18 परसेंट के स्थान पर 5फीसद जीएसटी दे होगा जिससे आम आदमी को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के मूल मंत्र को लेकर कार्य कर रही है इसी के तहत वह निरंतर अपने कार्यों एवं योजनाओं से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास का कार्य कर रही है इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों के जीएसटी से संबंधित सभी सवालों का जवाब भी दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा झल्लर, विष्णु मौर्य, अतुल गुप्ता, नगर पालिका सीतापुर अध्यक्ष प्रतिनिधि नमिंद्र अवस्थी उपस्थित रहे।

### बिना अनुमति पेड़ काटने पर डीएफओ ने की कार्रवाई

**अमेठी।** प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि मंगलवार को तिलोई तहसील के ग्राम शिवपुर मजरे भदमर स्थित कमई बार्डर पर वर्षा व आंधी–तूफान के कारण दो हरे आम के पेड़ गोलाई क्रमशः 2.95 मीटर एवं 1.70 मीटर गिर गए थे। ये वृक्ष ग्राम शिवपुर मजरे भदमर निवासी चन्द्रभान मिश्र पुत्र स्व. लालता प्रसाद मिश्र के खेत में गिरे थे। मिली जानकारी के अनुसार, उक्त गिरे हुए पेड़ों को चन्द्रभान मिश्र तथा ग्राम रस्तामऊ निवासी हलीम पुत्र मोहम्मद तकी एवं वारिस अली पुत्र करम मोहम्मद द्वारा बिना वन विभाग की अनुमति के काटा जा रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की और आरोपितों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत आशा कार्यकर्त्रियों ने निकाली जन जागरूकता रैली

- जिलाधिकारी हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर से आशा कार्यकर्त्रियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान आशा कार्यकर्त्रियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारी सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े संदेश दिए। स्लोगनों के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, एवं आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक शक्ति है। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से सरकार का उद्देश्य यही है कि हर महिला व बालिका अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे। हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी महिला या बालिका असुरक्षित महसूस न करे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, बड़ी संख्या में आशा कार्यकत्रियां तथा अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां हुईं सम्मानित



**अमेठी।** राष्ट्रीय पोषण माह एवं मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत विकास खंड भेटुआ में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा प्रारंभिक बाल्य देखभाल एवं शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान वितरण जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी भेटुआ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चाइल्ड लाइन से उपस्थित गौरव श्रीवास्तव ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं महिला सुरक्षा से जुड़े अधिनियमों की जानकारी प्रदान की। बाल विकास परियोजना अधिकारी भेटुआ अरविंद कुमार व्यास ने राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अपने संबोधन में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार द्वारा एक साथ तीन महत्वपूर्ण अभियान राष्ट्रीय पोषण माह, स्वस्थ नारी–स्वस्थ परिवार एवं मिशन शक्ति 5.0—चलाए जा रहे हैं। ये अभियान महिलाओं के स्वावलंबन, सुरक्षा, सम्मान तथा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से सीधे जुड़े हैं। ऐसे में सभी की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। पोषण जागरूकता एवं मिशन शक्ति की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर रॉकेट लर्निंग के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर दीपक कौशल, सुरेश कुमार यादव, सुपरवाइजर जयावती, प्रभावती सहित परिक्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां मौजूद रहीं।

## लेह में हिंसा की तपिश

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक बीते पंद्रह दिनों से अनशन पर थे। इन्हीं मुद्दों के समर्थन में यह आंदोलन चल रहा था। हालांकि, हिंसा के बाद उन्होंने अपना अनशन त्याग दिया है। उन्होंने आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। हिंसा व आगजनी के बाद केंद्र शासित प्रदेश में संचारबंदी लागू की गई है। समाचार माध्यमों में कुछ आंदोलनकारियों के मारे जाने की बात भी कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से केंद्रशासित प्रदेश में लद्दाख को पूर्ण राज्य देने की मांग को लेकर समय-समय पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। बताया जाता है कि पिछले पैंतीस दिनों से कुछ लोग अनशन कर रहे थे। परसों उनमें से दो लोगों की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद लोगों में आक्रोश बढ़ा। प्रतिक्रिया स्वरूप लेह बंद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन कालांतर हिंसक प्रतिरोध में बदल गया। घटनाक्रम के बाद जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों ने हिंसा के लिये केंद्र को निशाने पर लिया है। कहा गया कि आंदोलनकारी लेह की अस्मिता को संरक्षण देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी माह में एक वार्ता का दौर निर्धारित था,लेकिन आंदोलनकारी इससे पहले ही इस दिशा में पहल की मांग करते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों के नेता लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद लोगों की आकांक्षा पूर्ण न होने पर उपजे आक्रोश को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि लेह के लोग अधूरे वायदों से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और इसी वजह से आंदोलनकारियों की हिंसक अभिव्यक्ति सामने आई है।

जम्मू-कश्मीर के विपक्षी नेताओं द्वारा सवाल उठाये जा रहे हैं कि 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने पर जश्न मनाने वाले लद्दाख के लोगों में आज आक्रोश क्यों पनप रहा है? वे इस अभिव्यक्ति के आलोक में जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को फिर वापस लौटने की भी मांग कर रहे हैं। नि:संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि लेह के आंदोलनकारी कई सालों से भूमि संरक्षण व संस्कृति की रक्षा के लिये इस केंद्रशासित प्रदेश को संविधान की छठी अनुसूची का कवच देने तथा पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना था कि केंद्र शासित प्रदेश बनने से क्षेत्र के लोगों की आंकाक्षा पूरी नहीं हुई। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिये आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिये कोई विशेष अभियान भी नहीं चला। जिससे बेरोजगारों में खासा रोष व्याप्त रहा है। वहीं लद्दाख की अस्मिता को संरक्षित करने के लिये छठी अनुसूची की मांग लंबे समय से की जाती रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा ने वर्ष 2019 के घोषणापत्र में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने का वायदा किया था। लेकिन अब इस पर आनाकानी की जा रही है। आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है।

# जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य

*योगेश कुमार गोयल*

हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

**विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस (26 सितम्बर) पर विशेष**

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्य : आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्य- हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।



बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' (आईएफईएच) द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली (इंडोनेशिया) में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है।

इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है।

बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' (आईएफईएच) द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली (इंडोनेशिया) में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है।

बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है। किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को मापने में पर्यावरणीय स्वास्थ्य संकेतक, प्रदूषण का स्तर, पारिस्थितिकी में विविधता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता की शर्तें, कृषि उत्पादकता इत्यादि प्रमुख भूमिका निभाते हैं। पर्यावरणीय स्वास्थ्य की देखभाल के महत्व को दर्शाता विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस वास्तव में न केवल पारिस्थितिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की वकालत करता है बल्कि मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय स्वास्थ्य के पड़ने वाले प्रभाव और संबंध को समझने की जरूरत पर भी जोर देता है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**विचार**

# राष्ट्रीय नीतियां व जनसंख्या का अतिरेक, विकास की धीमी गति

*संजीव ठाकुर*

जनसंख्या किसी भी राष्ट्र का आधार होती है। यह न केवल समाज के ढाँचे को आकार देती है बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विकास को भी दिशा देती है।संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2023 में चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। यह स्थिति भारत के लिए दोहरी चुनौती है।

एक ओर हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी श्रमशक्ति और विशाल उपभोक वर्ग है। दूसरी ओर, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की कमी हमें इस जनसंख्या लाभांश (डेमोग्राफिक डिविडेंड) को बोझ में बदलने की ओर धकेल सकती है।इतिहास साक्षी है कि जब भी किसी राष्ट्र ने अपनी जनसंख्या सही दिशा दिखाई है तो उसे राष्ट्र ने विकास की धारा को अपना कर एक विकसित राष्ट्र बनाया है। लेकिन जब यही जनसंख्या अनियंत्रित हो गई, तो वह गरीबी, बेरोजगारी और नियत संसाधनों के ह्रास का कारण बन कर देश को अन्य देशों की तुलना में काफी पीछे ढ़केल दिया है। भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनसंख्या का प्रश्न केवल आँकड़ों का ही नहीं बल्कि विकास के पैमाने का भी है। देश की 65: जनसंख्या युवा जनसंख्या है यह स्थिति भारत को दुनिया की सबसे बड़ी श्रमशक्ति प्रदान करती है। यदि इन्हें सही शिक्षा और प्रशिक्षण मिले तो यह जनसंख्या भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने में सहायक हो सकती है। अधिक जनसंख्या का मतलब बडी उपभोक्ता शक्ति और संभावनाएं। यही कारण है कि वैश्विक उपभोक्ता कंपनियाँ भारत को अपनी सामग्री बेचने का सबसे बड़ा बाजार मानती हैं। विशाल जनसंख्या के कारण यहाँ वस्तुओं और सेवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है, जिससे उद्योग-धंधों को लगातार निरंतर प्रोत्साहन मिलता है। अधिक लोग, अधिक विचारधारा, बड़ी आबादी के बीच से नई सोच, तकनीकी आविष्कार और सृजनशीलता के अवसर बढ़ते हैं। भारतीय युवाओं की प्रतिभा ने आईटी, स्टार्टअप और वैज्ञानिक अनुसंधान में विश्व पटल पर भारत की साख मजबूत की है। विविध जनसंख्या भारत की सांस्कृतिक शक्ति है। अलग-अलग भाषाएँ, परंपराएँ और जीवनशैली समाज को गतिशील और समृद्ध बनाती हैं। यही विविधता भारत को विश्व मंच पर बहुलता में एकता का संदेश देने योग्य बनाती है। भारत की सबसे बड़ी और गंभीर समस्या यह है कि हर साल।लाखों युवा श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं, परंतु उनके लिए पर्याप्त रोजगार के संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं परिणामस्वरूप बड़ी आबादी बेरोजगार रह जाती है या असंगठित क्षेत्र में कम आय पर काम करती है। बेरोजगारी तथा अत्यधिक जनसंख्या का सीधा असर परिवार की आय पर पड़ता है।



बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिताने को विवश हैं। यही गरीबी अशिक्षा और कुपोषण को जन्म देती है, जिससे विकास का चक्र धीमा पड़ जाता है। भूमि, जल, ऊर्जा और खनिज जैसे प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं। लेकिन बढ़ती जनसंख्या इनके अति-दोहन का कारण बनती है। जल संकट, भूमि क्षरण और ऊर्जा की कमी जैसी समस्याएँ तेजी से सामने आ रही हैं बढ़ती जनसंख्या का बड़ा हिस्सा रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन करता है। इससे महानगरों में झुग्गी-झोपड़ियाँ बढ़ती हैं, यातायात और प्रदूषण की समस्या गहराती है तथा जीवन स्तर गिरता है। जनसंख्या वृद्धि का सबसे बड़ा दुष्परिणाम पर्यावरण पर पड़ता है। प्रदूषण, वनों की कटाई, कचरे का बढ़ता ढेर और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन ये सभी अनियंत्रित आबादी के प्रत्यक्ष नतीजे हैं। जब जनसंख्या का बड़ा हिस्सा बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रह जाता है तो समाज में असंतोष, तनाव और अपराध बढ़ने लगते हैं। यही स्थिति सामाजिक असमानता और असुरक्षा को जन्म देती है।चीन ने जनसंख्या नियंत्रण में वन चाइल्ड पॉलिसी जैसी कठोर नीतियों का सहारा लिया, जबकि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के चलते जागरूकता और परिवार नियोजन पर जोर दिया गया है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों और अशिक्षित वर्गों में अभी भी जागरूकता का स्तर कम सरकारी कार्यक्रमों और जनसंचार माध्यमों के जरिए छोटे परिवार के लाभ समझाना आवश्यक है। गर्भनिरोधक साधनों की उपलब्धता और प्रचार-प्रसार बढ़ाना होगा। शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। खासकर महिला शिक्षा जनसंख्या नियंत्रण में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। शिक्षित महिला न केवल स्वयं जागरूक होती है बल्कि पूरे परिवार को बेहतर दिशा देती है। युवा शक्ति को सही दिशा तभी मिल सकती है जब उन्हें काम मिले। सरकार को कौशल विकास योजनाओं और उद्यमिता को बढ़ावा देना होगा। स्टार्टअप और लघु उद्योग इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। शहरों पर बोझ कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आधारभूत सुविधाओं का विकास आवश्यक है। इससे पलायन रुकेगा और संतुलित विकास होगा। जनसंख्या को उत्पादक संसाधन बनाने के लिए स्वास्थ्य सुविधाएँ सुलभ और किफायती बनानी होंगी। कुपोषण और मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने पर विशेष ध्यान देना होगा। भारत के लिए जनसंख्या एक दोधारी तलवार है। यदि इसे सही दिशा, शिक्षा और रोजगार मिले तो यही जनसंख्या हमें विश्व शक्ति बनाने का सबसे बड़ा आधार बन सकती है। लेकिन यदि यह अनियंत्रित और अशिक्षित रही तो यही जनसंख्या गरीबी, बेरोजगारी और अशांति का सबसे बड़ा कारण भी बन सकती है।अतः आवश्यकता है कि हम इसे केवल बोझ न मानें, बल्कि अवसर के रूप में देखें और नियंत्रण, शिक्षा और विकास के माध्यम से इसे राष्ट्र की शक्ति में परिवर्तित करें।

**साहित्य**



## प्रेम की गांठ

**प्रांशु वर्मा**

मुझे तुमसे नफरत नहीं,
बस प्रेम की एक जटिल गाँठ है,
खुलती नहीं है, कसती जाती है,
तुम्हारे हर छूने से –
कभी मुलायम, कभी कठोर।
तुम्हारी उँगलियों की छुअन में
करुणा है, मैं देखता हूँ।
एक दृष्टि फेंकती हो,
और दूर किसी और की बाहों में
अपनी साँसें छोड़ देती हो।
मेरा प्रेम कोई कुचला हुआ फूल है,
तुम्हारे कदमों के नीचे,
और तुम उसे उठा नहीं पातीं,
सिर्फ़ देखती हो दया से,
जैसे एक बेजान चीज़ को देखा जाता
है।
मैं सोचता हूँ –
शायद एक दिन
तुम्हारा दिल अपने ही बीहड़ में
मेरे लिए किसी छाँव की तलाश में
निकलेगा,
जहाँ यह नफरत और प्यार की जंग
किसी शांत अंत की ओर बढ़ सकेगी।



## राशिफल

**मेष:**- आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभ:**- मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुन:**- लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क:**- कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंह:**- आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्या:**- आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुला:**- व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

वृश्चिक:- आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें।

**धनु:**- आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकर:**- व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभ:**- आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन:**- गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी।

# लद्दाख हिंसा का जिम्मेदार कौन

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

लद्दाख, जो अब तक शांति और सौहार्द की भूमि के रूप में जाना जाता था, इस समय वह हिंसा और अशांति की लपटों में झुलस रहा है। यहां भड़की हिंसा ने पूरे देश को चौंका दिया। चार लोगों की मौत, अस्सी से अधिक घायल, तीस से ज्यादा सुरक्षाकर्मी लहूलुहान और पूरा लेह कर्फ्यू की गिरफ्त में; यह तस्वीर उस आंदोलन की है जो राज्य का दर्जा और संवैधानिक सुरक्षा पाने के लिए शुरू हुआ था, किंतु देखते ही देखते अराजकता में बदल गया। सवाल उठता है कि आखिर इस त्रासदी का जिम्मेदार कौन है?

केंद्र सरकार ने सीधे तौर पर सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को कटघरे में खड़ा किया है। गृह मंत्रालय का बयान है कि वांगचुक ने भड़काऊ भाषण दिए, अरब स्प्रिंग और नेपाल के जेन-जी आंदोलन का हवाला देकर युवाओं को गुमराह किया और भीड़ को हिंसा की ओर मोड़ दिया। वांगचुक ने जिस मांग को लेकर 10 सितंबर से भूख हड़ताल शुरू की थी, उस पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति पहले से ही चर्चा कर रही थी। आरक्षण बढ़ाने से लेकर नौकरियों की भर्ती और भाषाओं को मान्यता देने तक कई फैसले इसी बातचीत के जरिए लिए गए और जो शेष थे वे लिए जा रहे थे, फिर भी आंदोलनकारी धैर्य रखने को तैयार नहीं रख सके। सोनम वांगचुक ने इन्हीं मांगों को लेकर अनशन शुरू किया था। पंद्रह दिनों तक भूख हड़ताल पर रहकर उन्होंने पूरे देश का ध्यान लद्दाख की ओर खींचा। पर यह क्या, हिंसा भड़कने के ठीक उसी दिन उन्होंने उपवास तोड़ दिया और भीड़ को काबू करने की बजाय एम्बुलेंस से गांव लौट गए। साफ दिखा कि कैसे वांगचुक ने स्थिति संभालने की कोई कोशिश नहीं की। इसके उलट उन्होंने युवाओं के गुस्से को और हवा दी। परिणाम बहुत दुखद हैं, आज लेह में हिंसा के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी गई है। वास्तव में यह स्थिति केवल कानून व्यवस्था का संकट नहीं, बल्कि लद्दाख की राजनीति और भारत के संघीय ढांचे के लिए गहरी चुनौती है। आरोप कांग्रेस पर भी हिंसा भड़का कर लाभ लेने के लग रहे हैं।

लेह के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने भी कहा कि इस आंदोलन में साजिश की गंध आती है और बाहरी लोग भी इसमें शामिल हो सकते हैं। देखा जाए तो ये घटना हमें एक बार फिर याद दिलाती है कि अराजकता और हिंसा से किसी का भला नहीं होता। आंदोलन की मांगें चाहे कितनी भी जायज हों, लेकिन अगर वे हिंसा के रास्ते से पूरी करने की कोशिश की जाए तो केवल खून-खराबा ही हाथ लगता है। जिस कांग्रेस और सोनम वांगचुक पर इस हिंसा को शह देने के आरोप लग रहे हैं, उन्हें क्या यह समझ नहीं आता कि महात्मा गांधी की तस्वीर लगा लेने से काम नहीं चलता, उन्होंने जो कहा है, जरूरत उस को व्यवहार में लाने की है।

कहना होगा कि ये गांधीजी के कहे पर अमल करते तो आज लद्दाख में ये अराजक हिंसात्मक स्थिति पैदा नहीं होती। महात्मा गांधी का कथन है, साधन और साध्य दोनों शुद्ध होने चाहिए। अगर लद्दाख के लोगों की मांग सही है तो उसे शांतिपूर्ण और संवैधानिक रास्ते से ही हासिल किया जाना चाहिए। हिंसा से केवल पर्यटन और रोजगार को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। समाज को विभाजित करके देश के भीतर बैठे दुश्मनों को और सीमाओं पर बैठे दुश्मनों को अवसर देने का ही काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार का यहां कहीं पक्ष अनुचित नजर नहीं आ रहा है, वह लद्दाख की जनता को संवैधानिक सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध दिखती है। उसने नए जिलों के गठन से लेकर आरक्षण, भाषा और नौकरियों पर कई कदम उठाए हैं। यह भी सच है कि राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल होने की मांग पर ठोस निर्णय लिए जाने के लिए बातचीत चल रही है। उच्चाधिकार प्राप्त समिति की अगली बैठक 6 अक्टूबर को दिल्ली में होनी है। पर सवाल है कि क्या 24 सितंबर की हिंसा के बाद अब संवाद का माहौल बचा रहेगा? निश्चित ही इस हिंसा ने राज्य और केंद्र के बीच के संवाद को एक गहरी चोट दी है। चार परिवारों ने अपने अपनों को खो दिया है। यह नुकसान किसी राजनीतिक लाभ या नारे से पूरा नहीं हो सकता।

सरकार कहे कि यह भीड़ की गलती थी, आंदोलनकारी कहें कि यह सरकार की लापरवाही थी, लेकिन सच्चाई यह है कि दोनों पक्षों ने जिम्मेदारी निभाने में कमी की। आंदोलनकारी नेताओं ने लोगों की भावनाओं को संभालने के बजाय उन्हें भड़काने का काम किया है।

आज जरूरत इस बात की है कि लद्दाख को फिर से विश्वास और शांति की राह पर लौटाया जाए। हिंसा की लद्दाख की आग ने पूरे देश को झकझोर दिया है। बांगचुक जैसे नेता चाहे यह सोचकर खुश हों कि उन्होंने सत्ता को हिला दिया, लेकिन सत्ता को हिलाने का गर्व उन चार निर्दोष जानों की कीमत पर कभी उचित नहीं ठहराया जा सकता। हिंसा ने आंदोलन की नैतिकता को कमजोर किया है। आंदोलन का उद्देश्य था अधिकार पाना, लेकिन परिणाम हुआ अराजकता और मौतें। यह स्थिति किसी भी जिम्मेदार नागरिक को स्वीकार्य नहीं हो सकती। इसलिए आज सबसे बड़ी आवश्यकता है कि जिम्मेदारी तय हो, दोषियों को सजा मिले।

हम यह तय करें कि देश को कमजोर करने वाले और समाज को हिंसा की ओर धकेलने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को समर्थन नहीं दिया जाएगा। अराजकता से केवल दुश्मनों का भला होता है, जनता का नहीं। भारत की ताकत उसकी विविधता, लोकतंत्र और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में है। अगर हम इन मूल्यों को छोड़ देंगे तो न लद्दाख सुरक्षित रहेगा, न देश। अब जबकि हालात बिगड़ चुके हैं, केंद्र और लद्दाख के नेतृत्व दोनों को आत्ममंथन करना चाहिए।

सरकार को चाहिए कि संवाद में तेजी लाए, भरोसा बहाल करे और जो भी संवैधानिक रास्ते हैं उनका इस्तेमाल कर जनता की चिंताओं को दूर करे। दूसरी ओर आंदोलनकारी नेतृत्व को समझना होगा कि हिंसा से न तो राज्य का दर्जा मिलेगा, न छठी अनुसूची का लाभ। वह केवल खून और राख छोड़ जाएगी। असहमति लोकतंत्र में स्वाभाविक है लेकिन अगर असहमति हिंसा में बदल जाए तो लोकतंत्र कमजोर हो जाता है, यह बात आज सभी को समझने की जरूरत है। यह केवल लद्दाख का संकट नहीं बल्कि पूरे भारत के लिए चेतावनी है। आज हमें यह संकल्प लेना होगा कि चाहे कोई भी असहमति हो, चाहे मांग कितनी भी बड़ी क्यों न हो, उसे शांति और संवैधानिक रास्ते से ही पूरा किया जाएगा। यही लोकतंत्र की असली ताकत है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# निर्माण कार्य में तेजी लाएं, गुणवत्तापूर्ण हो छात्रावासः विधायक

**विधायक अमन गिरि ने कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज के निर्माणाधीन भवन का किया औचक निरीक्षण**



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुड़ापासी में निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज एवं आवासीय छात्रावास का विधायक अमन गिरि ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। विधायक अमन गिरि ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग के अभियंताओं से निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि तय समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए ताकि छात्राओं को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जैसे संस्थान ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। निर्माणाधीन छात्रावास में साफ-सफाई, वेंटिलेशन, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान केके शुक्ला, रामगुलाम पांडे, भोली गिरि समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने विधायक से अपेक्षा जताई कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण हो और क्षेत्र की बेटियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का लाभ मिल सके।

## सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन, विधायक अमन गिरी ने किया रक्तदान

**गर्भवती महिलाओं के लिए ब्लड यूनिट स्टोरेज मशीन का शुभारंभ, स्वास्थ्य सुविधाओं का हो रहा विस्तार**



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के पावन अवसर पर विधानसभा गोला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अमन अरविंद गिरी जी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित किए और अपने साथियों के साथ रक्तदान किया। यहाँ उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र के हर नागरिक को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। सेवा पखवाड़ा एक संकल्प है– समर्पण का, सेवा का और विकास का। रक्तदान शिविर के साथ–साथ विधायक अमन गिरी ने गर्भवती महिलाओं के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में ब्लड यूनिट स्टोरेज मशीन का शुभारंभ किया। इससे अब इमरजेंसी की स्थिति में रक्त की अनुपलब्धता के कारण गर्भवती महिलाओं को कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक और बड़ी पहल करते हुए गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी की जांच और इलाज के लिए अत्याधुनिक मशीन स्थापित की गई है। इससे अब मरीजों को सही समय पर जांच और उचित इलाज मिल सकेगा। इस मौक़े पर नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू शुक्ला, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, अवधेश मिश्रा, राजन साहनी, सभासद भोली गिरी, राजू रावत, पूर्व सभासद संजय वर्मा, धर्मेंद्र गिरी 'मोंटी भैया', भाजपा कार्यकर्ता व स्टाफ उपस्थित रहा।

## खबरें एक नजर में

### थर्ड बटालियन एसएसबी ने किया हरिशंकर प्रशिक्षण का शुभारंभ



**सिंगाही खीरी।** ब्लॉक निघासन के बदालपुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय दुखनी देवी स्थान पर एसएसबी की थर्ड बटालियन, डांगा कैंप द्वारा हरिशंकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र की 30 बेटियों को सिलाई मशीन से जुड़ी तकनीक की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह प्रशिक्षण 25 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे स्वरोजगार के प्रति जागरूक हो सकें। मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे तृतीय कमान अधिकारी एम. डी. तमार ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बेटियों को प्रेरित करते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया और ग्रामीणों से बेटियों को शिक्षा व रोजगार में प्रोत्साहित करने की अपील की। कार्यक्रम में थर्ड बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट डांगा चेतराम नेगी, हरिशंकर संचालक एनजीओ लक्ष्मी शर्मा, ग्राम प्रधान गुलरिया पत्थर आशिक अली, ग्राम प्रधान कड़िया मीना देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### खनन माफियाओं ने बुजुर्ग किसान को कुचला, मौके पर मौत

**संपूर्णानगर खीरी।** तराई क्षेत्र में खनन माफियाओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। खीरी जिले के संपूर्णानगर निवासी किसान इंद्रजीत सिंह (बुजुर्ग) की पीलीभीत जिले के हजारा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात खनन माफियाओं ने ट्रैक्टर–ट्रॉली से कुचलकर हत्या कर दी। घटना उस समय हुई जब ग्रामीणों ने खेतों और नदी किनारे हो रहे अवैध खनन का विरोध किया। जानकारी के मुताबिक खनन माफिया देर रात नदी किनारे से बालू निकाल रहे थे। ग्रामीणों ने जब इसका विरोध किया तो माफियाओं के गुर्गों ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया। मौके पर इंद्रजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन–फानन में उन्हें पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य किसान किसी तरह भागकर जान बचाने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही हजारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर–ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने तीन नामदर्ज 1. आलम अली पुत्र भसरुद्दीन 2. हेमंत माहेश्वरी पुत्र गिरीश गुप्ता हाल पता संपूर्णानगर खीरी 3. अरविंद यादव पुत्र तेज बहादुर यादव समेत 9 अज्ञात लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद तराई क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। रातों–रात उपजाऊ खेतों की मिट्टी खोदी जा रही है और नदियों के किनारे जेसीबी से गहरी खुदाई की जा रही है। संपूर्णानगर और पीलीभीत क्षेत्र के खनन माफिया मिलकर बालू चोरी–छिपे बेच रहे हैं। किसानों का कहना है कि इससे उनकी फसलें बर्बाद होने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफियाओं के हौसले किसी संरक्षण के बिना इतने बुलंद नहीं हो सकते। सवाल उठ रहा है कि आखिर किनके इशारे पर ये माफिया खुलेआम कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। फिलहाल किसान इंद्रजीत सिंह की मौत से पूरे क्षेत्र में आक्रोश है। ग्रामीणों ने खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अवैध खनन पर तत्काल रोक की मांग की है।

### सर्पदंश पखवाड़े पर जिला अस्पताल में गोष्ठी, दिए गए बचाव के उपाय



**लखीमपुर खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को जिला चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मोतीपुर ओयल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएस डॉ. आर.के. कोली ने की। सर्पदंश से बचाव के लिए सीएमएस डॉ आरके कोली लोगों को सलाह दी गई कि हमेशा बंद जूते पहनें, अंधेरे में बाहर जाते समय टॉर्च का प्रयोग करें, अनाज और खाने का सामान ढककर रखें तथा घर की दीवारों के छेद बंद करें ताकि चूहे या सांप भीतर न आ सकें। लकड़ी या अन्य सामान उठाने से पहले छड़ी से हिलाकर देखें, जमीन पर सोने से बचें और मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास की घास काटकर और सफाई बनाए रखकर भी जोखिम कम किया जा सकता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। गोष्ठी में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.पी. वर्मा, डॉ. शिखर बाजपेई, डॉ. शिशिर पांडे और डॉ. विवेक यादव ने स्वास्थ्य कर्मियों को सर्पदंश के लक्षण, प्राथमिक उपचार और बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि सर्पदंश के बाद रोगी को तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाकर हिलने–डुलने से बचाना चाहिए और बिना देर किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाना चाहिए। झाड़–फूंक, जड़ी–बूटी या चीरा–चिप्पी जैसी परंपरागत पद्धतियाँ खतरनाक होती हैं। समय पर एंटी–स्नेक वेनम इंजेक्शन दिए जाने से रोगी की जान बचाई जा सकती है।

### अचलपुर चौधरी में 200 वर्ष पुरानी रामलीला का उद्घाटन भाजपा नेता महेन्द्र पाण्डेय ने किया



**बलरामपुर।** सादुल्लानगर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगर से लेकर गांव तक रामलीला मंचन का आनंद लिया जा रहा है। वर्षों पुरानी रामलीला की परंपरा को जीवित रखते हुए इस बार भी कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के हृदय में अमिट छाप छोड़ी। सादुल्लानगर क्षेत्र के अचलपुर चौधरी स्थित रामलीला मैदान में 200 वर्ष पुरानी श्री रामलीला समिति अचलपुर चौधरी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला का शुभारंभ भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन अवसर पर मंचन के दौरान नारद मोह और विश्व मोहिनी प्रसंग का भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया। कलाकारों की शानदार संवाद अदायगी और अभिनय कौशल से दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और मंचन का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर राधेश्याम वर्मा, राम सागर शर्मा, बजरंगी गुप्ता, गौरी शंकर शर्मा, अरबिंद मिश्रा, प्रधान संजय शर्मा, विनोद शास्त्री, चंद्रभान मिश्रा, जय प्रकाश, कन्हैया यादव, पंकज शर्मा, सुनील तिवारी, विशाल पाण्डेय, संतोष चौहान, विनय श्रीवास्तव आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं को कराया गया बैंक का भ्रमण



**मितौली खीरी।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत दिवसवार निर्धारित कार्यक्रमों के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलापुरवा(1-8) और उच्च प्राथमिक विद्यालय ढखेरवा खालसा( 1-8) की कक्षा छः से आठ की कुछ चुनिंदा बालिकाओं को इंडियन बैंक निघासन का भ्रमण करवा कर उनको वहां की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया । बैंक मैनेजर श्री विजय जी के द्वारा बच्चियों को शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।बच्चों ने बैंक से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। मैनेजर विजय जी एवं कैशियर आकांक्षा मैडम ने भ्रमण के दौरान बच्चों को बैंक संबंधी विभिन्न जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर इंडियन बैंक के मैनेजर विजय, अन्य बैंक का स्टाफ, उच्च प्राथमिक विद्यालय ढखेरवा खालसा के सहायक अध्यापक वैभव पाण्डेय, उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलापुरवा की इंचार्ज प्रधानाध्यापक नेहा उपस्थित रहे।

## भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कौशल विकास समिति का आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 25 सितंबर 2025 को कौशल विकास समिति के अंतर्गत एक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला ने की। प्रभारी विमलेश ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास से व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या प्रो. शुक्ला ने हस्त कौशल को आर्थिक आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रमुख साधन बताया। कार्यक्रम में राजस्थान से आए दीपक रावत ने अपने विशेष कौशल का प्रदर्शन कर छात्राओं को लाभान्वित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## शिशु वाटिका में पं. दीनदयाल की मनाई गई जयंती

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका लखीमपुर खीरी में वंदनासभा में मां सरस्वती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समक्ष विद्यालय की संचालिका हीरा सिंह एवं शिक्षिका रजनी कपूर जी ने दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर बहन तनिष्का शुक्ला प्रभात (ख) को रोली तिलक लगाकर जन्मदिन मनाया गया। फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया। विद्यालय की संचालिका हीरा सिंह ने बताया पंडित दीन दयाल उपाध्याय जनसंघ के राष्ट्रजीवन दर्शन के निर्माता माने जाते हैं। उनका उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनर्रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व दृष्टि प्रदान करना था। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रुप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद की विचारधारा दी। उन्हें जनसंघ की आर्थिक नीति का रचनाकार भी माना जाता है। उनका विचार था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य सामान्य मानव का सुख है। उन्होंने ये भी बोला भारत में रहने वाला और इसके प्रति ममत्व की भावना रखने वाला मानव समूह एक जन है। उनकी जीवन प्रणाली, कला, साहित्य, दर्शन सब भारतीय संस्कृति है। इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है। इस संस्कृति में निष्ठा रहे तभी भारत एकात्म रहेगा। कार्यक्रम की संयोजिका बहन रजनी कपूर ने उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए बताया पंडित दीन दयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर सन् 1916 को धनकिया नामक स्थान पर जयपुर अजमेर रेलवे लाइन के पास राजस्थान में हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय था। नागला चंद्रभान दीनदयाल जी का पैतृक गाँव था। पिता रेलवे में जलेसर रोड स्टेशन के सहायक स्टेशन मास्टर थे। पिता भगवती प्रसाद ने अपने बच्चों को ननिहाल भेज दिया। उस समय उपाध्याय जी के नाना चुन्नीलाल शुक्ल धानक्या जयपुर राजस्थान में स्टेशन मास्टर थे। नाना का परिवार बहुत बड़ा था। दीनदयाल जी अभी 3 वर्ष के नहीं हुए थे कि उनके पिता का देहान्त हो गया। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम् के साथ हुआ।

## पं. दीनदयाल की 109वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**बलरामपुर।** सादुल्लानगर प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चंद तिवारी एवं बहरैची प्रसाद गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन और समाज सेवा के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्री उपाध्याय का एकात्म मानववाद आज भी समाज और राष्ट्र के लिए मार्गदर्शक है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता, रमेश चंद्र तिवारी, बहरैची प्रसाद गुप्ता, अरविंद मिश्रा, राधेश्याम गुप्ता, रमेश चौहान, भगवान पूजन पटेल, दीपचंद जायसवाल, विजय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, आनंद गुप्ता, रज्जन गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## दीनदयाल जयंती पर भाजपा ने आयोजित किया निःशुल्क चिकित्सा कैंप



**बलरामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वे जन्म दिवस एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संदीप कुमार वर्मा जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा बलरामपुर के नेतृत्व में महुआ धनी चौराहे पर एक नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला से आए प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों की नि:शुल्क जांच कर दवा वितरित की गई। बुखार, सुगर, गैस, बदन दर्द, आदि कई तरह के मरीज आए जिनका परीक्षण कर दवा वितरित किया गया।

## 12 करोड़ 3 लाख के गबन के मामले में पीएनबी बैंक के शाखा प्रबंधक सहित 2 लोग गिरफ्तार



**बलरामपुर।** घटना का संक्षिप्त विवरणः वादी चीफ मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक सर्किल आफिस जनपद अयोध्या द्वारा की गई नहरबाजागंज की पीएनबी ब्रांच मे पाए गए लोन अनियमितता की विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर थाना को. नगर बलरामपुर पर दिनांक 15.08.2025 को एक शिकायती प्रार्थना पत्र इस बावत दिया कि महेश त्रिपाठी (शाखा प्रबंधक पी.एन.बी बैंक नहर बालागंज बलरामपुर) पुत्र राम आधार त्रिपाठी निवासी लखनऊ आदि 8 नफर (सहायक बैंककर्मी व अन्य सहयोगी) द्वारा बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विभिन्न लोन खाते खोल कर जालसाजी करके बैंक शाखा से 525.184 लाख रुपये गबन कर लेने के संबंध में दिया गया। तहरीर के आधार पर थाना को. नगर पर मुअस 197/25 धारा 316(2), 316(5), 319(2), 318(4, 337, 338, 336(3), 340(2) बीएनएस बनाम महेश त्रिपाठी (वरिष्ट शाखा प्रबंधक), विनय कुमार शर्मा (अधिकारी शाखा कार्यालय), सन्तोष गुप्ता (अधिकारी शाखा कार्यालय), यशवंत कुमार (कैश बीओ), पूनम सिंह (पीएसपी कन्ट्रक्शंस), वैभव सिंह (पीएसपी कन्ट्रक्शंस), समरजीत सिंह (पीएसपी कन्ट्रक्शंस) व अन्य पंजीकृत किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना को. नगर के नेतृत्व में थाना पर पंजीकृत मुअस 197/25 धारा 316(2), 316(5), 319(2), 318(4), 337, 338, 336(3), 340(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त महेश त्रिपाठी वरिष्ट शाखा प्रबंधक व समरजीत सिंह पीएसपी कन्ट्रक्शंस को दिनांक 25.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना को. नगर सुधीर सिंह मय हमराह पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 423/1 कर वि0/2025-26 — दिनांक 24/09/2025

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 की सूची 1 (ज) की उपधारा "ख" एवं "ग" के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए "लोक सुरक्षा और सुविधा" के दृष्टिगत यातायात के विनियमन एवं पालिका के राजस्व वृद्धि हेतु नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद सीमान्तर्गत "बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क नियमावली-2025" बनाये जाने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 301 के अन्तर्गत आम नागरिकों से सुझाय/आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान व समृद्धि न्यूज पत्रों में इस आशय से प्रकाशित किया था, कि यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त उपविधि में वर्णित उपबन्धों के सम्बन्ध में 30 दिन के अंदर आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है। 30 दिन के अंदर मात्र एक आपत्ति/सुझाव प्राप्त हुआ जिसका नियमानुसार परिक्षण करते हुये निस्तारण किया गया तत्पश्चात् इस उपविधि का अन्तिम प्रकाशन किया जा रहा है जो प्रकाशन की तिथि से नगर सीमा क्षेत्र से लागू होगा।

### "बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क उपविधि-2025"

1.**(क) संक्षिप्त नामः–** यह उपविधि नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के बस/ट्रक/ टैक्सी /अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क उपविधि 2025 कहलायी जायेगी।

**(ख) प्रसार/विस्तार–**इस उपविधि का प्रसार/विस्तार नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद की वर्तमान सीमा तथा आगामी वर्षों में होने वाली नगर पालिका सीमा वृद्धि से होगा अर्थात् उ0प्र0 सरकार/शासन द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचना द्वारा निर्धारित नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद की सीमा से है।

**(ग) परिभाषायें–**

(1) नगर पालिका परिषद का तात्पर्य नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से है।
(2)अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अध्यक्ष/प्रशासक से है।
(4) प्रशासक का तात्पर्य नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के प्रशासक से है।
(4) अधिशासी अधिकारी का तार्पय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी से है।
(5) नगर पालिका अधिनियम 1916 का तात्पर्य उत्तर प्रदेश, नगर पालिका अधिनियम, 1916 तथा उसमें समय-समय पर यथा संशोधित अधिनियम से है।
(6) कर्मचारी का तात्पर्य नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में नियुक्त/संविदा/ आउटसोर्सिंग रूप से नियुक्त/कार्यरत कर्मचारी से है।
(7) ठेकेदार का तात्पर्य नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा इस उपविधि के अन्तर्गत पार्किंग शुल्क वसूल किये जाने वाले अधिकृत ठेकेदार से है।
(8) सरकार/शासन से तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार/शासन से है।

**(घ) प्रभावः–** यह उपविधि शासकीय गजट में प्रकाशन होने के दिनांक से प्रभावी होगी।

2.**नियम–1–**नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद सीमान्तर्गत कोई भी वाहन (शासकीय वाहनों अथवा निजी प्रयोग हेतु सवारी वाहनो कों छोड़कर) जो सवारी चढ़ायेगा/उतारेगा उसे नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा निर्धारित दर पर पार्किंग शुल्क का भुगतान देकर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

2-ऊपर वर्णित कोई भी सवारी वाहन नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा निर्धारित स्टैण्ड स्थल/स्थान पर ही खड़ा कर सवारी भरेगा या उतारेगा निर्धारित स्टैण्ड स्थल/स्थान का विवरण निम्न हैं-

| क्रम सं0 | स्टैण्ड स्थल/स्थान |
|---|---|
| 1 | लाल सराय पार्किंग स्टैण्ड व भविष्य में निर्मित होने वाली सरकारी पार्किंग भी आच्छादित होगा। |
| 2 | अन्य ऐसे स्टैण्ड जिनकी स्वीकृति सम्बन्धित विभाग से प्राप्त कर नियम/शर्तो के अधीन यदि किसी व्यक्ति/संस्था के द्वारा निजी तौर पर संचालन किया जाता है। जिसके सम्बन्ध में अनिवार्य होगा कि संचालक के पास भूमि का स्वामित्व हो। |

3-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद सीमान्तर्गत किसी व्यक्ति/समूह द्वारा किराये पर चलने वाले सवारी गाड़ियों के लिए कोई अलग से स्थल बिना अनुमति के नही संचालित करेगा और न ही किसी भी तरह के रास्ते व सड़क पर पार्किंग स्थापित करेगा।
4-पार्किंग शुल्क अदा करके रसीद लेने का दायित्व सम्बन्धित वाहन चालक/परिचालक/ वाहन स्वामी का होगा।
5-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी तथा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के जांच के समय वाहन के चालक/परिचालक/मालिक द्वारा रसीद प्रस्तुत की जायेगी। उचित रसीद न प्रस्तुत किये जाने पर तत्काल बीस गुना अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा।
6-यदि पार्किंग शुल्क की वसूली ठेके पर है तो नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा जांच के समक्ष ठेकेदार/अधिकृत कर्मचारी द्वारा रसीदों की जांच करानी होगी।
7-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के कर्मचारियों द्वारा वसूली की स्थिति में कार्यालय द्वारा जारी रसीदों पर ही वसूली करनी होगी एवं प्रतिदिन की वसूली कार्यालय में जमा करनी होगी।
8-नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्टैण्ड/पार्किंग स्थल पर पेयजल, सफाई, प्रकाश एवं अन्य यात्री सुविधायें उपलब्ध करायी जायेंगी, किन्तु किसी समय आंशिक असुविधा के कारण वसूली प्रभावित नहीं होगी।
9-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा निषिद्ध क्षेत्र (नो इण्ट्री) घोषित किये जाने वाले स्थानों पर निर्धारित समय/क्षेत्र में किसी वाहन का प्रयोग पूर्णतयः वर्जित होगा।
10-अभियोजित सवारी गाड़ियों के ऊपर अभियोग चलाने/चलान करने का अधिकार अध्यक्ष /अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद को होगा।
11-वसूली/दरों में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में नियमावली के अधीन अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
12-सम्वन्धित ठेकेदार/फर्म को अपने वसूलीकर्ताओं की निर्धारित वर्दी पहचान पत्र के साथ ही स्टैण्ड/पार्किंग शुल्क जमा कराना अनिवार्य होगा।
13-यदि नगर क्षेत्र के ऐसे व्यक्ति/फर्म द्वारा शासन/जिला प्रशासन व सम्बन्धित विभाग से अनुमति प्राप्त कर निजी तौर पर पार्किंग नियमानुसार अधिष्ठापित/संचालित करता है तो नगर पालिका द्वारा नियमानुसार अनापत्ति जारी की जा सकेगी। जिसके लिए नियमानुसार जनहित में सशर्त अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
14-टैक्सी स्टैण्ड स्थलों का निर्धारित स्टैण्ड/पार्किंग शुल्क का सूची निर्धारित बोर्ड पर लिखवाना अनिवार्य होगा।

**बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क की सूची निम्नवत् हैः-**

| क्रम सं0 | वाहनों के प्रकार | दर रु0 में |
|---|---|---|
| 1 | प्राइवेट बस/ट्रक (प्रति तीन घण्टा) | 100.00 |
| 2 | मिनी बस/मिनी ट्रक/डी0सी0एम0 (प्रति तीन घंटा) | 75.00 |
| 3 | जीप ट्रैक्सी पिकअप/ट्रैक्टर ट्राली व्यवसायिक प्रयोग वाले (प्रति तीन घण्टा) | 50.00 |
| 4 | टैम्पो/ई-रिक्शा/टाटा मैजिक (प्रति तीन घण्टा) | 40.00 |
| 5 | कार (एक से आठ घण्टे तक) | 100.00 |
| 6 | मोटरसाईकिल (एक से आठ घण्टे तक) | 20.00 |

नोट-नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के बोर्ड को यह अधिकार होगा कि वह उक्त दरों में समय समय पर वृद्धि कर सकेगी। इस उपविधि के लागू होते ही पूर्व के उपविधि यथा संशोधित समझी जायेंगी।

**शास्ति**

नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद बस/ट्रक/ट्रैक्टर/अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क नियमावली 2025 के किसी धारा या भाग की अवहेलना/भंग किये जाने पर उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 के सुसंगत धारा 200 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डनीय होगा।

**(विनोद कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

**(वत्सला अग्रवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

# पर्यटन व महिला सशक्तिकरण को मिली नई दिशा

▸ एमएलसी की अध्यक्षता में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिला मुख्यालय स्थित डीआरडीए सभागार गुरुवार को दो बड़े आयोजनों का केंद्र बना। एक ओर उत्तर प्रदेश होम स्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) नीति-2025 पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, तो वहीं दूसरी ओर मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोशल मीडिया जागरूकता अभियान संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, सहायक पर्यटन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और समस्त खंड विकास अधिकारी सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यटन और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था, बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव लाना भी रहा।

**होम स्टे नीति 2025 : पर्यटन को मिलेगा नया आयाम:-** संगोष्ठी की अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने की, जबकि मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन उपस्थित रहें। इस अवसर पर बताया गया कि जिले में पंजीकृत होम स्टे पर्यटकों को उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। शेष आवासीय इकाइयों से कहा गया कि वे शीघ्र पंजीकरण कराएं, ताकि पर्यटकों के लिए विकल्प और बढ़ सकें। एमएलसी ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीति और नियत दोनों स्पष्ट कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम रोजाना दिखाई दे रहे हैं। सीडीओ अन्ना सुदन ने बताया कि नई नीति से न केवल पर्यटकों को उत्कृष्ट आवासीय सुविधा मिलेगी, बल्कि जिले की अर्थव्यवस्था में भी नई रोजगार संभावनाएं उत्पन्न होंगी। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में पर्यटन क्षेत्र में एक लाख कक्षों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है।

**मिशन शक्ति 5.0 : महिला व बाल विकास में जागरूकता :-** संगोष्ठी के बाद आयोजित मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम की अध्यक्षता भी विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने की। इस दौरान महिला एवं बाल विकास से जुड़े प्रमुख संकेतक– जैसे लिंगानुपात, बाल विवाह, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं व बच्चों पर होने वाली हिंसा–पर विस्तार से चर्चा हुई। सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को प्रमाणपत्र और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, गोद भराई के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की गई।

## सामूहिक विवाह समारोह में नवदंपति को गोप ने दिया आशीर्वाद



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट बाराबंकी इकाई द्वारा नवीन कृषि सब्जी मंडी में आयोजित 14वें सामूहिक विवाह निकाह समारोह में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने उपस्थित रहकर विवाह संबंधी रस्मों में सम्मिलित होते हुये नवदंपत्य जीवन में प्रवेश कर रहे वर वधू को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी युगल जोड़ों के सुखी दांपत्य जीवन की कामना करते हुए उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

## खबरें एक नजर में

### डेंगू से पीड़ित आठ वर्षीय बालिका की मौत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिले में डेंगू बहुत तेजी से पैर पसार रहा है। अस्पतालों में बुखार बदन दर्द के मरीजों की बाढ़ आई है, इस बार के डेंगू में मरीजों को सम्भलने का मौका नही मिल रहा है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बौर निवासी अमरेश यादव की डेंगू से पीड़ित आठ वर्षीय पुत्री का निधन हो गया है। अमरेश यादव की पुत्री के महज तीन दिन पहले तेज बुखार आया और जांच कराई को प्लेटलेट्स 90 हजार आई, दूसरे दिन घटकर 29 हजार और तीसरे दिन 20 हजार जब तक हायर सेंटर में भर्ती कराया गया और उपचार हो ही रह था कि गुरुवार की सुबह निधन हो गया। अमरेश यादव की पुत्री के निधन से परिवार में कोहराम मच गया। मॉं अचेत हो गई उसे भी अस्पताल ले जाना पड़ा। इस घटना पर उनके चाहने वाले नरेंद्र वर्मा, रत्नेश कुमार सहित तमाम लोग उन्हें ढांढस बंधाया और शोक संवेदना व्यक्त किया।

### व्यापारी की जेब से 82 हजार रुपए पार

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** पशु बाजार से भैंस खरीदने गये किसान के आटो से वापस आते समय जेबकट ने जेब काटकर 82000 रूपये पार कर सराय मिठ्ठे के पास उतरकर मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग गया। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा निवासी जयवीर सिंह यादव ने बकेवर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह गुरूवार को अपने गाँव से भैस पशु बाजार भैस खरीदने के लिए गया हुआ था जब वह आटो में बैठकर अन्य सवारियों के साथ वह वापस गांव आ रहा था जैसे ही आटो आगरा नेशनल हाइवे स्थित ग्राम सराय मिठ्ठे के सामने पहुँचा कि तभी आटो मे बैठे जेबकट ने उसकी पैन्ट की जेब काट ली पेन्ट के अंदर की जेब में रखे 82000 हजार रूपये निकाल कर आटो से उतरने लगा किसान ने जेब कट को पकड़ने की कोशिश की लेकिन जेब कट बिना नंबर की काले रंग की मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने पीड़ित किसान के शिकायती पत्र पर जांच शुरू कर दी है।

### लोडर पलटा, दो व्यापारी घायल

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम टकरूपुरा के सामने जानवर लदा लोडर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे दो व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणो दोनो घायल व्यापारियो इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। भरेह थाना क्षेत्र के ग्राम कढाकसदा निवासी व्यापारी सोनू व प्रदीप कुमार गुरुवार को गाँव से लोडर वाहन मे जानवर लादर पशु बाजार परशुपुरा मे बैंचने जा रहे थे जैसे ही उनका लोडर वाहन लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम टकरूपुरा गाँव के सामने पहुँचा। गाँव के सामने लखना चकरनगर मार्ग पर साइड मे गड्डा होने के कारण पहिया उस गड्डे मे चला गया जिससे कारण लोडर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। लोडर वाहन पलटते ही उसमे बैठे व्यापारी चीखने चिल्लाने लगे चीख पुकार की आवाज सुन गाँव के लोग मौके पर पहुँचे और सड़क के किनारे पलटा लोडर को ट्रैक्टर मगांकर लोडर वाहन को सीधा करके उसके नीचे दबे व्यापारी सोनू व प्रदीप कुमार निवासीगण ग्राम गढाकसदा थाना भरेह को बाहर निकालकर दोनो घायल व्यापारियो को एम्बुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर चकरनगर भिजवाया जहाँ चिकित्सक ने चेकप करने के बाद इलाज किया इस हादसे मे लोडर वाहन में लदे जानवर भी घायल हो गए।

### सरकारी पाइप लगाने को मना करना महिला को पड़ा भारी, लात घूंसों से की गई पिटाई

**जैदपुर-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सरकारी पाईप लगाते समय मना करने पर महिला को लात घूंसो से मारा पीटा, जिसकी शिकायत जैदपुर थाने में करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रवि कुमार पुत्र राजाराम निवासी रहीमाबाद थाना जैदपुर ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी जमीन पर जबरन अमित व सुरेश पुत्रगण बाबूराम व आकाश कुमार पुत्र अमित सरकारी पाईप लगवा रहे थे पीड़ित की पत्नी ने मना किया तो उक्त विपक्षीजन गंदी–2 गाली देने लगे गाली देने से मना किया तो मंजू देवी पत्नी रवि कुमार बाल पकडकर पटक दिया और सभी लोग लात घूसों से मारना शुरु कर दिया, इसी बीच अमित कुमार ने लाठी निकालकर प्रार्थी की पत्नी के सिर पर मार दिया जिससे सिर पट गया और खून बहने लगा तव तक गाँव के तमाम लोगो ने बीच बराव कराया तब जाकर जान बची विपक्षीजन ने धमकी दिया कि किसी प्रकार को कोई कार्यवाही की तो जान से मार दूँगा। उक्त मामले में जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पेयजल संकट से जूझ रहा है नगर पंचायत का चिकना महल वार्ड

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कस्बे मे पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। नगर पंचायत क्षेत्र के मुताफर्रिक आबादी और चिकना महल वार्ड मे पिछले काफी समय से नलो मे पानी नहीं आ रहा है।जिसकी शिकायत लगातार सभासद के द्वारा करने पर भी विभाग के लोग मौन है।हालत यह है कि महिलाओं से लेकर बच्चे और बुजुर्ग तक बूंद–बूंद पानी के लिए परेशान है।लोगो का कहना है कि उन्हें बुनियादी सुविधा तक नहीं मिल पा रही।महिलाएं बेबस होकर कहती हैं हम रोज़ाना पानी के इंतेज़ार में रहते हैं,मगर हमें पानी नहीं मिलता,जिम्मेदार अधिकारी इतने लापरवाह हो गए हैं कि हमें पानी भी नसीब नहीं होता।लोगों की शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम मौके पर पहुँचे।उन्होंने कहा पिछले एक वर्ष से जल निगम के अधिकारियो को लगातार अवगत करा रहा हूं।नगर में जगह–जगह लीकेज और जलापूर्ति की समस्या अधिकारियो की लापरवाही का नतीजा है।जल जीवन मिशन की योजनाओ की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और इसका खामियाजा नगरवासी भुगत रहे हैं। ज़ैदपुर की जनता अब सवाल पूछ रही है कि आखिर कब तक उन्हें पानी की इस समस्या से निजात मिलेगी और कब जिम्मेदार अधिकारी जागेंगे। जबकि सूत्रों के अनुसार पाईप लाईन को डालने के बाद खड़ंजे रोड़ इस कदर खराब है। कि आम जनता का निकलना किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं है जहां आये दिन लोग चोटिल भी होते है। फिर भी जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे हुए है। इस संबंध मे कंपनी के इंजीनियर सौरभ से बात की गयी तो बताया कि मुतफर्रिक आबादी मे वाल बन्द था जिसे खोल पानी चालू कर दिया गया है। अन्य जगह ऊंचाई अधिक होने से पानी की समस्या हो रही है। जल्द ही अली अकबर कटरा की टंकी चालू कर समस्या का निपटारा किया जाएगा, कार्य चालू है।

## प्रशिक्षित की गई ड्रोन दीदी

▸ महिला पुलिस कर्मियों को ड्रोन संचालन का दिया गया प्रशिक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में मिशन शक्ति फेज-05 के तहत पहल करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण ड्रोन दीदी की संकल्पना के तहत महिला पुलिस कर्मियों को तकनीक का उपयोग करते हुए मंदिरों/धार्मिक स्थलों व पण्डालों के आस-पास अपराधियों पर नजर रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने, संवेदनशील क्षेत्रों और मेलों में अराजकतत्वों पर निगरानी रखना है।

## सीओ ने बिना हेलमेट के बाइक चला रही महिलाओं को उपहार में दिए हेलमेट

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

टिकैतनगर- रामनगर मार्ग पर कस्बा बदोसराय में गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत एक अनूठी पहल की गई। रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया।

सीओ गरिमा पंत ने बदोसराय कोतवाल अजित विद्यार्थी सहित बदोसराय पुलिस टीम के साथ बिना हेलमेट स्कूटी या बाइक चला रही महिलाओं को रोका। उन्हें निःशुल्क




हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने महिलाओं से अपील की कि वे बाइक से घर से निकलते समय हेलमेट अवश्य पहनें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शारीरिक सुरक्षा बेहद जरूरी है।इस अभियान में एक दर्जन महिलाओं को हेलमेट दिए गए। हेलमेट पाने वाली महिलाओं ने आगे से हमेशा हेलमेट पहनने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी, उप निरीक्षक हिमांशु पांडे, लक्ष्मीकांत तिवारी, आशीष कुमार, रवि सरोज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।सीओ रामनगर गरिमा पंत ने बताया कि यह कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चलाया गया। सड़क पर जो महिलाएं बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं लगाए थे उन्हें निशुल्क हेलमेट देखकर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

## पण्डित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। काशीपुरवा में पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने बूथ अध्यक्ष सोने लाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की।

उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर चर्चा की।सैदनपुर में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज सोनी के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ।बदोसराय, मरकामऊ और पंजरौली सहित सभी बूथों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। रसूलपुर में हुए कार्यक्रम में जिला मंत्री रामसागर कनौजिया, मंडल महामंत्री अमित भैया, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, प्रहलाद कुमार विमल और विकास मौर्य मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मनोज सोनी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का मुख्य लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान था। भाजपा महामंत्री अमित भैया ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर मंडल के सभी बूथों पर कार्यक्रम हुए।कार्यक्रम में अंत्योदय और एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान के सिद्धांत को आगे बढ़ा रहे हैं।

## अमित रावत शिक्षक संघ के ऑडिटर मनोनीत



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई सिरौलीगौसपुर का अमित रावत को ऑडीटर बनाया गया है। प्राथमिक विद्यालय शेषपुर टुटरु में सहायक अध्यापक अमित रावत को ब्लॉक इकाई का ऑडिटर नियुक्त किया गया है।ब्लॉक अध्यक्ष शिवाजी मिश्रा ने सर्वसम्मति से यह नियुक्ति की। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील दत्त शुक्ला समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। इनमें अमरदीप, आकाश वर्मा, राकेश कुमार, आलोक वर्मा और आशुतोष कुमार प्रमुख थे।

## डीएम के सक्रिय प्रयासों से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी आई है। जिला प्रशासन द्वारा जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत प्रातः 10 से 12 बजे तक सभी अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे प्रार्थना पत्र लेकर आने वाले आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो रहा है और लोगों का विश्वास जिला प्रशासन में बढ़ रहा है। जनता दर्शन में दर्ज शिकायतों में शिवराम, सतमोहली को बी0पैक्स लि0–बरैया से 2 बोरी यूरिया खाद उपलब्ध कराई गई। वहीं बलराज, खिजिरपुर के मामले में ग्राम में जाकर चकबन्दी प्राधिकारियों ने पैमाइश कर कब्जा दिला दिया। राजकुमारी, पकरियापुर को पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्रता अनुसार आवास हेतु ऑनलाईन सूची में नाम सम्मिलित कर लाभ प्रदान किया गया। इसके अलावा मथुरा प्रसाद, मानपुर के शिकायती पत्र पर, राजस्व, चकबन्दी और पुलिस टीम की उपस्थिति में अवैध निर्माण हटवाया गया। अधिकारियों द्वारा सभी मामलों में फोटोग्राफ और स्थल मेमो संलग्न कर निस्तारण की पुष्टि की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी शिकायत को अनसुना नहीं किया जाएगा और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने में किसी भी अधिकारी की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी।

## शरद बाजपेयी ने धूमधाम से मनाया प. दीनदयाल का जन्मदिन



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** प. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर बूथ संख्या 279 पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में भाजपा नेता व सभासद शरद बाजपेयी ने दीप प्रज्जवलित करके प. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

शरद बाजपेयी ने कहा कि प. दीनदयाल उपाध्याय जी सरलता की प्रतिमूर्ति थे वे सदैव अंत्योदय की बात किया करते थे व उनके विकास के लिए प्रयासरत रहते थे, आज मोदी सरकार उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर उन्हीं के आदर्शो पर काम कर रही है और देश के अंतिम पायदान तक प्रभावी योजनाएं बनाकर उन्हें विकसित व मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी उनके आदर्शों पर चलकर जन-जन की सेवा का भाव अपनाते हुए कार्य करेंगे और जन-जन की सेवा करेंगे, मैं आज उनकी जन्म जयंती पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। इस अवसर पर भाजपा नेता सोमेश अवस्थी, सेक्टर संयोजक प्रमेन्द्र तिवारी, हरिओम दुबे, श्रवण कुमार बाथम, कृष्णगोपाल शर्मा, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## तैयारी जोरों पर, अष्टमी के दिन निकलेगी भव्य शोभायात्रा

▸ 30 को शाम 5 बजे के के कालेज से निकलेगी यात्रा

**इटावा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर स्थानीय पुरियाटोला स्थित दुर्गा महोत्सव समिति द्वारा विगत 41 वर्षो से अष्टमी के दिन भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है समिति के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में बताया कि 30 सितंबर दिन मंगलवार सायंकाल 5 बजे यात्रा का केके इंटर कॉलेज से कोतवाली चौराहा से तिकोनिया नगर पालिका चौराहा राजा गंज चौराहा से छैराहा



आदि मार्गो होते काली वाहन मंदिर तक जायेगी यात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए दुर्गा महोत्सव समिति के सभी वरिष्ठ व युवाओं का सहयोग दिन-रात मेहनत करके यात्रा में शामिल होने वाली झांकियो को अंतिम रूप में लगे हैं इस बार अपने आर्कषण झांकियो का प्रदर्शन किया जायेगा जिन्हें भव्य और सुसज्जित रूप से सजाया जा रहा है यात्रा मार्ग में अनेक स्थानों पर स्वागत हेतु तोरण द्वार बनाये जाये जा रहे हैं पुरबिया टोला कुर्मी समाज में नारी शार्वतं के द्वारा अनेक स्थानो पर यात्रा मार्ग मे मंगल आरती व स्वागत की तैयारी की जा रही है तथा कुर्मी समाज के सहयोग से यात्रा मार्ग से प्रसाद वितरित आदि भी किया जायेगा दुर्गा महोत्सव समिति के नगर के सभी साभ्रांत नागरिकों व वरिष्ठ नागरिकों से इस बार भी यात्रा मे शामिल होने का अनुरोध किया गया है। वार्ता के दौरान राकेश वर्मा, योगेश कुमार, अमन पटेल, राजीव कुमार, सचिन वर्मा, अतुलेश पटेल, जयन्त वर्मा, श्रीकृष्ण वर्मा, प्रमेन्द्र कुमार, ईशान्त वर्मा, अतुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही मानव जीवन का आधार : डॉ. हरीशंकर

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद की चेयरमैन ज्योति संटू गुप्ता एवं अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा की देखरेख में तथा ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय डॉ. हरीशंकर पटेल एवं स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के डीपीएम सुनील कुमार के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद व आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं शोरावाल बालिका इन्टर कालेज के सहयोग से शोराबाल वालिक इन्टर कालेज में विद्यालय के बच्चे ने स्वच्छता ही सेवा का सार्टफार्म में एसएचएच की मनमोहक आकृति बनाकर लोगों का मन मोह लिया।

डॉ. हरीशंकर पटेल ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय ने



स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए सोर्स सेग्रीगेशन और निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया स्वच्छता ही मानव जीवन का आधार है।

सुनील कुमार डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन नगरीय ने विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन यादव, उप प्रधानाचार्य अनामिका वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कूडें के पृथिकिकरण एवं जल के महत्त्व पर चार्चा की। अनामिका वर्मा, उपप्रधानाध्यापक शोरावाल वालिका इंटर कालेज ने स्वच्छ व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है इसलिए हम सभी को मिलकर स्वच्छता के अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से आईटीसी से सुजीत कुमार, जिओ स्टेट से विवेक सिंह, अंशुल, आसिफ तथा सफाई नायक शेखर तथा शोरावाल बालिक इण्टर कालेज के अध्यापिकाएं, छात्राएं एवं स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

## पोस्को अदालत ने किया दो अभियुक्तों को दोषमुक्त

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला न्यायालय पोक्सो की विद्वान न्यायाधीश विनीता विमल ने सामुदायिक दुष्कर्म के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रामचंद्र उर्फमोनू पुत्र रामचंद्र तथा पुष्पेंद्र यादव उर्फरोमी पुत्र रंजीत निवासी मानिकपुर विशुन थाना इकदिल को दोष मुक्त कर दिया है।

उपरोक्त अभियुक्तों के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 डी सामुहिक दुष्कर्म 342, 323, 34 पास्को अधिनियम की धारा 5 जी, 6 के तहत गंभीर आरोप लगे थे। अदालत ने पीड़िता के बयान में विरोधाभास होने पर तथ्यों का विश्लेषण करने पर वास्तु स्थिति से स्पष्ट हुई। अभियुक्त ने कोई कांड नहीं किया था। इस बीच बचाव पक्ष के वकील अखिलेश कुमार यादव में तार्किक तथ्यों के आधार पर विद्वान न्यायाधीश ने उक्त निर्णय दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता की रणनीति कारगर



रही जिसके चलते अदालत को अभियुक्तों को दोष मुक्त करना पड़ा। पीड़िता के विरोधाभासी बयानों के खिलाफअदालत में धारा 22 के अंतर्गत कार्रवाई कर सकती है। इस बाबत अदालत द्वारा पीड़िता से पूछा गया कि क्यों ना आपके खिलाफकार्रवाई की जाए इसके साथ ही ऐसे प्रकरण में पीड़ित व्यक्ति को पीड़िता शब्द से संबोधित किया जाएगा ऐसा विशेष आदेश दिया गया।

## डम्फर-आटो की भिड़ंत में दो महिलाओं की मौत, कई घायल

**उदी, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना पछायगांव की चौकी कोरी का कुआं के समीप उदी- वाह मार्ग पर गुरुवार प्रातः हुए ऑटो एवं डम्फर की टक्कर हादसे में ऑटो सवार दो महिलाओं की मौत हो गयी जबकि छह लोग गंभीर घायल हुए हैं। घायलों को उदी सीएचसी व जिलाचिकित्सालय इटावा में प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



मध्यप्रदेश के जनपद भिंड निवासी पांच महिलाओं सहित लगभग दस लोग कस्वा उदी मोड़ से किराये का ऑटो करके थानां जैतपुरा-आगरा क्षेत्र में चल रही रामायण कथा श्रवण को जा रहे थे कि तभी प्रातः लगभग 9 बजे जैसे ही ऑटो उपरोक्त कोरी कुआं पुलिस चौकी के समीप पहुंचा की तभी सामने खड़े डम्फर में भिड गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो का अगला हिस्सा छोड़ पूरा ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त होगया। ऑटो में सवार सभी यात्री दब गए।चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी तथा पुलिस के सहयोग से सभी लोगो को बाहर निकाला गया। जिसमें अनीता पत्नी भारत सिंह 50 निवासी रैपुरा भिंड एवं वीरन श्री पत्नी केशव सिंह 55 निवासी चकरपुरा भिंड की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि सुग्रीव बाबाजी पुत्र फूलसाहाय 50 निवासी रातनुपुरा-भिण्ड, सरोज पत्नी बलवीर 46 निवासी रैपुरा भिण्ड, सरस्वती पत्नी सुरेंद्र 59 निवासी बरोही भिण्ड, आशा देवी पत्नी सत्यभान 48 निवासी रैपुरा भिण्ड,छोटे सिंह पुत्र उमेश 18 निवासी उपरोक्त,नरसिंह पुत्र महाराज 40 निवासी उपरोक्त आदि घायलो को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदी ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया उसके बाद सभी गंभीर घायलो को जिला चिकित्सालय इटावा रेफर किया गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया गया। थानां पछायगांव पुलिस द्वारा मृतकों के शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही के बाद पोस्टमॉर्टम हेतु भेज गया तो वहीं घटना स्थल पर खड़े डम्फर व ऑटो को कब्जे में लिया गया।

### युवक चाकू समेत गिरफ्तार

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोपियापुरा में गस्त के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को चाकू सहित गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी विपिन मलिक ने बताया कि उपनिरीक्षक विनय कुमार पुलिस टीम के साथ ग्रामीण क्षेत्र में गस्त पर थे गांव गोपियापुरा पहुंचने पर मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक गलत इरादे से चाकू अपनी कमर में खुर्स कर गुलाबपुरा की ओर जा रहा है जिसपर पुलिस सक्रिय हुई और मुखबिर के बताएं स्थान पर पहुंची तो पुलिस को आया देख रहा जाता युवक भागने लगा जिसपर पुलिस ने उसे बलपूर्वक रोक लिया नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अशोक बाबू पुत्र राजाराम निवासी गोपियां पुरा बताया तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू बरामद किया। पुलिस ने युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

## वक्फ संपत्तियों को लेकर बैठक 28 को

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

एकीकृत वक्फ प्रबन्धन सशक्तिकरण दक्षता और विकास अधिनियम जो 8 अप्रैल को लागू हुआ है। अधिनियम की धारा के अनुसार केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय पोर्टल का शुभारम्भ किया गया है जिसका उद्देश्य मौजूदा औकाफ का विवरण, पंजीकरण, लेखा परीक्षा और वक्फ एवं बोर्ड के अन्य विवरण जैसा कि केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है, 5 दिसंबर तक अपलोड किया जाना है। मुतवल्लियों द्वारा वक्फ



सम्पत्तियों का विवरण पोर्टल पर पंजीकृत किये जाने के सम्बन्ध में जनपद में उ.प्र. सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा मौलाना तारिक शम्सी, हाजी फुरकान अहमद खान, डा. अफजाल अहमद खान तथा शाहनवाज़ आलम को जनपदीय कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। पोर्टल के सम्बन्ध में जनपद इटावा व औरैया के समस्त वक्फ मुतवल्ली, प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सेक्रेटरी की प्रशिक्षण कार्यशाला 28, सितम्बर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक इस्लामिया इंटर कालेज में आयोजित की गयी है। जिसमें सुन्नी वक्फ बोर्ड के अधिकारियों द्वारा पोर्टल के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया जायेगा। उन्होंने समस्त मुतवल्ली, अध्यक्ष वक्फ समितियों से इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटी प्रीति के साहस को किया सलाम


बेटी को सिलाई मशीन प्रदान करती पुलिस

### प्रशासन व पुलिस द्वारा किए गए महत्वपूर्ण प्रयास

कन्नौज। प्रीति के साहसिक कार्य और परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी विष्णुकांत तिवारी व मिशन शक्ति टीम द्वारा धन संकलन कर परिवार को आजीविका के लिए सिलाई मशीन भेंट की गई। मासिक सहायता राशि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रीति व प्रांशु को मुख्यमंत्री बाल सहायता योजना के अंतर्गत 2500 प्रतिमाह की सहायता स्वीकृत की गई है, जो उनकी बालिग अवस्था तक जारी रहेगी। शिक्षा की व्यवस्था खंड शिक्षा अधिकारी आनंद दुबे द्वारा बच्चों को इच्छित विद्यालय में निशुल्क शिक्षा व पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं। आवास आवंटन उपजिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र द्विवेदी द्वारा बच्चों को काशीराम आवास योजना के तहत नि:शुल्क आवास प्रदान किया गया।

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

छिबरामऊ थाना क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी की रहने वाली 15 वर्षीय प्रीति ने हाल ही में एक हृदय विदारक घटना के दौरान जो साहस और मानसिक दृढ़ता दिखाई, वह समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी विष्णुकांत तिवारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत तहसील परिसर छिबरामऊ में प्रीति को पुलिस विभाग द्वारा साहसिक कार्य हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीते दिनों थाना छिबरामऊ

**बेटी के साहसिक कार्य के लिए पुलिस ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित, दी आर्थिक सहायता**

क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में दीपू नामक व्यक्ति द्वारा 5 वर्षीय बच्चे प्रांशु को शस्त्र की नोक पर बंधक बना लिया गया था। इस दौरान दीपू ने पहले प्रांशु और उसकी बहन प्रीति को कमरे में बंद कर दिया था। पुलिस के पहुंचने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई, लेकिन उसी समय प्रीति ने अत्यंत साहस का परिचय देते हुए खुद को छुड़ाया और पुलिस को घर की भौगोलिक स्थिति की जानकारी देकर रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद की। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए प्रांशु को सकुशल मुक्त कराया और आरोपी दीपू को गिरफ्तार कर लिया। प्रीति, उसके भाई देव (18 वर्ष) और प्रांशु (5 वर्ष) वर्तमान में अपने पिता के देहांत और माता के परित्याग के बाद काशीराम कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। घर में एक छोटी सी दुकान चलाकर किसी तरह गुजर-बसर कर रहे इस परिवार के पास कोई स्थायी आय या संपत्ति नहीं है।

# संचारी रोग नियंत्रण के लिए लोगों को करें जागरुक : मनोज दूबे

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए नगर पालिका के सभागार में आयोजित बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दूबे ने कहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि गलियों में फागिंग शाम के समय की जाए। कूड़ा संग्रहण करने वाले ट्रिपर धीमी रफ्तार से चलें। साथ ही स्पीकर पर कूड़ा वाला आया कूड़ा निकाल गाना भी बजाएं ताकि लोग कूड़ा डालने के लिए पहले से तैयार हो जाएं। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। नाली की सफाई करते समय उसके आसपास उगी घास भी साफ की जाए। कूड़ा संग्रहण के लिए एक गली में केवल या तो ई रिक्शा जाए या फिर ट्रिपर जाए। दोनों एक साथ नहीं जाने चाहिए। यूनिसेफ की ब्लॉक मोबाइल कोऑर्डिनेटर (बीएमसी) पूजा सिंह ने कहा वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। उन्होंने मच्छरों की रोकथाम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पालिका के सफाई प्रभारी अमरदीप, प्रवेश यादव, सफाई नायक सलाउद्दीन, सूरज, राजेंद्र, अमरजीत, सुभाष चंद्र व आनंद आदि मौजूद रहे।

## माता के दरबारों में आरती के लिए उमड़ रही भीड़



**छिबरामऊ, कन्नौज।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। मंदिरों और पंडालों में माता रानी की आरती के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने नगर के प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर और सौरिख के मां दुर्गा पंडाल में पहुंचकर माता रानी की आरती की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की भक्ति और शक्ति का प्रतीक है। यह त्योहार हमें नारी शक्ति का सम्मान करना सिखाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से माता के प्रति श्रद्धा और एकता के साथ उत्सव मनाने की अपील की। आयोजकों ने प्रिया शाक्य को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान भक्तों में उत्साह और भक्ति का माहौल देखा गया। माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। फर्रूखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में नवरात्र के प्रथम दिन धूमधाम से आचार्य नरेंद्र देव शास्त्री ने माता दुर्गा की स्थापना की थी। मां दुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष विमलेश गुप्ता के संयोजन में यह 11वां महोत्सव हो रहा है। रात की आरती के बाद बच्चे धार्मिक कार्यक्रमों का मंचन कर रहे हैं। यहां की आरती में अंजू सविता, गोलू सविता, विशाल चौरसिया, दशरथ श्रीवास्तव, अनुज गुप्ता, गोविंद, शिवम शर्मा, छोटे, दीपू, आकाश, आशु, अंकित, उषा गुप्ता, मीना मिश्रा, संतोषी गुप्ता, मीना सविता, प्रिया सविता, रजनी सक्सेना, रजनी वर्मा, सुनीता यादव, अस्मिता यादव, वेद यादव सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने आरती के बाद मां के जयकारे लगाए।

# उड़ान संस्कारशाला में विजेता हुए पुरस्कृत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



छिबरामऊ, कन्नौज। हिंदी दिवस के अवसर पर बनवारी नगर में संचालित उड़ान संस्कारशाला में विविध गतिविधियों का आयोजन करके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में कविता पाठ, भाषण, वाद-विवाद और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा की महत्ता और इसके संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उड़ान संस्कारशाला के संचालक गौरव त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि हिंदी को केवल एक दिन तक सीमित न रखें, बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ इसे रोजमर्रा की जिंदगी में गर्व के साथ अपनाएं। प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन में अभिजीत चौहान, आरव गुप्ता, सूर्यांश और अपराजिता, भाषण में आध्या, आयुष, वाशु शर्मा और नंदनी पाल, वाद-विवाद में नीलेश और जोयल तथा कविता पाठ में आराध्या को निर्णायक मंडल द्वारा विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर खुशी वर्मा, गुड्डू, शरद, सतेंद्र, विकास, शानू सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मनाई गई पं. दीन दयाल उपाध्याय जयन्ती



**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज की वन्दना सभा में पं. दीनदयाल उपाध्याम की जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने पं. दीनदयल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया। भैया बहिनों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के संयोजक हरेंद्रसिंह ने कहा कि उन्होंने कल्पना की थी कि भारत में निवास करने वाले अंतिम व्यक्ति की भी मूलभूत आवश्यकतायें पूरी हो सकें। प्रधानाचार्य ने कहा पं. दीनदयाल जी भारत में राष्ट्रवादी सोच विकसित करना चाहते थे। उन्होंने आजीवन अन्तिम सांस तक राष्ट्र हित के लिए कार्य किया।



## घरों से निकलने वाला कूड़ा खुले में न फेंके : आसमा बेगम

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** स्वच्छ भारत अभियान को गति देने के लिए नगर पंचायत समधन अध्यक्ष आसमा बेगम ने घरों से निकलने बाला कूड़ा कचरा को खुलें स्थान पर न फेंकें जाने के लिए घर-घर डस्टबिन बंटवाने का कार्य शुरू करा दिया है। गुरुवार को समधन नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों ने चेयरमैन आसमा बेगम के निर्देश पर घर-घर पहुंचकर सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्रित कर खुलें स्थान पर न फेंकने के लिए डस्टबिन बांटने का काम किया गया है इसी दौरान टाऊन कर्मचारियों ने सलाह देते हुए कहा कि अपने-अपने घरों से निकलने बाला कूड़ा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में एकत्रित कर दरवाजे पर जब कूड़ा गाड़ी लेने आय तब उसे दे। नगर पंचायत की अध्यक्ष आसमा बेगम ने स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में सभी का संयोग मांगने की अपील की गई है। आगे उन्होंने बताया कि नगर के सभी वार्डों में अलग-अलग टीमों को लगाकर घर-घर डस्टबिन बंटवाने का कार्य चलाया जा रहा है।

# जीएसटी रिफॉर्म पर व्यापार मंडल ने जताया पीएम का आभार

**बनवारी नगर के एसबीवीएस सभागार में हुई बैठक**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जीएसटी रिफॉर्म लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। बनवारी नगर के एसबीवीएस सभागार में आयोजित विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में मौजूद सदस्यों ने जीएसटी दरों में कमी को उद्योग और व्यापार जगत के लिए राहतकारी बताया। नगर प्रभारी आशु तिवारी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। नगर अध्यक्ष रजत त्रिपाठी ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से व्यापारियों को प्रत्यक्ष लाभ होगा और उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। इससे व्यापार में सुगमता आएगी, बाजार की रौनक बढ़ेगी और उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक में संगठन के विस्तार पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने व्यापारियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर डाला। साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के लिए नियमित संवाद और कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अंत में सभी ने प्रधानमंत्री के निर्णय की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि सरकार भविष्य में भी व्यापारी हित में कदम उठाएगी। गौरव त्रिपाठी अमर के संचालन में हुई बैठक में पुष्कर दुबे, सुनील चतुर्वेदी, सोनू कौशल, धर्मेंद्र सविता, अशोक राठौर, नवीन बाजपेई, छैया दीक्षित, अवधेश गुप्ता, विनीत गुप्ता, रामू वर्मा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## सभासद ने एसडीएम से की छात्रावास के सामने पाइप लाइन ठीक कराने की मांग

**जालौन,उरई।** डॉ. अम्बेडकर छात्रावास के सामने पाइपलाइन में बार बार लीकेज हो रहा है। पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। सभासद ने उपजिलाधिकारी को प्रत्यावेदन देकर लीकेज ठीक कराने की मांग की है। नगर के वार्ड 13 के मोहल्ला राफ्टगंज, तोपखाना की सभासद रिजवाना सिद्दीकी ने उपजिलाधिकारी को प्रत्यावेदन देकर बताया कि उनके वार्ड में डां अम्बेडकर छात्रावास के सामने से पाइपलाइन निकली है। पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण कारण पानी की बर्बादी हो रही है। पानी की बर्बादी के साथ सड़क पर पानी बहनें से कींचड हो गया है। पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है तथा गंदा पानी आ रहा है। इसके साथ ही कींचड होने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। सभासद ने उपजिलाधिकारी को बताया कि इसी पाइपलाइन में जनवरी में लीकेज हो गया था जिसे ठीक होने काफी समय लग गया था।

# डॉ. रजनीश ने किया रक्तदान व समाजसेवा के लिए किया सम्मानित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के ग्राम घिलोई निवासी समाजसेवी डॉ. रजनीश दूबे को दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) के सिल्वर जुबली समारोह में रक्तदान व समाजसेवा के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड (इंग्लैंड) और यंग कम्युनिटी चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह चार दिवसीय समारोह दिल्ली और करनाल में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर के चयनित समाजसेवियों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मवीर गोखुल, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर सिंह कल्याण, निफा चेयरमैन प्रीतपाल सिंह पन्नू, और जापान, मॉरीशस व इंग्लैंड से आए अतिथियों ने समाजसेवियों को सम्मानित किया। निफा के 70,000 सदस्यों में से उत्कृष्ट कार्यों के लिए चयनित डॉ. दुबे को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। पन्नू ने कहा कि समाजसेवियों का सम्मान समाजसेवा को प्रोत्साहित करता है और युवा देश के कर्णधार हैं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दिलीप कुमार दूबे, सचिव राजीव गोयल, आलोक अग्रवाल, और हरियाणा व दिल्ली सरकार के कई मंत्री व विधायक उपस्थित थे।

डॉ. दुबे के सम्मान की खबर से उनके गृह क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। विधायक अर्चना पाण्डेय, चेयरमैन मनोज दुबे, घिलोई प्रधान सुभाष चंद्र, पूर्व प्रधान जगदीश शाक्य, अवनीश दुबे, आशीष तिवारी, अतनेश सेंगर, ओम मिश्रा, राजा शुक्ला, पुनीत दूबे, आचार्य प्रशांत तिवारी, रंजीत पाण्डेय, राजा सिंह कुशवाहा, पप्पू यादव, पप्पू चौहान, रामचंद्र यादव आदि ने शुभकामनाएं दीं।

# महिला सुरक्षा और सम्मान पर किया जागरूक



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए जेडी जनता इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक बृजमोहन पाल, सब इंस्पेक्टर अंकिता तिवारी, महिला आरक्षी पूजा अवस्थी, शिवानी पाराशर, उप निरीक्षक विमल किशोर और हेड कांस्टेबल जर्मन सिंह ने कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना था। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और समाज में उनकी भूमिका के बारे में बताया। साथ ही छात्रों को भी जेंडर संवेदनशीलता और सम्मान की भावना विकसित करने पर जोर दिया। प्रधानाचार्य ज्ञानेश दुबे ने आगन्तुकों के प्रति आभार जताया।

# नवदुर्गा उत्सव सन्मार्ग पंडाल में छात्राओं को बताए नियम

### यातायात नियमों की सही जानकारी देने वाले छात्र-छात्रा को बांटे उपहार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


छात्रा को पुरस्कार प्रदान करती क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियंका बाजपेयी

यातायात नियमों का पालन कराने के लिए यातायात पुलिस शहर से लेकर गांव तक अभियान चलाकर जागरूक कर रही है। इसी क्रम में यातायात प्रभारी रवि शंकर त्रिपाठी एवं उपनिरीक्षक यातायात आफाक खां ने नवदुर्गा उत्सव सन्मार्ग पंडाल में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं के अवसर पर उपस्थित स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं को यातायात पुलिस द्वारा पहुंचकर सड़क दुर्घटना से बचने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

उपनिरीक्षक यातायात आफाक खां द्वारा छात्राओं से यातायात संबंधी महत्वपूर्ण सवाल पूछे गए। सही जवाब देने वाली छात्राओं को क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियंका बाजपेयी द्वारा उत्साह वर्धन के लिए पुरस्कार के रूप में उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं मिशन शक्ति फेज- 5:0 के अंतर्गत चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में छात्रों को आवश्यक जानकारी दी गई। इस मौके पर मिशन शक्ति की कई महिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहीं।

# खाद, डीजल बरामदगी मामले में किसान पर मुकदमा दर्ज

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

किसान को घर में तय मात्रा से अधिक खाद व डीजल रखना आखिर भारी पड़ ही गया। कृषि विभाग के साथ आपूर्ति विभाग ने भी उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अलग अलग मामला दर्ज कराए है। गत सप्ताह ही उसके घर से उक्त वस्तुएं बरामद हुई थी। विदित हो कि गत सप्ताह जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव तथा पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार ने पुलिस बल के साथ महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम नूरपुर में किसान सुरेन्द्र सिंह के घर छापेमारी की थी। इस दौरान उसके घर से 52 बोरी डीएपी तथा 100 बोरी से अधिक यूरिया मिली थी इतना ही नहीं 700 लीटर डीजल भी बरामद हुआ था जिसको कब्जे में लेकर खाद सहकारी समिति आटा में तो डीजल पेट्रोल पम्प में रखवा दिया गया था और मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी गयी थी।

हालांकि इस प्रक्रिया में काफी देर भी हुई है जिससे क्षेत्र में लोग इस मामले को लेकर तरह तरह के कयास भी लगाए जाने लगे थे लेकिन अब इस मामले में उक्त किसान के खिलाफ दो अलग अलग मामले दर्ज हुए हैं। जिसमे पहला मामला पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार ने डीजल के अवैध भण्डारण के मामले में चुर्खी थाना मे दर्ज कराया गया है।

## मिशन शक्ति में दिया महिला शिक्षा व सुरक्षा, आत्मनिर्भरता का संदेश

**जालौन,उरई।** उच्च प्राथमिक विद्यालय जगनेवा कंपोजिट में मिशन शक्ति एवं मीना जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला चौकी प्रभारी मधु देवी, महिला कांस्टेबल रुचि यादव, खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी व उपनिरीक्षक निसार अहमद विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्य भूरी देवी एवं सहायक अध्यापक प्रतिभा त्रिपाठी ने किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण विषय पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें समाज में महिला शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया।

# जनसुनवाई में दिव्यांग मां-बेटी को मिला आवास

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जनपद में मिशन शक्ति 5.0 अभियान निरंतर नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की अलख जगा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की जनसुनवाई के दौरान संवेदनशीलता और मानवता का प्रेरक उदाहरण सामने आया।

उमरारखेड़ा निवासी दिव्यांग देवेंद्र प्रताप सिंह, पत्नी क्रांति देवी व उनकी पुत्री निहारिका गौतम अपनी समस्या लेकर पहुंचे। बाहर खड़ी क्षेत्राधिकारी उरई अर्चना सिंह ने दिव्यांग दंपत्ति को देखकर तुरंत सहारा दिया और उन्हें जिलाधिकारी तक पहुंचाया। जैसे ही वह अंदर पहुंचे जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने अपनी कुर्सी छोड़कर दिव्यांग मां-बेटी को बिठाया। जिलाधिकारी ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उनकी बात ध्यान से सुनी। प्रार्थना पत्र में दंपत्ति ने बताया कि उनकी पुत्री निहारिका, जो कक्षा 10 की छात्रा है, की फीस भरने में वह असमर्थ हैं और परिवार के पास रहने के लिए आवास भी नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को छात्रा की पढ़ाई सुनिश्चित करने और आवास उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर शाम तक संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण कर आवास और अन्य प्रबंधन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। यह पहल मिशन शक्ति 5.0 की भावना को जीवंत करती है, जहां शासन-प्रशासन सिर्फ योजनाओं तक सीमित न रहकर संवेदनशीलता के साथ जरूरतमंद महिलाओं और बालिकाओं के सपनों को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# प्रतीकात्मक डीएम बनीं बबली तो सीमा ने संभाला एसपी का दायित्व

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर की सबसे खास झलक यह रही कि मंच संचालन से लेकर मंच पर विराजमान अतिथियों तक हर जगह नारी शक्ति की ही गूंज रही। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से आज की प्रतीकात्मक जिलाधिकारी की भूमिका हेतु श्रीमती बबली देवी को तथा प्रतीकात्मक पुलिस अधीक्षक की भूमिका सीमा को सौंपी गई। दोनों ने आत्मविश्वास से भरे संबोधन के माध्यम से उपस्थित छात्राओं और महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। एक दिन की जिलाधिकारी बबली देवी ने कहा आज का दिन मेरे लिए गौरव का है। मिशन शक्ति ने हमें यह विश्वास दिया है कि महिलाएं केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि वह प्रशासन व नेतृत्व की जिम्मेदारी भी निभा सकती हैं। बेटियां अब किसी से कम नहीं, वह चाहें तो हर मुकाम हासिल कर सकती हैं। आज की पुलिस अधीक्षक सीमा ने कहा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च है। पुलिस सदैव बेटियों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 और 181 हर महिला का सुरक्षा कवच हैं। इस मौके पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, एमएलसी रमा निरंजन ने भी संबोधित किया। मिशन शक्ति के उद्देश्य को सही अर्थों में परिभाषित किया गया। सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति और छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। यह अनोखी पहल न सिर्फ महिलाओं और बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली रही बल्कि समाज को यह सशक्त संदेश भी दिया कि नारी शक्ति ही सशक्त भारत की पहचान है।

### राज्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित


राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला सीओ सदर को प्रमाण पत्र देती।

**उरई, समृद्धि न्यूज।** जनपद में नारी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का संदेश लेकर चल रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रांगण में भव्य समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर राज्यमंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने ग्राम प्रधान, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की महिलाओं एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंच से नारी शक्ति को सम्मानित करने का यह क्षण उत्साह और गौरव से भरा रहा। राज्यमंत्री ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक योजना नहीं, बल्कि नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की गारंटी है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनपद की महिलाएं अपने आत्मबल और परिश्रम से समाज में नई पहचान बना रही हैं।

# कलुआ गिरोह के सरगना को आजीवन कारावास

- मुठभेड़ में चार पुलिसकर्मियों की हुई थी मौत और आठ पुलिसकर्मी हुए थे घायल
- 12 लाख का लगाया गया अर्थदंड, घायल व मृत पुलिसकर्मियों को अर्थदंड की धनराशि से एक-एक लाख रुपए दिया जाएगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने लूट, हत्या के मामले में देवेंद्र उर्फ फौजी पुत्र रक्षपाल सिंह निवासी परनिया थाना बीसलपुर पीलीभीत को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 12 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

बीते लगभग 28 वर्षों पूर्व थाना कम्पिल में तैनात सिपाही रामसेवक यादव ने बताया कि दिनांक 26 मार्च 2003 को रात 10 बजे से सुबह 11:30 बजे के बीच स्थान गंगा कटरी वहद ग्राम सींगनपुर कंपिल में मय अपने साथियों के साथ मिलकर पुलिस गस्त कर रहा था, उसी दौरान आरक्षी इंद्रपाल, पी.ए.सी. के कर्मचारी का मय सरकारी असलाह अपहरण जान से मारने की नियत से एक राय होकर



सजा के बाद अभियुक्त को ले जाती पुलिस

फायरिंग की गयी। जिससे थानाध्यक्ष राजेश सिंह, दरोगा उदयवीर, कांस्टेबिल उमेश यादव, पी.ए.सी. जवान सेवाराम की मृत्यु हो गई थी तथा पुलिसकर्मियों के असलाहों की लूट के सम्बन्ध में देवेंद्र उर्फ फौजी, सोनपाल, धनपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सौरव मिश्रा की दलील व साक्ष्य के अभाव से सोनपाल, धनपाल को दोष मुक्त कर दिया गया। शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत, कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने देवेंद्र उर्फ फौजी को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर 25 सितंबर की तिथि नियत है। देवेंद्र फौजी इन दिनों बरेली जेल में निरुद्ध है। देवेंद्र को जनपद शाहजहांपुर के दो मुकदमों में आजीवन कारावास, जनपद बदायूं के दो मुकदमा में आजीवन कारावास, जनपद फतेहगढ़ फर्रुखाबाद में एक मुकदमे फांसी की सजा हो चुकी है। देवेंद्र उर्फ फौजी के ऊपर कुल तीस मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें से अभी तक छः मुदकमों में दोषी करार हो चुका है।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत सुरक्षा के प्रति बालिकाओं को किया गया जागरुक

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति के अंतर्गत थाना प्रभारी के निर्देशन में एक कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस ने बालिकाओं को सुरक्षा के गुर और महिला मिशन शक्ति की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

कंपिल थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने 25 सितंबर को मिशन शक्ति विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया। मिशन शक्ति फेज-5 के तहत पुलिस टीम क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर खास स्थित रूप किशोर इंटर कालेज में जाकर बच्चों से उनकी समस्याएं जानीं। पुलिस टीम ने महिलाओं और छात्र-छात्राओं को सरकारी योजनाओं




बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरुक करती पुलिस

की जानकारी दी। साथ ही उन्हें सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया। इनमें यूपी.112, महिला हेल्पलाइन-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन-1930 शामिल हैं। पुलिस टीम ने सड़क सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया गया। ऑपरेशन सुदर्शन के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान की जानकारी दी गई। नए कानूनों से भी लोगों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई। इस दौरान सिपाही विजय, कविता, चारु, कल्पना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा और जागरूकता से ही महिला सशक्तिकरण संभव : डीएम



कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

- नारी शक्ति अभियान-5 के तहत किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय पपियापुर विकास खंड बढ़पुर में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के विषय में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा और जागरूकता से ही महिला सशक्तिकरण संभव है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 आदि के बारे में जानकारी दी और बच्चों को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थिति जनसमूह में मिशन शक्ति के पम्पलेट वितरण किये गये। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय परिवार, ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ससुरालजीनों ने महिला के साथ की मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** ससुरालीजनों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता रूबी पत्नी नन्दराम निवासी गांव छीता कपूरापुर थाना कमालगंज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि दिनांक 22.09.2025 को समय करीब 6 बजे पीड़िता के साथ उसका जेठ सुशील उर्फ पप्पू पुत्र श्रीपाल ने वेवजह गाली-गलौज कर रहा था। विरोध करने पर पीड़िता के साथ हाथापाई कर मारपीट कर दी। जिससे पीड़िता के शरीर पर गम्भीर चोटें आयीं। पति नन्दराम ने जब पत्नी को बचाना चाहा, तो उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता को मामले की जांच कर कार्यवाही करने की भरोसा दिया।

# बुद्धि, बल व यश में वृद्धि करती हैं मां कूष्मांडा देवी

- नवरात्र के चौथे दिन शक्तिपीठों में हुई पूजा-अर्चना

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चैत्र नवरात्र के चौथे दिन भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरुप मां कूष्मांडा की विधि विधान से पूजा अर्चना की और सर्व मंगल की कामना की।

गुरुवार को घर व मंदिरों में मां दुर्गा के चौथे स्वरुप मां कूष्मांडा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। नगर के ऐतिहासिक मंदिर गुरुगांव देवी, बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर, भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मन्दिर, खतराना स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर



शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करती महिलायें

भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर सर्व मगल की प्रार्थना की। ऐतिहासिक द्वापरकालीन गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों ने भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर लगे मेले में भक्तों ने जमकर खरीददारी की। यहां पर पूजा से संबंधित साहित्य तथा घरेलू सामान की दुकानें लगी थीं। इसके अलावा बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में मां की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से गया। लोगों का मानना है कि माता के दर्शन से हर इच्छा पूरी होती है। यहां पर भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं तथा युवतियों ने भोर होते ही मंदिर में पहुंचकर मां कूष्मांडा की श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना की। इसके अलावा भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ दर्ज की गयी। घरों में भी व्रती महिलाओं ने मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की और शाम के समय महिलाओं ने देवी जागरण का आयोजन किया। कुल मिलाकर नव दुर्गा के चलते शहर का माहौल आध्यात्मिक बना हुआ है। नगर के सभी देवी मंदिरों पर सुरक्षा की दृष्टि से महिला व पुरुष पुलिस तैनात रही।

## रोजगार मेले में 262 पुरुष/महिला अभ्यर्थियों का हुआ चयन



रोजगार मेले में मौजूद पुरुष/महिला अभ्यर्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला सेवायोजन कार्यालय फतेहगढ़ के तत्वावधान में दुर्गा नारायण पी.जी. कालेज फतेहगढ़ में एक बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया किया गया। जिसमे 09 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। उक्त रोजगार मेले में 547 बेरोजगार पुरुष/महिला अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार के उपरान्त 262 पुरुष/महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले को सुचारु रुप से संचालित करने हेतु दुर्गा नायरण पी0जी0 कालेज के शिक्षकगण व जिला सेवायोजन कार्यालय फतेहगढ़ के कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया। मेले में काफी संख्या में बेरोजगार अभ्यर्थी पहुंचे और अपनी योग्यता के अनुसार कंपनियों को साक्षात्कार दिया।

# आई.जी.आर.एस. निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी: डीएम

- जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को चेताया

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आई.जी.आर.एस. निस्तारण से सम्बंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में आवदेकों से संपर्क न करने वाले अधिकारियों पर जिलाधिकारी द्वारा अत्यधिक नाराजगी जताई गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि आवदेकों से वार्ता न किया जाना अनुशासनहीनता है,अपराध है और निरंतर साप्ताहिक और मासिक समीक्षा




समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी

करने पर अपेक्षित सुधार नहीं देखने को मिल रहा है। अब जिन- जिन अधिकारियों के आवेदक से संपर्क के प्रकरण शून्य नहीं होगा उनके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदाई होगा। शत-प्रतिशत आवदेकों से वार्ता की जानी है। आवेदनों से वार्ता न किए जाने के क्रम में सीडीपीओ मोहम्मदाबाद, ईएक्सईएन जल निगम ग्रामीण, ईएक्सईएन विद्युत, ईएक्सईएन आवास विकास व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिये कि अधिकारी प्रतिदिन ऑफिस पहुंचकर सर्वप्रथम आईजीआरएस चेक करें। निस्तारण भी अपनी निगरानी में ही कराना सुनिश्चित करें। सभी शिकायतकर्ताओं से स्वयं बात करें और यदि संदर्भ आपसे संबंधित नहीं हैं। उसको उसी दिन या अगले दिन ही वापस कर दें और शिकायत डिफाल्टर होने से 05 दिन पूर्व ही आईजीआरएस पर गुणवत्तापूर्ण/सुस्पष्ट निस्तारण आख्या अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। जिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण डिफाल्टर संदर्भ होगा या जिले की रैंकिंग खराब होगी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही/शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा कार्यकर्ता

## फतेहगढ़ मंडल ने धूमधाम से मनाया पंडित दीन दयाल उपाध्याय का जन्म दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा फतेहगढ़ मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े धूमधाम से मनायी गयी। पंडित दीनदयाल के जन्म दिवस पर आज फतेहगढ़ मंडल में नगर मंडल अध्यक्ष रमला राठौर के नेतृत्व में नगर के महामंत्री सुमित कटियार के प्रतिष्ठान पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जिला महामंत्री डीएस राठौर, रेखा सोमवंशी, बिटाना चौहान, नगर महामंत्री अमन गुप्ता, पूर्व महामंत्री गौरव कटियार, अनिल प्रताप, संजीव राठौर, गुरजीत कटियार, विनीत मिश्रा, सनी शुक्ला, राहुल राठौर एवं मंडल के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पंडित दीनदयाल की जीवन शैली पर विचार डाला गया। उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया।

# बेकाबू ओमनी कार की टक्कर से तीन बाइक सवार घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाइक से नवाबगंज कस्बे से बाजार कर वापस लौट रहे तीन दोस्त की बाइक ओमनी कार से टकरा गयी। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद ओमनी कार का चालक मौके से फरार हो गया।

कस्बा नवाबगंज के नगर पंचायत क्षेत्र के बिजली घर के पास गुरुवार दोपहर नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही गांव करौली महबुल्लापुर निवासी सचिन कुमार पुत्र बंटी अपने दोस्त जनपद कन्नौज के ग्राम दौलताबाद निवासी रोहित कुमार पुत्र नेकराम सक्सेना, अरुण कुमार पुत्र राजू सक्सेना जो की अपनी बुआ के घर रिश्तेदारी में आए थे। गुरुवार अपने मित्र सचिन कुमार



सीएचसी में भर्ती घायल



दुर्घटना करने वाली कार को कब्जे में लेती पुलिस

के साथ बाइक से नवाबगंज कस्बे में बाजार करने आए थे। बाजार से लौटते समय फर्रुखाबाद रोड पर बिजली घर के सामने ओमनी कर संख्या- यू.पी.76बी 3932 से उनकी बाइक टकरा गई। जिसमें तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। थाना पुलिस ने सूचना डायल 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के चालक सौरभ कुमार तथा एमटी ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये। जहां घायलों की हालत गंभीर देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार देने के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों की बाइक तथा ओमनी कार को कब्जे में लेकर थाने लेकर आए। वहीं कार्यवाहक थाना प्रभारी कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मामले की जानकारी की।

वहीं थाना पुलिस के दरोगा गीतम सिंह कस्बा इंचार्ज ने बताया की ओमनी कार का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। चालक की तलाश की जा रही है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जिसके बाद लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। मामले की तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भी 30 सितंबर को एलिम्को कानपुर द्वारा आयोजित होने वाले दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई।

जिलाधिकारी द्वारा लाभार्थियों को लाने व वापस ले जाने के लिये ब्लॉक स्तर पर बसों की व्यवस्था करने के लिये ए.आर.टी.ओ. को निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम में अधिकारियों की ड्यूटी लग गई है। सभी लाभार्थियों




समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी

के नाश्ते व दोपहर के खाने की व्यवस्था व्यवस्था एलिम्को द्वारा की जायेगी। कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संबंधित मौजूद रहे।

# पड़ोसी के साथ हुए विवाद को लेकर युवक एवं उसके साथी को पीटा

- पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का दिया भरोसा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पड़ोसी के साथ हुए विवाद को लेकर युवक एवं उसके साथी को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित अंशुल सिंह पुत्र हरगोविंद निवासी ग्राम नगला जोध थाना कमालगंज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि दिनांक 16.09.2025 को मेरे पड़ोसी का गांव के लोगों से विवाद हो गया था। उसी कारण मैं व मेरा मित्र अजय प्रताप सिंह पुत्र विजेन्द्र सिंह थाना कमालगंज में आया था। उसी दिन शाम लगभग 4 बजे मैं गांव में पहुंचा, तो लख्मी पुत्र मुखलाल, प्रदीप, बबलू पुत्रगण लख्मी, अभी पुत्र प्रदीप और पपलेश पुत्र सोहनलाल, मलिखान पुत्र गेंदनलाल उक्त लोगों ने अपने घर के सामने मुझे रोका और मेरे साथ व मित्र अजय प्रताप सिंह के साथ गाली-गलौज व लाठी-डण्डों व ईट से बुरी तरह मारापीटा। मारपीट में मेरे व मित्र अजय प्रताप सिंह के शरीर में चोटें आई हैं। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# ड्रग इंस्पेक्टर की मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी से मचा दवा व्यापारियों में हड़कंप

- संदिग्ध दवाओं के भरे गये सैंपल
- शासन के निर्देश पर अवैध दवा व्यापार के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश द्विवेदी ने मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर संदिग्ध दवाओं के नमूने (सैंपल) भरे। जिन्हें जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला बनारस भेजा जायेगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही तय की जायेगी।

शासन के निर्देश पर नशीली दवाओं की अत्यंत बिक्री एवं अवैध दवा



मेडिकल स्टोर से दवाओं के सैंपल भरते ड्रग इंस्पेक्टर

व्यापार के खिलाफ मेडिकल स्टोरों की जांच का अभियान चल रहा है। ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश द्विवेदी ने बताया कि शासन के अभियान के तहत गुरुवार को आवास विकास फर्रुखाबाद के निर्मला मेडिकल तथा शंकर मेडिकल स्टोर सहित चार मेडिकल स्टोरों पर छापा मारकर दवाओं की जांच की गयी तथा मेडिकल संचालन हेतु रसीद बुक, शुड्ल एच, नारकोटिक्स दवा आदि के लिए निर्धारित मानकों का भी निरीक्षण किया गया तथा समस्त अभिलेखों की जांच की गयी। उन्होंने बताया कि मेडिकल स्टोर से कोडीन कफ सीरप एवं ट्रामोडोल टेबलेट को संदिग्धता के आधार पर सैंपल भरा गया। जिसे जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला बनारस भेजा जायेगा। इसके अलावा दवाओं के क्रय विक्रय एवं कैशमेमो आदि अभिलेखों को भी चेक किया गया।

जो निर्धारित मानक के अनुरुप नहीं पाये गये। जांच में पायी गयीं कमियों को भविष्य में दूर करने की चेतावनी दी गयी। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देश पर संदिग्ध एवं अवैध दवा व्यापार तथा नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने दवा व्यापारियों से अपील की कि वह निर्धारित मानकों के अनुरुप ही व्यवसाय करें तथा बिना बिल के किसी भी प्रकार की कोई दवाइयां नहीं खरीदें। शुड्ल एच एवं नारकोटिक्स दवाओं की बिक्री चिकित्सक के पर्चे पर करें तथा उसका पूरा रिकार्ड अलग से रखें। उन्होंने बताया कि विगत दिनों में दस संदिग्ध दवा के सैंपल भरे गये।

## पत्नी से विवाद में कोल्ड स्टोरेज कर्मचारी फांसी पर झूला



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम को कोल्ड स्टोरेज कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नगला खैरबंद निवासी शिव शंकर एक कोल्ड स्टोरेज में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। पिछले एक सप्ताह से शिव शंकर और उनकी पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। विवाद के कारण उनकी पत्नी मायके चली गई थीं। घर में उनका बेटा आयुष उनके साथ रह रहा था। गुरुवार शाम को जब आयुष घर पहुंचा और पिता को आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। रोशनदान से झांककर देखने पर उसने अपने पिता को फंदे पर लटका हुआ पाया। बेटे ने तुरंत पड़ोसियों और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। आयुष ने बताया कि उनके माता-पिता की शादी को 30 वर्ष हो चुके थे। मऊदरवाजा थाने के क्राइम प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के बीच हुए झगड़े के बाद युवक ने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रधानाचार्य ले. गिरिजा शंकर के निर्देशन में शहीद स्मारक पर चला स्वच्छता अभियान

▸ शहीदों के जीवन पर डाला गया प्रकाश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एक दिन, एक घंटा, एक साथ के तहत म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा स्वच्छोत्सव महोत्सव 2025 मनाया गया।

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के तथा शासन के निर्देशानुसार 25 सितंबर 2025 को एक दिन, एक घंटा, एक साथ के तहत विभिन्न स्थानों, शहीद स्मारकों तथा विद्यालयों में छात्रों, एनसीसी कैडेट्स तथा शिक्षकों के साथ श्रमदान किया गया। म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा बटालियन के निर्देशानुसार फतेहगढ़ स्थित शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए लगभग 62 एनसीसी कैडेट्स के साथ तथा जीआईसी के ए0ए0ओ0 लेफ्टिनेंट राजू अहिरवार के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनसीसी कैडेट्स ने भारत माता की जय, एक दिन, एक घंटा, श्रमदान के नाम के नारे लगाते हुए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर द्वारा सभी एनसीसी कैडेट्स को शहीदों के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा गया कि आज हम इन शहीदों, वीर सपूतों की वजह से सुरक्षित हैं तथा जिंदा हैं जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। हम सभी को सभी अमर शहीदों का सम्मान करना चाहिए।



शहीदों के बारे में छात्रों को जानकारी देते प्रधानाचार्य ले0 गिरिजा शंकर

वहीं शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल कौशलेंद्र प्रताप सिंह की प्रतिमा पर सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स के साथ विद्यालय में स्थित शिलाफलकम (शहीद स्मारक) पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर हवलदार जालिम सिंह तथा सोनू नागर उपस्थित रहे।

## जान से मारने की धमकी के मामले में तीन वर्ष की कैद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** न्यायिक मजिस्ट्रेट माला कुमारी ने अदालत में 35 वर्ष पुराने मामले में दोष सिद्ध करते हुए अदालत ने छोटे खॉ उम्र 78 वर्षीय पुत्र शखावत अहमद निवासी ग्राम निजामुद्दीनपुर थाना कम्पिल को तीन साल की कैद व दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। 12 दिसम्बर 1990 को छोटे खाँ ने वादी से 20 हजार रुपये उधार लिए थे। पैसे वापस न करने के साथ जान से मारने की धमकी दी थी। यह मामला पहले थाना कम्पिल मे दर्ज किया गया था। बाद में कोतवाली कायमगंज में ट्रान्सफर किया गया। पुलिस व पैरोकार कांस्टेविल मुनेन्द्र ने जाँच के दौरान गवाहों के बयान दर्ज कर साक्ष्य जुटाकर अदालत में पेश किए। अदालत ने सक्ष्यों का गहन अध्ययन किया। उन्हें सन्देह से परे मानते हुए आरोपी छोटे खाँ के खिलाफ कार्यवाही की। न्यायधीश माला कुमारी ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुनाया। छोटे खाँ पर दोष सिद्ध करते हुए 3 वर्ष का कारावास दो हजार रुपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया। अभियोजन की ओर से अंकित कुमार ने पैरवी की। कांस्टेबिल मुनेन्द्र ने मामले में सहयोग किया।

# मां दुर्गा के भक्त 350 किमी से अधिक साइकिल चलाकर पहुंचे पूर्णागिरी धाम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अमृतपुर तहसील क्षेत्र में इटावा-बरेली नेशनल हाईवे पर ग्राम गढ़िया के पास एक साइकिल सवार युवाओं का ग्रुप मिला। उनसे बात करने पर पता चला कि वह लोग कन्नौज जनपद के रहने वाले हैं और 18 सितंबर को 31 सदस्यीय ग्रुप साइकिल से अपने गांव से निकला था और लगभग 375 किलोमीटर से अधिक की साइकिल यात्रा करने के बाद वह पूर्णागिरि धाम पहुंचे और वहां पर माता रानी के दर्शन किए उसके बाद वह सभी सदस्य साइकिल से ही घर वापस आ रहे थे। कन्नौज के सौरिख के खड़नी निवासी शिवम ने बताया कि उनके गांव से कई लोग पूर्णागिरी धाम जाते हैं। इस बार सभी लोगों ने साइकिल से यात्रा करने का विचार बनाया। माता रानी के दर्शन का संकल्प लेकर सभी साथी आगे बढ़े और यात्रा सफलतापूर्वक करने के बाद घर वापस जा रहे हैं। इस ग्रुप के एक साथी अजय ने बताया ने बताया कि कक्षा 10 के छात्र हैं उनके परिवार के भी कई लोग ग्रुप में शामिल हैं। तीन दिन में उन्होंने यात्रा को पूरा कर माता रानी के दर्शन किए। काफी अच्छा लगा है। साइकिल से यात्रा करने में थकान तो हुई, लेकिन माता रानी की भक्ति और कृपा के चलते सब कुछ सहजता के साथ हो गया।


संवाददाता से मुखाबित होते भक्तगण

# लाखों की लागत से अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार, अब किसके फरमान का इंतजार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बढ़पुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानपुर में अन्नपूर्णा भवन कई महीने से तैयार खड़ा है। फिर भी राशन कोटेदार द्वारा राशन वितरण अपने घर पर करना सवालों के घेरे में है।

सरकार के मानक में लाखों रूपया की लागत से बना अन्नपूर्णा भवन सफेद हाथी साबित हो रहा है। ग्रामीणो की मानें तो अन्नपूर्णा भवन कई महीने से बनकर तैयार खड़ा है। इसके बाबजूद कोटेदार फिर भी राशन वितरण अपने घर पर क्यों कर रहा है। गौरतलब है कि बढ़पुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत खानपुर मे लाखों रुपए की लागत से अन्नपूर्णा भवन कई महीने पूर्व से बनकर तैयार खड़ा है। तमाम राशन कार्डधारकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया गांव के उचित दर विक्रेता ने नियमों की अनदेखी करते हुए राशन वितरण के लिए अन्नपूर्णा भवन का उपयोग नहीं किया। इसके बजाय वह राशन अपने घर पर वितरित करता है। जो न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि ग्रामीणों को भी परेशानी में डाल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अन्नपूर्णा भवन का उपयोग अभी तक शुरू नहीं हुआ। जबकि इसे लाखों रुपये की लागत से तैयार किया गया था। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण का उद्देश्य ग्रामीणों को मिलने वाला राशन उचित तरीके से वितरित करना था, लेकिन यह योजना अब तक सफल नहीं हो पाई है।



ग्राम पंचायत खानपुर में बना अन्नपूर्णा भवन

# दहेज हत्या के मामले में युवक पर दोष सिद्ध

▸ सजा के बिंदु पर सुनवाई 29 सितंबर को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष ईसी एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करना व दहेज हत्या के मामले में दिलीप कुमार उर्फ विजय कुमार पुत्र सतीश चंद्र निवासी गदनपुर देवराजपुर कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 सितंबर की तिथि नियत की गयी है।

बीते 12 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज पुलिस को 5 अप्रैल 2011 को चंद्रशेखर पुत्र छक्कू निवासी सेंगरमऊ कन्नौज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मैंने अपनी भतीजी चित्रा की शादी आज से लगभग 8 माह पूर्व दिलीप के साथ 18 जुलाई 2010 को की थी। शादी में अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन दिए हुए दान दहेज से चित्रा के पति, दिलीप, ससुर सतीश चंद्र, सास खुश नहीं थे और अतिरिक्त दहेज में एक मोटर साइकिल पल्सर, पचास हजार रुपए नगद की मांग को लेकर चित्रा का उत्पीड़न करते थे। जब हम लोग चौथी की विदा के लिए गए, तो इन लोगों ने हमसे मोटर साइकिल व पैसों की मांग की।

हम लोगों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन उक्त लोग नहीं माने। लगभग 15 दिन पहले चित्रा का भाई देवीनंदन गया था। ससुराल वालों ने कहा दहेज नहीं दिया अंजाम भुगतने के लिया तैयार हो जाना। 04 अप्रैल 2011 को मेरे बहनोई महेंद्र ने बताया कि चित्रा को उसके ससुराल वालों ने मार दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर दिलीप उर्फ विजय, सतीश के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

न्यायालय ने 319 के तहत माया देवी को तलब कर लिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अखिलेश कुमार राजपूत, श्रवण कुमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने दिलीप उर्फ विजय को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 सितंबर की तिथि नियत है। साक्ष्य के अभाव से सतीश चंद्र, माया देवी को दोष मुक्त कर दिया गया।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

## चोर की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान बरामद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कूंचा गंगा दरवाजा निवासी शिवम गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि 11 सितम्बर को उसका सामान चोर चुरा करले गये थे। 24 सितम्बर को वह अपने पिता के साथ ग्राम गऊटोला पहुंचे। वहाँ मन्दिर के पास पूर्व कर्मचारी कृष्णा दिखाई दिया, तो उसे उन्होंने पकड़ लिया और कड़ाई से पूछताछ, तो कृष्ण ने बताया की चोरी कर सामान उसने मन्दिर के पास झाड़ियों में छिपाकर रख दिया था।

कृष्णा के पास से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ। इसमें 12 गोल्डन डोगा, ढक्कन, 9 डोगा स्टील, 16 चाट काउन्टर के बर्तन, 10 गोल्डन की टहनियाँ, 3 जग, 4 मटका स्टैण्ड, 2 अचार के बर्तन मिले। जिसे पुलिस के सुपुर्द किया।

# लोको दरगाह पर नौचंदी जुमेरात व फातिहा ख्वानी का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हज़रत मखदूम शाह सय्यद शाहबुद्दीन औलिया अलैहि रहमाए के आस्ताने पर रबी-उस-सानी महीने की नौचंदी जुमेरात में अकीदतमंदों कीभीड़ उमड़ी।

फतेहगढ़ शहर की ऐतिहासिक गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल लोको रोड स्थित दरगाह हजरत मखदूम शाह सय्यद शाहबुद्दीन औलिया रह0 अलैह के आस्ताने पर गुरुवार को रबी-उस-सानी के महीने की चांद की 2 तारीख को पड़ी नौचंदी जुमेरात, अकीदत के साथ फातिहा ख्वानी कर मनाई गई। दरगाह शरीफ में फजर की नमाज के बाद से चादर पोशी और फातिहा का दौर चला। हिन्दू- मुस्लिम भाईचारे की प्रतीक दरगाह पर नौंचदी जुमेरात पर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। दरगाह के नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम उर्फ मुहम्मद मियां की सरपरस्ती में फातिहा ख्वानी कर चादर पोशी की गयी। जिसमें बड़ी तादाद में भीड़ उमड़ी और अपने अपने तरीके से अकीदत पेश की। मौलाना शोएब आतिर मदारी ने माहे रबी-उस-सानी महीने की फजीलत बयान की-रबी-उस-सानी इस्लामी महीने का चौथा महीना है। ये महीना हजूर सैयद गोसे आजम के नाम से मंसूब है जिसको हम 11वी शरीफ भी कहते हैं। 11वीं शरिफ खानकाहों पर बड़ी जोरो शोर से मनाई जाती है। जिसके लब पर गौसे आजम का तराना आ गया, उसको उसको शैता के हर एक हुरबे से बचना आ गया। लौटकर जाते हुये चहेरों पे खुशयान आ गयी, 11वी का गौसे आजम का महीना आ गया। जिसमें तुलाबा जामिया चिश्तिया ने बेहतरीन अंदाज में कुरान पाक की तिलावत की। इस मुबारक मौके पर लोगों ने अपने-अपने तरीके से फूल व चादर चढ़ाकर अपनी अकीदत पेश कर खानकाह मे दुआएं मांगी। इस मौके पर इसरार साबरी, आसिफ साबरी, अंसार साबरी, रफत हुसैन, अजहर हुसैन, मुबीन साबरी, तनवीर खान, अमीर रहमानी, आफताब साबरी, फरहान साबरी, शिवम, आकाश आदि अकीदमंद मौजूद रहे।


लोको दरगाह पर फातिहा ख्वानी करते अकीदतमंद

# भाकियू अखंड प्रदेश की बैठक में पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन (अखंड प्रदेश) की बैठक का आयोजन ग्राम सभा गांधी मजरा कुइयां में किया गया। जिसमें सुनील गिहार को प्रदेश सचिव एवं संजय कठेरिया को जिला संयुक्त मंत्री, देवेंद्र कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, नवीन अहमद जिला महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, सुखदेव गिरी महाराज तहसील संरक्षक, मनोज गिहार युवा जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति, सत्यपाल राजपूत क्षेत्र पंचायत सदस्य डबरी को तहसील उपाध्यक्ष, जितेंद्र राजपूत पूर्व क्षेत्र पंचायत तहसील सचिव, उमाशंकर मिश्रा तहसील उपाध्यक्ष, लव कुश यादव ब्लॉक सचिव राजेपुर, विनोद यादव जिलामंत्री, सत्यवीर सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेपुर, नरवीर सोमवंशी जिला उपाध्यक्ष, दीपक चौहान युवा जिला उपाध्यक्ष, मुनेश्वर कुशवाहा जिला सचिव अन्य पिछड़ा वर्ग, श्रीपाल कुशवाहा ब्लॉक अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग की जिम्मेदारी दी गई। वहीं संगठन द्वारा 06.10.2025 को जिले की तीनों तहसीलों में होने वाले एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन में आने हेतु आग्रह किया गया। साथ ही संगठन को आगे बढ़ाने एवं गांव-गांव किसान महापंचायत कर किसानों को जागृत करने तथा गंगा जी के दोनों तरफ बांध बनाने, गंगा जी की तलहटी में बालू डंप को खाली कराने, क्षेत्र की तमाम टूटी सड़कों की मरम्तीकरण कराने एवं मूल सड़कों का नवीनीकरण करने पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार बबलू दीक्षित, अवधेश सिंह राष्ट्रीय सचिव, क्रांति पाठक जिलाध्यक्ष, नेत्रपाल सिंह, लकी उर्फ मुन्ना खान जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक, मंजीत सिंह, मानू खान जिला उपाध्यक्ष, अमित कुशवाहा, लाला कुशवाहा, बबलू यादव सहित भारी तादाद में किसान उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में संबोधित करते किसान नेता

## विकास खंड कार्यालय के चौकीदार की मां के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना



शोक संवेदना व्यक्त करते खंड विकास अधिकारी व कर्मचारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय पर में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मां के निधन पर विकास खंड अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ शोक संवेदना की व्यक्त की और मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय में तैनात सफाई कर्मचारी राम लखन सिंघानिया जो कि मृतक आश्रत कोटे से अपने पिता की नौकरी पर चौकीदार की नौकरी कर रहा है। वह अपने परिवार सहित विकास खंड कार्यालय परिसर में ही रह रहा है। बीते कई दिनों से बीमार चल रही चौकीदार की मां का बीती रात निधन हो गया। जिसकी जानकारी विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान को हुई, तो वह चौकीदार के कमरे पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने विकास खंड कार्यालय पर कंडोलेंस कर सभी कर्मचारियों के साथ 2 मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर हुई संगोष्ठी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गुरुवार को जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर बिर्राबाग में रेडिएंटो हॉस्पिटल में स्थित अलका मैरिज लॉन के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के उपाध्यक्ष व कन्नौज से पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद सिंह ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य वक्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में जन्मे दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। वह एक महान भारतीय विचारक संगठन कर्ता और राजनीतिक नेता थे। उन्होंने देश के गरीब और वंचित लोगों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करते हुए राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ कार्य किया। उन्होंने अंत्योदय का सिद्धांत प्रस्तुत किया। जिसका अर्थ था समाज के सबसे निचले स्तर पर मौजूद व्यक्ति का उत्थान करना। उनकी विचारधारा को अपनाते हुए 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया गया है। देश का वास्तविक विकास तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिले। पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत ने कहा यह दिवस समाज में आर्थिक और सामाजिक असमानताओं को खत्म करने की दिशा में काम करने की प्रेरणा देता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों के अनुसार समाज के हर व्यक्ति को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए।


संगोष्ठी के दौरान लोगों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय विचारधारा जन.जन तक पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार विभिन्न मंचों से भारत को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने का आह्वान कर रहे हैं। सरकार के द्वारा निरंतर गरीबों के उत्थान के लिए प्रयास जारी है जीएसटी की दरों में कटौती करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव रख दी है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कठेरिया ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री डीएस राठौर, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील रावत, व्यापार मंडल मिश्रा गुट के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक जितेंद्र सिंह, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक ठाकुर वीरेंद्र सिंह राठौर, जिला मंत्री धर्मेंद्र राजपूत, जिला मंत्री रश्मि दुबे, पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, विकास पांडे जिला मंत्री, गोपाल राठौर जिला मंत्री, अमरदीप दीक्षित, ऋषि पाल सिसोदिया, नरेंद्र आर्य, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## रालोद ने प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने की बनायी रुपरेखा


बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक कर जिले के पदाधिकारी को कार्यभार सौंपा। गुरुवार को राष्ट्रीय लोक दल के कार्यालय स्थित गणेश नगर डिग्गी ताल में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 29.09.2025 सितंबर को उत्सव गेस्ट हाउस बढ़पुर में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय को फर्रुखाबाद आगमन को लेकर रुपरेखा तैयार की गयी। साथ ही पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गयीं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने का सभी से आहवान किया गया। बैठक में लगभग दो दर्जन से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम सफल बनाने की जिम्मेदारी दी गई। इसमें मुख्य रूप से जिला महासचिव अनिल चौहान, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, रोहित सिंह सोमवंशी, जिला सचिव रामेंद्र सिंह, मोहम्मद नईम खान, सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सब्बू खान, मदन सिंह एवं सतीश राजपूत, इमामुद्दीन, चंदन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष व एमएलसी ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल एवं पूर्व एम.एल.सी. मनोज अग्रवाल ने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का क्रियान्वयन कराए जाने हेतु वार्ड संख्या-30 मोहल्ला खतराना एवं वार्ड संख्या-40 मोहल्ला नितगंजा दक्षिण में ई-रिक्शा के माध्यम से कूड़ा कलेक्शन चालू कराया एवं घर-घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए जागरूक भी किया। नगर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि लोगों से कहा कि वह अपने आसपास साफ-सफाई रखें और कूड़े को नियमित एकत्रि कर कूड़ा गाड़ी में डालें। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई से बीमारियां दूर रहती हैं तथा संक्रामक रोग नहीं फैलते हैं। इस कार्य में नगर पालिका आप लोगों का पूरा सहयोग करेगी। वहीं आप भी इसमें सहयोग करें। जिससे हम अपने नगर को स्वच्छ बना सकें। इस मौके पर वार्ड संख्या 30 के सभासद पति नवनीत कन्नौजिया एवं वार्ड संख्या 40 के सभासद अतुल शंकर दुबे एवं स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने पालिकाध्यक्ष को साफ-सफाई में सहयोग करने का आश्वासन दिया।



लोगों को जागरुक करती पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, एमएलसी मनोज अग्रवाल व पालिकाकर्मी

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय को जन्म जयंती पर किया याद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद रोड स्थित चेयरमैन अनिल राजपूत के आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। चेयरमैन अनिल राजपूत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी एक महान भारतीय विचारक और कुशल संगठनकर्ता थे। उन्होंने समाज के गरीब और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका अंत्योदय का सिद्धांत समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास पर केंद्रित था। भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज ने बताया कि दीनदयाल की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रही है।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में स्वच्छोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में स्वच्छोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर 4 यूपी गर्ल्स बटालियन, एनसीसी की 24 कैडेट्स ने अपने एएनओ अनुराधा मुखर्जी के नेतृत्व में सक्रिय रूप से भाग लिया।

कैडेट्स ने एक दिन, एक घंटा, एक साथ के नारे को आत्मसात करते हुए विद्यालय परिसर और उसके आसपास की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा सभी को स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजीव भी उपस्थित रहे और उन्होंने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि जीवन शैली का हिस्सा बननी चाहिए। कार्यक्रम ने सभी ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता ही सेवा है और स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।


स्वच्छता अभियान चलाते आर्मी पब्लिक स्कूल के बच्चे

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम HOSHIAR KAUR दर्ज हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम HUSHIAR KAUR है। HUSHIAR KAUR M/o, आर्मी नंबर-4488813H, रैंक-हवलदार, गुरजंट सिंह, द सिखलाई रेजीमेंट सेंटर, फतेहगढ़, निवासी-ग्राम माहों, पोस्ट व तहसील-खन्ना, जिला-लुधियाना, राज्य-पंजाब-141401, द्वारा शपथ पत्र नंबर-46AA079493, दिनांक-25.09.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

# मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत संगोष्ठी आयोजित

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।



नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मिशन शक्ति फेस 5.0 के संयुक्त तत्वाधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य वक्ता डॉ ओम किशोर सिंह द्वारा विभिन्न प्रकार के औषधीय गुणों से युक्त पेड़ पौधों के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। व्याख्यान में मुख्य वक्ता ने तुलसी, गिलोय, आंवला, हल्दी इत्यादि पेड़ पौधों के चिकित्सकीय गुणों के बारे में बताया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण, समरसता एवं स्वावलंबन पर छात्र छात्राओं को बताया गया। डॉ. नीलम यादव द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत अभिभावकों द्वारा ली जाने वाली बालिका सुरक्षा शपथ एवं छात्रों द्वारा ली जाने वाली शपथ छात्र रोहन द्वारा छात्रों को दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एवं क्रियान्वयन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेम यादव ने किया।

तत्पश्चात राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार अभियान है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य मैडम प्रोफेसर मृणालिनी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा इस अवसर पर प्राचार्या मैडम ने अपने विचार व्यक्त किए और पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के छात्र तथा छात्राओं एवं प्राध्यापकों का बीएमआई मापन (ऊंचाई वजन आदि) किया गया तथा स्वस्थ जीवन शैली एवं संतुलित आहार से संबंधित एक प्रश्नावली भरवाई गई। जिससे उनकी जागरूकता का मूल्यांकन किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ पल्लवी मिश्रा के द्वारा किया गया।

## महिलाओं को पुलिस प्रशासन ने किया जागरूक

हलिया (मिर्जापुर)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 फेज के अभियान गुरुवार को ग्राम पंचायत फुलियारी के पंचायत भवन परिसर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशा दुबे के नेतृत्व में महिलाओ को पुलिस प्रशासन ने जागरूक किया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व एसआई रमाशंकर महिला कांस्टेबल पूजा चौहान, सलोनी दिवाकर ने महिलाओ को डायल 112 व 1090, 1076, 108, 102 के विभिन्न पहलुओं को बताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी को अब अनदेखा नही करना है। छेड़खानी की घटना में लड़कियां व महिलाओ द्वारा प्राय: चुप रहती है जिससे शोहदों के मन बढ़ जाते है। उन्होंने बताया कि महिलाओ द्वारा की जाने वाली शिकायत पर महिला आरक्षी भी पहुंचती है ताकि महिलाए अपनी बातों को अच्छे से समझा सके। उन्होंने कहा कि अब हमें वो सभी नौकरियां करनी है जो लड़के करते है। हमे अपने आपको सशक्त बनाना होगा। उन्होंने सभी से अपील किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर घर, परिवार व पुलिस से जरूर साझा करें जिससे समस्या का हल निकाला जा सके। शासन द्वारा महिलाओ को कई प्रकार की योजनायें चलाई जा रही है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशा दुबे ने भी महिलाओ को सशक्तिकरण के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश दिए व मिशन शक्ति कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया साथ ही महिलाओ को मिशन शक्ति के तहत बतायी गयी बातो को आवश्यकता के समय मे प्रयोग कर बचाव करने की बात बतायी ।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कि सैकड़ों महिलाए उपस्थित रही। इस दौरान मुन्नू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## छात्राओं ने साइकिल रैली निकाल अधिकारों के प्रति किया जागरूक



चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

सीखड़ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं के सम्मान में गुरुवार को छात्राओं के साथ साईकिल रैली निकाल कर जागरूक किया गया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय मगरहा,उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरा, श्री शिवाजी नेशनल इंटर कॉलेज हासीपुर, श्री जोखन राम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा में रैली निकाला गया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका माधुरी देवी, आनंद प्रकाश सिंह, प्रधान हासीपुर प्रभुनारायण सिंह, ऋषिकांत पांडेय, रामेश्वर सिंह, शशिकांत सिंह रहे।

## खबरें एक नजर में

### बाइक के धक्के से महिला घायल, रेफर



हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा अदवा मार्ग हथेड़ा गांव में गुरुवार की दोपहर बाइक के धक्के से महिला घायल हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल महिला को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी नचक की 50 वर्षीय पत्नी शिला सड़क पर जा रही थी की हलिया की तरफ़से आ रहे बाइक सवार ने महिला को धक्का मार दिया जिससे महिला घायल हो गई। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की बाइक के धक्के से महिला घायल होकर उपचार किया जा रहा है।

### पिकप चढ़ने से बछिया की मौत

हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। ड्रमंडगंज बाजार के देवघाट रोड के किनारे बैठी बछिया पर पिकप चालक वसीम अंसारी द्वारा पिकप के चढ़ने मौत हो गई। गोवंश की मौत का समाचार सुनकर गोवंश प्रेमी काफी मर्माहत हुये हैं। पिकप चालक फरार है जिसकी खोज की जा रही है। बताया जाता है कि देवघाट रोड किनारे गोवंश बैठे थे जिसको पिकप चालक वसीम अंसारी पिकप से धक्का देकर हटा रहा था। नहीं हटने पर वसीम अंसारी ने बछिया के उपर पिकप चढ़ा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। गोवंश प्रेमियों ने गोहत्यारे वसीम अंसारी को गोवंश हत्या अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की मांग की है।

### डांडिया गरबा महोत्सव में जमकर झूमे दर्शक



महराजगंज, समृद्धि न्यूज। आई एम शक्ति वूमेन फाउंडेशन के महिलाओं द्वारा संचालित एक पंजीकृत संस्था है, जो आये दिन सामाजिक सरोकारों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर करती रहती है। इसी परिपेक्ष्य में संस्था द्वारा 23 सितंबर को शक्ति डांडिया महोत्सव के सीजन-5 का भव्य आयोजन शहर के गोरखनाथ रोड स्थित रिगालिया रिसार्ट के हाल में शाम 6 बजे से किया गया, जिसमें अपने गोरखपुर के वर्तमान महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में, और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाहपुर की केंद्र प्रशाशिका ब्रह्माकुमारी पारूल दीदी शहर की निवर्तमान महापौर डा सत्या पांडेय, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्षा चारू चौधरी और डीआईजी एस एस बी मुन्ना सिंह और उनकी पत्नी किरण सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व रंगताली ग्रुप द्वारा मां दुर्गा की गरबा आरती से किया गया। संस्था की अध्यक्षा कंचन सोनी और सभी बोर्ड मेंबर्स रमा पांडेय, सुनीता जायसवाल, रेनू एम्विष्ट, डा हेमा जसवाल, नीरज चौधरी और मंजूलता गुप्ता ने आयें हुए अतिथियों को सम्मानित किया। तत्पश्चात दिल्ली से आई हुई डांडिया सिंगर रुबैका और मेड्वाय म्यूज़िकल ग्रुप के रजनीश दूबे की जोड़ी ने सभी गोरखपुराइट्स को डांडिया की धुनों पर लगातार करीब दो घंटे तक झुमाते रहे। अंत में संस्था की अध्यक्षा कंचन सोनी ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया। आई एम शक्ति वूमेन फाउंडेशन की अध्यक्षा कंचन सोनी ने बताया कि नवरात्रि के भक्तिमय वातावरण में संस्था द्वारा पिछले 8 वर्षों से मां दुर्गा को समर्पित डांडिया व गरबा का भव्य आयोजन होता आ रहा है।

# रामलीला का मंचन देखने लीला प्रेमियों कि उमड़ रही भारी भीड़



चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

नगर में श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति द्वारा आयोजित इक्कीस दिवसीय रामलीला में बुधवार रात किया गया लीला के मंचन को देखने भारी संख्या में लीला प्रेमी मौजूद रहे। लीला में सुमंत का अयोध्या आगमन और पुत्र श्री राम के वियोग में दशरथ जी के द्वारा प्राण त्यागने का मंचन देख लीला प्रेमियों कि आंखे नम हो गई और इसके साथ ही भरत आगमन, दशरथ क्रिया, निषाद दरबार, भरत मनावन आदि का मंचन किया गया। रामलीला देखने के नियमित लीला प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लीला को सकुशल संपन्न कराने में डायरेक्टर, अविनाश अग्रवाल, समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, महामंत्री संजय साहू, चंद्रहास गुप्ता, श्याम सुंदर शाह, रामआसरे दास, रमाशंकर पांडेय, महेन्द्र साहू, वैकटेश्वर पांडेय, पवन जायसवाल, अमित कुमार गुप्ता, बृजनंदन कुशवाहा, राजू गुप्ता, अनील आदि रहे।

## जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई जयंती

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। वर्तमान मे भारतीय जनता पार्टी देश की एक मात्र राजनैतिक संगठन के रूप मे उभरकर सामने आयी है ऐसी पार्टी के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल के नेतृत्व में दुर्गा मंदिर प्रांगण में मनाई गई।
इस अवसर पर अग्निकार 2025 योजना के अन्तर्गत नगर में स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में पीएम आवास मेला शहरी का एक बैठक भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के माध्यम सम्मानित नगर वासियों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये गए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया ततपश्चात सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मन्दिर को स्वच्छ भारत व स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत श्रमदान भी किया।
इस दौरान अधिशासी अधिकारी अनुज भारती आकांक्षी योजना प्रभारी अदित्य चौधरी डीपीएम अधिकारी चन्द्रप्रकाश गौतम सहित सम्मानित सभासद व नगर की जनता मौजूद रही।

# राजकीय महाविद्यालय में स्वच्छोत्सव व मिशन कर्मयोगी पर गोष्ठी आयोजित

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

**एकात्म मानववाद की विचारधारा समरस समाज के लिए प्रासंगिक : डॉ. दीपक कुमार सिंह**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा अभियान एवं राज्य शिक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं मिशन कर्मयोगी पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला के नेतृत्व में प्रातः 8 बजे समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान एक दिन एक घण्टे एक साथ के अन्तर्गत महाविद्यालय परिसर में श्रमदान एवं साफ-सफाई किया गया।

इसी क्रम में मिशन कर्मयोगी पर गोष्ठी का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगियों के लिए यह एक नवाचारी प्लेटफार्म है जिससे हमें निरन्तर सीखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 दीपक कुमार सिंह ने वर्तमान सन्दर्भ में एकात्म मानववाद की विचारधारा को समरस समाज के लिए प्रासंगिक बताया। डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति, डॉ0 रजनीश, डॉ0 नलिनी सिंह, डॉ0 रीता मिश्रा तथा डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ने कोर्स अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ0 दीप नारायण, धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ0 अरुणेश कुमार ने किया। इसी क्रम में सघन एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं परीक्षण किया गया, जिसमे डॉ. अमित और अखिलेश सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग उपस्थित थे।

इस अवसर पर डॉ0 भास्कर द्विवेदी, डॉ0 अरविन्द कुमार, डॉ0 अदिती सिंह, डॉ0 शिखा तिवारी, डॉ0 मंजुला शुक्ला, डॉ0 गुरु प्रसाद, डॉ0 चन्दन द्विवेदी, डॉ0 शिव कुमार, डॉ0 अमित यादव, धर्मचन्द्र, धर्मेन्द्र सिंह, डॉ0 रामानन्द पुजारी, रामकेश सोनकर, कमलेश शुक्ला, जय प्रकाश सिंह, पारस नाथ सिंह, संतोष, अंजली दूबे, प्रियांशी पाण्डेय, अभय यादव, अंजली वाल्मीकि के साथ ही अच्छी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा में डीएम ने लगाई फटकार

**ब्लैक लिस्ट की लटकी तलवार**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत संचालित विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम आतिफ हुसैन ने बैठक में परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

समीक्षा में बताया गया कि फेज-2 में जेएमसी की कुल 341 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनसे 446 ग्राम पंचायतें आच्छादित हैं। इसी प्रकार फेज-3 में कोया की 205 परियोजनाएं हैं, जिनसे 345 ग्राम पंचायतें जुड़ी हुई हैं। वहीं, रिथविक की 174 परियोजनाओं से 302 ग्राम पंचायतों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने तीनों कार्यदाई संस्थाओं से ट्यूबवेल, ओएचटी, पंप हाउस निर्माण और अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने रिथविक और कोया की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और रिथविक पर आधा प्रतिशत यानि करोड़ो का एलडी चार्ज लगाने का निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि आगामी समय में प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं दिखा, तो ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति को गति दी जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने अगले एक माह के लिए लक्ष्य तय करते हुए तीनों एजेंसियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूरा करने के आदेश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पूर्ण हो चुकी टंकियों की सेफ्टी ऑडिट आईआईटी या एमएनआईटी के विशेषज्ञों से कराने का निर्देश भी दिया। वहीं, ड्रिलिंग, हाइड्रो टेस्टिंग, बाउंड्री वाल निर्माण और सड़क अनुरक्षण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने पर भी बल दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं में जल्द से जल्द नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर जल निगम के अधिशासी अभियंता आतिफ हुसैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौ-सदन मदनपुरा में घोर लापरवाही



**मृत व बीमार गायों के कंकाल देख मचा हंगामा, जांच कराकर कार्रवाई करने का डीएम ने दिया आश्वासन**

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

निचलौल तहसील क्षेत्र के ग्राम मदनपुरा स्थित गौ सदन में गुरुवार सुबह करीब 10 बजे दुर्व्यवस्था का भयंकर मंजर देखने को मिला। गौ रक्षक दल और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जब गेट खोला और अंदर गए, तो वहां का दृश्य देख सभी के होश उड़ गए। गौ सदन में दो दिन से एक गाय मृत पड़ी थी, जिसका शव सड़ चुका था और उस पर कौवे बैठे हुए थे। वहीं पास में दो अन्य गायें मरणासन्न अवस्था में पड़ी थीं, जिन्हें कोई इलाज नहीं दे रहा था। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गौ सेवा के नाम पर नियुक्त कर्मचारियों ने चारे और अन्य सामग्रियों का निजी उपयोग कर लिया और गायों को भूखा-प्यासा छोड़ दिया।

**परिसर में घुटने तक भरा पानी:-** गोशाला के बाड़े में सड़ा हुआ चारा और फैला हुआ गोबर दुर्दशा की कहानी बयान कर रहा था। परिसर में घुटने तक पानी भरा था, जिसमें बीमार गाय खड़ी थी। कार्यकर्ताओं ने बताया कि परिसर में गायों का कंकाल भी पड़ा था, जो लंबे समय से देखरेख न होने का सबूत है। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम सिद्धार्थ गुप्ता, तहसीलदार अमित सिंह और बीडीओ मिठौरा राहुल सागर।

बजरंग दल के कार्यकर्ता शत्रुघ्न कसौधन, आलोक तिवारी, गोरक्ष प्रांत अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। गायों के इस दुर्दशा से जनपद में हंगामा बरपा हुआ है। इस पूरे मामले में जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा से बातचीत के दौरान बताया कि हमने एसडीएम निचलौल को बोला है। जांच और पोस्टमार्टम कराई जा रही है जो भी दोषी होगा कार्यवाही की जाएगी।

**जिम्मेदार अधिकारियों पर होगी कार्रवाई**

गौ रक्षक दल ने दोषी कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई और बीमार गायों के तत्काल इलाज की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी और बीमार गायों का तुरंत उपचार किया जाएगा।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।



वोट चोर गद्दी छोड़ के क्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने विशेष रूप से अधिवक्ता साथियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि अब वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा व्यापक रूप से जन अभियान बन गया है और राहुल गांधी लोगो के बीच में परिवर्तन के वाहक जन नायक बनकर उभरे हैं।

कार्यक्रम को पूर्व महासचिव/जिला अध्यक्ष त्रिभुवन मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष झिनकू चौधरी और जिला उपाध्यक्ष डॉ राम नारायण चौरसिया ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं और किसानों मजदूरों के प्रति आभार व्यक्त किया और हस्ताक्षर अभियान को गांव गली तक ले जाने की अपील भी की है। हस्ताक्षर अभियान की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने किया और कुशल संचालन जिला उपाध्यक्ष राजन शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव चंदन तिवारी एवं कुंज बिहारी निषाद, जिला सचिव अमर नाथ ब्लॉक अध्यक्ष गण प्रमोद कुमार पासवान, मोहम्मद हारून, एवं आलोक कुमार यादव, सोमई यादव, बुद्धिराम यादव, मोहन मौर्य, बबलू शर्मा, दशरथ चौधरी, लक्ष्मी शंकर यादव, अनवर उर्फ लंबू, परमात्मा सिंह एडवोकेट, सरोज मिश्र एडवोकेट, संजय मिश्र एडवोकेट, पारस चौरसिया, पिंटू भारती, शहाबुद्दीन, मनोज कुमार सुभाष शर्मा, राम चंद्र साहनी, सहित सैकड़ों लोगों ने अभियान में भाग लिया और हस्ताक्षर किए।

# रामलीला के सजीव मंचन ने मोहा मन

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज। प्राचीन रामलीला समिति सीखड़ के तत्वावधान में रामलीला छठे दिवस के लीला का सजीव मंचन प्राचीन हनुमान मंदिर पर किया गया। चित्रकूट में भईया भरत गुरु वशिष्ठ के साथ भगवान श्री राम को वापस अयोध्या चलने का मंचन किया गया।
विठ्ठलपुर गांव के विठलेश्वर भगवान के मंदिर पर भाई भरत शत्रुघ्न गुरु वशिष्ठ तथा अयोध्या के नर नारी के लाख मनाने के बाद भी राम अयोध्या जाने के लिए तैयार नहीं हुए तब भाई भरत भगवान राम के चरण पादुका लेकर अयोध्या के लिए निकल गए का सजीव मंचन हुआ जिसे लीला प्रेमी देख भाव विभोर हो गए। इस दौरान व्यास धैर्य नारायण मिश्र, श्रृंगारिया रिंकू मिश्रा, प्राचीन रामलीला समिति के अध्यक्ष मुकेश पांडेय सौरभ, प्रबंधक अभय शंकर चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाठक, कोषाध्यक्ष योगेश्वर त्रिपाठी, मंत्री गुड्डू पांडेय, धनेश मिश्रा ,मिन्टू त्रिपाठी ,शर्मा पांडेय, पंकज शुक्ला, कल्लू पाठक, मुकेश त्रिपाठी, रत्नेश त्रिपाठी, राजन पाठक, बच्चन ब्यास, अवनीश मास्टर, अजीत दीपू पांडेय, बेटू मिश्रा, गणेश पांडेय, विकीं शर्मा, अंशुमान, अमन, अभिषेक, शिवम्, शुभम् पांडेय, मृत्युंजय मिश्रा, शुभम दुबे, अंशू मिश्रा, नदीश पांडेय, रामकुमार शुक्ला, सभाशंकर मिश्र, सचिदानंद मिश्रा, नरेश त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, अश्विनी राज महेश पांडेय, सूरज मौर्य, घरवारू मिश्रा, छोटकउ पांडेय, लाल पांडेय, शहनाई वादक बाके लाल बनारसी सिंह सहित सैकड़ों संख्या में मेला प्रेमी उपस्थित रहे।

# खो-खो में प्रतियोगिता में महराजगंज इंटर कालेज का रहा दबदबा

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

माध्यामिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन जेएलएनएस पीजी कालेज में आयोजित हुआ। संयोजक महराजगंज इंटर कालेज महराजगंज के प्रधानाचार्य डा. सुजीत कुमार चौधरी व क्रीडाध्यक्ष वीरन प्रसाद की देखरेख में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।बीमहराजगंज इंटर कालेज की टीम का दबदबा रहा।

प्रतियोगिता में बालक व बालिका अंडर 19 व अंडर 14 की कुल 19 टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार मिश्र व विशिष्ट अतिथि गणेश शंकर स्मारक इंटर कालेज के प्रधानानार्य धनजय सिंह ने शुभारंभ किया, संचालन कुमुद रंजन सिंह ने किया। फाइनल मैच के अन्डर-14 बालक वर्ग में महराजगंज इंटर कालेज महराजगंज विजेता तथा पनियरा इंटर कालेज पनियरा उपविजेता रहा। वहीं बालिका वर्ग में महराजगंज इंटर कालेज महराजगंज की टीम विजेता रही।

अंडर 17 बालिका वर्ग में पनियरा इंटर कालेज पनियरा विजेता व महराजगंज इंटर कालेज महराजगंज की टीम उप विजेता रही। बालक वर्ग में दिग्विजय नाथ इंटर कालेज चौक की टीम विजेता व महराजगंज इंटर कालेज महराजगंज की टीम उप विजेता रही। अंडर 19 बालिका वर्ग में राष्ट्रीय इंटर कालेज बाली की टीम विजेता व महराजगंज इंटर कालेज महराजगंज की टीम उप विजेता रही। बालक वर्ग में दिग्विजय नाथ इंटर कालेज चौक की टीम विजेता तथा गणेश शंकर स्मारक इंटर कालेज की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के समापन सत्र में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा व विशिष्ट अतिथि माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासंघ के प्रदेश महासचिव व प्रधानाचार्य आफताब आलम खा रहे। इस दौरान दिवाकर सिंह,धर्मेन्द्र,सतीश पटेल, मो.अमीन, अरुण पांडेय, विनय गुप्ता, अजय कुमार, चन्दन कुमार, संदीप राय, मनमोहन शर्मा, राम ललित, रामनरायन, श्रीभूषण त्रिपाठी, राम बहाल सिंह, विवेक मिश्र, मनोर कुमार, आलोक चन्द्र मिश्र, राजीव रंजन, आदित्यनाथ शुक्ल, व राघवेंद्र मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## प्रतापगढ़ पुलिस ने पांच करोड़ रुपये की एमडी ड्रग पकड़ी



प्रतापगढ, समृद्धि न्यूज़। अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जिले में चलाए जा रहे अपराध मुक्त अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता उस समय मिली, जब चेकिंग अभियान में दो संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। उनके पास से आधा किग्रा एमडी ड्रग मिला। पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई ड्रग की अनुमानित कीमत 5 करोड़ रूपये है। सीओ पट्टी मनोज रघुवंशी, आसपुर देवसरा थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह के मुताबिक दोनों ड्रग तस्कर पहले से ड्रग सप्लाई में लिप्त हैं और जिले से बाहर भी ड्रग सप्लाई करते हैं। दोनों के अलावा भी लिप्त होने की जानकारी प्राप्त हुई है जिनके आधार पर आगे की जांच की जा रही है।

# स्वच्छता को बनाना होगा जीवन का अंग : भुवनेश्वर नाथ

महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।




लाल बहादुर शास्त्री स्मारक पी.जी.कॉलेज आनन्दनगर, महराजगंज के राष्ट्रीय सेवा योजना और कृषक भारती सरकारी लिमिटेड (कृभको) महराजगंज के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा है-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि भुवनेश्वर नाथ पाण्डेय, पर्यावरणविद एवं कृषि वैज्ञानिक ने मंच को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष का स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम का थीम स्वच्छोत्सव है, जो उत्सव की भावना को स्वच्छता की जिम्मेदारी के साथ जोड़ता है। यह अभियान स्वेच्छा सेवा, सामूहिक कार्यवाही और जन भागीदारी द्वारा ही सफल बनाया जा सकता है द्य इसमें प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति स्वयं से शुरुआत करना होगा उसके बाद परिवार, गली-मोहल्ले एवं कार्यस्थल पर भी लोगों को स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक करना होगा।

क्षेत्रीय अधिकारी कृभको महराजगंज रविप्रकाश यादव ने कहा की स्वच्छता के द्वारा ही किसी भी राष्ट्र की पहचान होती है, स्वस्थ राष्ट्र पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाता है। केंद्र प्रभारी कृभको आनंदनगर के आर.एन. सिंह ने भी स्वच्छता ही सेवा है पर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राम पाण्डेय ने कहा कि स्वच्छता का कार्य एक व्यक्ति द्वारा न होकर सामूहिक प्रयास से ही लोगों को जागरूक किया जा सकता है। संक्रामक बीमारिया गंदगी द्वारा ही फैलता है, इसके लिए अपने मन की स्वच्छता के साथ-साथ शरीर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा कि यदि भारत को वर्ष 2047 में विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है तो हमें आज ही से स्वच्छ भारत का संकल्प लेना पड़ेगा तभी जाकर हम अपने मुकाम को हासिल कर पाएंगे। मंच का संचालन डॉ. बाल गोविन्द मौर्य ने किया।

इस अवसर पर डॉ.शिव प्रताप सिंह, डॉ.अजीत सिंह, डॉ.बृजेश कुमार वर्मा, उमेश चंद्र तिवारी, डॉ.चंद्र प्रकाश, डॉ.जितेंद्र प्रसाद, डॉ.डी.के.चौबे, डॉ.बी.के. मालवीय, भागीरथी भट्ट, दिनेश भट्ट, आशीष सिंह, राकेश मिश्रा सुधीर कुमार मिश्रा अरविंद सिंह सहित महाविद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षक इतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।